CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गणितीय परिभाषा

(१) वैज्ञानिक शब्दावली

वैज्ञानिक साहित्य

यह बात तो अब प्रायः सभी विद्या विशारदों ने मान ली है कि इस देश में विज्ञान का विकास तब तक नहीं हो सकता जब तक हमारे विद्यालयों में शिक्षा का माध्यम देशी भाषायें न हो जायँ। इस हेतु हमें सब से पहले देशी भाषाओं में, विशेष कर राष्ट्र भाषा हिन्दी में, वैज्ञानिक साहित्य तैयार करना होगा। अभी तक हिन्दी में वैज्ञानिक साहित्य का अभाव ही रहा है। इस दिशा में छोटे मोटे उद्योग तो कई स्थानों पर हुए हैं परन्तु यदि उन उद्योगों की पश्चिम की किसी भी सम्पन्न भाषा के वैज्ञानिक साहित्य से तुलना की जाय तो वह उद्योग नगण्य ही दिखायी देंगे। यह कहना अधिक उपयुक्त होगा कि दोनों की तुलना हो ही नहीं सकती क्योंकि बाहुल्य और शून्य में कोई समानता नहीं है।

इस परिस्थिति के कई कारण हैं। एक प्रत्यक्ष कारण तो यह है ही कि अभी तक हमारे देशमें शिक्षा का माध्यम एक विदेशी भाषा रही है। जब कभी शिक्षा के माध्यम का प्रश्न उठाया जाता था, हमें यह टकसाली उत्तर दिया जाता था कि शिक्षा का माध्यम हिन्दी कैसे हो सकती है जब हिन्दी मे वैज्ञानिक और पारिभाषिक विषयों का साहित्य ही उपलब्ध नहीं है। यह कितना लचर बहाना है। यह तो ऐसाही है जैसे कोई यह कहे कि "मैं तब तक नदी में पैर नहीं रखूँगा जब तक मुझे तैरना न आ जाय।" वैज्ञानिक अथवा पारिभाषिक विषयों की पुस्तकें आकाश से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नहीं टपका करतीं। प्रकाशक उसी प्रकार की पुस्तकें प्रकाशित करते हैं जिसकी माँग हो। जब तक हिन्दी शिक्षा का माध्यम न हो जायेगी तब तक वैज्ञानिक विषयों की हिन्दी पुस्तकों की माँग ही बाजार में उत्पन्न नहीं होगी। हिन्दी में वैज्ञानिक साहित्य का सृजन हिदी को शिक्षा का माध्यम बनाने का परिणाम होगा न कि कारण। परन्तु अब तो देश की बागडोर हमारे ही हाथों में आ गई है। परिणाम स्वरूप देश की कई प्रान्तीय सरकारों ने इस दिशा में पग बढ़ाया है। इसमें तनिक भी सन्देह नहीं कि आज से कुछ ही वर्षों में हिन्दी में वैज्ञानिक और पारिभाषिक विषयों की पुस्तकें प्रचुर मात्रा में तैयार हो जायेंगी।

वैज्ञानिक शब्दावली

हिन्दी में वैज्ञानिक साहित्य के अभाव का दूसरा कारण यह है कि अभी तक हिन्दी में वैज्ञानिक शब्दावली बन नहीं पायी है। पिछले ६० वर्षों में इस दिशा में थोड़े बहुत छिट फुट प्रयत्न होते रहे हैं। परन्तु अभी तक हमारी शब्दावली न प्रचुर है न उपयुक्त न सम्पूर्ण। मैं यह मानता हूँ कि यह एक वास्तविक कठिनाई है जिसके कारण हमारे वैज्ञानिक साहित्य की गाड़ी रुकी पड़ी हैं। शब्दावली निर्माण का कार्य जितना महत्वपूर्ण है उतना ही कठिन; दूर से देखने में जितना सुगम है, वास्तव में उतना ही कण्टकाकीर्ण। यह कार्य ऐसा नहीं है जिसे कोई एक दो या दो चार व्यक्ति मिलकर एक दो वर्ष में भी पूरा कर सकें। इस कार्य के लिए एक विस्तृत आयोजन चाहिए। एक सार्वदेशिक आधिकारिक संस्था बनाई जाय जिसमें प्रत्येक वैज्ञानिक विषय के दो दो चार चार विशेषज्ञ रक्खे जायँ जो अपना पूर्ण समय इसी कार्य को दें। इस संस्था में प्रचुर संख्या में हिन्दी और संस्कृत के विद्वान मनोनीत किए जायँ। इसके अतिरिक्त संस्था को पर्याप्त मात्रा में सहायक, लिपिक (क्लर्क) और अन्य कर्मचारीगण दिए जायँ। संस्था को द्रव्य और अन्य साधनों की कोई कमी न हो। यह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कार्य लाख दो लाख रुपये में नहीं हो सकता। इसके लिए प्रचुर मात्रा में धन चाहिए। जब इस प्रकार की संस्था बने और उसे पूरे साधन उपलब्ध हों तब यह आशा की जा सकती है कि सारे वैज्ञानिक विषयों की एक प्रामाणिक हिन्दी शब्दावली १० वर्ष में तैयार हो जाय। यह विषय बड़ा महत्वपूर्ण है और मैं स्वयं भी कई वर्ष से इसी दिशा में अपनी तुच्छ क्षमता के अनुसार कार्य कर रहा हूँ। अतएव इसी विषय पर इस लेख में मैं अपने बिचार विस्तारपूर्वक व्यक्त करना चाहता हूँ।

शब्दावली की आवश्यकता

कुछ लोगों का मत है कि हिन्दी में वैज्ञानिक शब्दावली बनाने की आवश्यकता ही क्या है ? इन लोगों के विचार में अग्रेज़ी की वैज्ञानिक शब्दावली अन्ताराष्ट्रीय रूप धारण करती जा रही है। क्यों न हम उसीको अपना लें। यदि हम अपनी एक नई शब्दावली बनाने का प्रयास करेंगे तो देश की बहुत सी शक्ति उस कार्य में लग जायगी। क्यों न इस शक्ति को बचा लिया जाय और रचनात्मक कार्य में लगाया जाय। दूसरी बात यह है कि हमारे विद्यार्थियों और अध्यापकों को, जो अंग्रेज़ी शब्दावली के अभ्यस्त हैं, एक नई शब्दावली सीखनी पड़ेगी जो उनके मस्तिष्कों पर मृतभार हो जायगी। हिन्दी शब्दावली के निर्माण से तीसरी हानि इन लोगों के विचार में यह होगी कि हम लोग वैज्ञानिक दौड़ में पश्चिम से पीछे रह जायँगे। यदि हम लोग दस बीस वर्ष शब्दावली के बनाने में लगा देंगे तो आज का विज्ञान दस बीस वर्ष आगे बढ़ जायगा। जब तक हम विज्ञान की नयी खोजों से सम्बद्ध नए शब्दों के लिए हिन्दी पर्याय निर्माण करेंगे तब तक वैज्ञानिक विषय दस बीस वर्ष और आगे बढ़ जायेंगे। वैज्ञानिक ज्ञान के साथ साथ हम कभी चल ही न सकेंगे। पश्चिमी देशों के वैज्ञानिकों से हमारा सम्पर्क टूट जायगा और हम कूप मण्डूक बन जायेंगे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मुझे इस प्रकार के तर्कों में तनिक भी तथ्य दिखाई नहीं देता। मेरी तो निश्चित धारणा है कि ऐसे तर्क अधिकतर वही लोग उपस्थित करते हैं जिन्होंने शब्दावली की समस्या पर तनिक भी समय न लगाया हो। मुझे विश्वास है कि जो कोई व्यक्ति भी व्यावहारिक रूप से इस प्रश्न पर विचार करेगा वह इसी निष्कर्ष पर पहुँचेगा कि अंग्रेज़ी की शब्दावली से हमारा कार्य एक दिन भी नहीं चल सकता। उदाहरणार्थ मैं दो एक वाक्य रसायन से लेता हूँ—*

Ethyl alcohol occurs naturally in the form of its *esters* with *organic acids* in many *essential* oils and fruits.

यदि इस वाक्य में हम पारिभाषिक शब्दों को ज्यूँ का त्यूँ रहने दें तो इसका अनुवाद इस प्रकार होगा:—

Ethyl alcohol प्रकृति में esters के रूप में बहुत से essential तेलो और फलों में organic acids के साथ पाया जाता है।

पाठक कहेंगे कि मैं कदाचित वाक्य को जानबूझ कर बिगाड़ रहा हूँ। परन्तु मैं कहता हूँ कि मैं वाक्य को यथा साध्य सँभालने का उद्योग कर रहा हूँ। इस वाक्य में मैंने केवल उच्च पारिभाषिक शब्दों को ही अंग्रेज़ी रूप में रक्खा है। शेष शब्दों में कई ऐसे हैं जो अर्धपारिभाषिक कहे जा सकते हैं। यदि उन्हें भी ज्यूँ का त्यूँ रखा जाय तो अनुवाद इस प्रकार होगा:—

Ethyl alcohol प्रकृति में esters के form में बहुत से essential oils और fruits में Organic acids के साथ पाया जाता है।

---

* मेरी समझ में हम को अंग्रेज़ी शब्द भी नागरी लिपि में ही लिखने चाहिये परन्तु इस विशिष्ट प्रसङ्ग में रोमन लिपि में ही लिखना वांछनीय दिखाई देता है। यह बात आगे चलकर स्पष्ट हो जायगी।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मैं अपना तात्पर्य स्पष्ट करने के लिए एक वाक्य और लेता हूँ।

The *aqueous* layer which still contains *acetone* and other impurities is mixed with powdered *anhydrous calcium chloride* whereby a *crystalline compound* of the composition $Ca\ Cl_2\ 4CH_3\ OH$ separates out.

इस वाक्य में भी यदि तिरछे लिखे हुये शब्दों को ही ज्यूँ का त्यूँ रखा जाय तो इसका अनुवाद इस प्रकार होगा—

Aqueous परत में, जिसमें अब भी Acetone और अन्य अशुद्धियाँ विद्यमान हैं, पिसा हुआ Anhydrous Calcium Chloride मिला दिया जाता है जिससे एक Crystalline Compound जिसकी रचना $\mathrm{Ca\ Cl_2\ 4CH_3\ OH}$ है, अलग हो जाता है।

इस वाक्य में भी कई शब्द और भी ऐसे हैं जो वास्तव में पारिभाषिक हैं—जैसे—

Layer, impurities, mixed, powdered, composition.

यदि इन शब्दों को भी ज्यूँ का त्यूँ रखा जाय तो हमारा हिन्दी अनुवाद और भी भद्दा हो जायगा।

अब तनिक इन दोनों वाक्यों के यथाकथित हिन्दी अनुवादों पर विचार कीजिए। क्या इस ढंग की भाषा से कभी भी हमारे वैज्ञानिक साहित्य की आवश्यकताओं की पूर्ति हो सकती है : पहला प्रश्न तो मैं इस ढंग की भाषा के समर्थकों से यह करना चाहता हूँ कि "आप लोग अंग्रेजी के पारिभाषिक शब्द रोमन लिपि में ही अपनाना चाहते हैं या उन्हें नागरी लिपि में लिखेंगे।" यदि रोमन लिपि में ही अपनायेंगे तो इसका अर्थ यह होगा कि हमारे विद्यार्थियों को नागरी लिपि के अतिरिक्त एक अन्य लिपि सदैव सीखनी होगी। तनिक सोचिए कि हमारे भविष्य के विद्यार्थियों

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

के मस्तिष्क पर कितना अनावश्यक बोझ यह लोग डालना चाहते हैं। इसके अतिरिक्त हमारे मुद्रणालयों में सदैव रोमन लिपि की मुद्रायें भी रखनी पड़ेंगी। हिन्दी की छपाई तो यूँ ही कठिन है। एक बड़ी भारी कठिनाई यह और बढ़ जायगी। बहुत से कार्यालयों में हिन्दी मुद्रलिख (टाइपराइटर) के अतिरिक्त अंग्रेजी मुद्रलिख भी रखने पड़ेंगे। प्रेस के कम्पोज़िटरों और कार्यालयों के बहुत से क्लर्कों को दोनों लिपियाँ सीखनी पड़ेंगी। इसमें देश की धन, जन शक्ति का कितना ह्रास होगा, कदाचित इसका अनुमान इन लोगों ने नहीं लगाया है।

अब मान लीजिए कि हम अंग्रेज़ी के पारिभाषिक शब्द नागरी लिपि में लिखना स्वीकार कर लें तो उपरिलिखित दूसरा वाक्य इस प्रकार का हो जायगा—

एक्वियस परत में, जिसमें अब भी ऐसीटोन और अन्य अशुद्धियाँ विद्यमान हैं, पिसा हुआ ऐन्हाइड्रस कैल्शियम क्लोराइड मिला दिया जाता है, जिससे एक क्रिस्टैलाइन कम्पाउण्ड, जिसकी रचना सी-ए सी-एल २ ४ सी एच३ ओ एच है, अलग हो जाता है।

इस ढंग की भाषा हमारे भविष्य के कितने विद्यार्थियों के गले के नीचे उतर सकेगी? एक ऐसे विद्यार्थी को जो रोमन लिपि और अंग्रेज़ी भाषा नहीं जानता, हम किस प्रकार समझायेंगे कि सी-ए का क्या अर्थ हुआ और सी-एल का क्या अर्थ हुआ। यदि हम विद्यार्थियों को नागरी लिपि में ही रोमन वर्णमाला का ज्ञान भी करादें तो भी यह तथ्य उसे कैसे हृद-यंगम होगा कि सी–ए का अर्थ है 'कैल्शियम' और सी–एल २ का अर्थ है 'क्लोरीन'। एक बात और भी है। आज हमारे विद्यार्थी इण्टरमीजियेट तक अंग्रेज़ी भाषा का पर्याप्त ज्ञान प्राप्त करके उच्च वैज्ञानिक विषयों में पदार्पण करते हैं, तो भी वैज्ञानिक विषयों के सहस्त्रों नहीं लाखों पारिभाषिक शब्द ऐसे हैं जिनका मूल वह लोग समझ नहीं पाते। अंग्रेज़ी की वैज्ञानिक शब्दावली के अधिकांश शब्द लैटिन और ग्रीक से लिए गए हैं। यही

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कारण है कि ये शब्द अंग्रेज़ी भाषियों को भी अपरिचित लगते हैं। अपने परिचितों में से प्राणिकी (ज़ूओलोजी) के किसी एम. एस-सी के विद्यार्थी अथवा किसी अध्यापक को ही पकड़ लीजिए और उससे पूछिये कि कितने प्रकार के प्राणि परिवारों के पारिभाषिक नाम उनको याद हैं। मुझे विश्वास है कि ऐसे शब्दों की संख्या ५ प्रतिशत भी न निकलेगी। फिर उससे यह पूछिए कि जो शब्द उसको स्मरण भी हैं उनमें से कितने ऐसे हैं जिनके मूल और उत्पत्ति वह समझता है। ऐसे शब्द और भी कम निकलेंगे। जब आज यह दशा है तो भविष्य में, जब हमारे विद्यार्थी सारी वैज्ञानिक शिक्षा हिन्दी में प्राप्त करेंगे और उनका अंग्रेज़ी भाषा का ज्ञान बहुत कम अथवा नगण्य होगा, तब उनके शब्दावली सम्बन्धी ज्ञान की क्या दशा होगी, इसका अनुमान सहज ही में लगाया जा सकता है।

मैं एक छोटा सा उदाहरण लेता हूँ। एक कहार, एक नाई और एक धोबी के बच्चे को लीजिए, और उन तीनों को निम्नलिखित तीन शब्द बताइए—

ट्रायङ्गिल, हाइड्रोजन, प्वाइण्ट

और फिर इन्हीं तीनों के हिन्दी पर्याय

त्रिभुज, उदजन, बिन्दु

बताइए। अगले दिन देखिये कि उन बच्चों को हिन्दी शब्द अधिक याद हैं या अंग्रेज़ी शब्द। मुझे पूरा विश्वास है कि उन तीनों को, चाहे वह सर्वथा अशिक्षित हों, हिन्दी शब्द ही अधिक याद होंगे। और जब हमारे विद्यार्थी हिन्दी शिक्षा-प्राप्त होंगे और अंग्रेज़ी से अपेक्षाकृत अनभिज्ञ होंगे तब तो उनकी हिन्दी और अंग्रेज़ी शब्द-ग्रहण-शक्ति में आकाश पाताल का अन्तर पड़ जायगा। एक हिन्दी का विद्यार्थी 'त्रिभुज' का अर्थ जानने से पहले भी 'त्रिभुज' शब्द से सर्वथा अपरचित नहीं होगा। क्योंकि वह जानता है कि 'त्रि' का क्या अर्थ है और 'भुज' का क्या अर्थ है। यदि उसने 'उदजन' शब्द पहले न भी सुना हो तो भी 'उद' और 'जन' के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उच्चारण से वह सर्वथा अपरचित नहीं है । क्योंकि वह हिन्दी के बहुत शब्दों में इस प्रकार के उच्चारणों का प्रयोग कर चुका है जैसे 'उदास' और 'राजन' में। परन्तु Hydro और gen के उच्चारण से वह सर्वथा अपरिचित है । अतएव अंग्रेज़ी शब्दोंकी अपेक्षा हिन्दी शब्द उसे अधिक सुगम, बोधगम्य और ग्राह्य होंगे ।

अब मैं दूसरे तर्क पर आता हूँ। यह कहना तथ्यहीन है कि हमारे विद्यार्थी और अध्यापक अंग्रेज़ी शब्दावली तो पढ़ ही चुके हैं। उनके ऊपर एक दूसरी शब्दावली का बोझ क्यों डाला जाय! प्रश्न केवल विद्यार्थियों और अध्यापकों की वर्तमान पीढ़ी का ही नहीं है। प्रश्न भविष्य की असंख्य पीढ़ियों का है। किसी राष्ट्र के इतिहास में एक या दो पीढ़ियों का महत्व नगण्य है। यदि हम किसी उपाय से आगामी पीढ़ियों का मार्ग सरल और प्रशस्त कर सकें तो क्यों न करदें? यदि इस उद्योग में वर्तनान पीढ़ी को असाधारण भार उठाना पड़े तो कोई चिन्ता नहीं। जो लोग परिवर्तन काल में रहते हैं, उन्हें तो थोड़ा बहुत असाधारण कष्ट झेलना ही पड़ता है। अतएव इस तर्क को तो मैं यहीं छोड़े देता हूँ।

अब प्रश्न रह गया अन्ताराष्ट्रीय सम्पर्क का। सारे देश के निवासियों में से कितने ऐसे हैं जो विश्वविद्यालयों की उच्च शिक्षा प्राप्त करते हैं। इन उच्चशिक्षा-प्राप्त मनुष्यों में से भी कितने ऐसे हैं जो उच्चतम उपाधि प्राप्त करके अनुसन्धान कार्य करते हैं। किसी भी देश में ऐसे अनुसन्धानकर्त्ताओं की संख्या पूरे देश की जन-संख्या का एक प्रतिशत भाग भी न होगी। इन थोड़े से व्यक्तियों को ही अन्य राष्ट्रों के वैज्ञानिक साहित्य के अध्ययन की आवश्यकता पड़ती है। क्या हम इन १ प्रतिशत व्यक्तियों के कारण देश के ९९ प्रतिशत निवासियों पर एक जटिल विदेशी भाषा की दुरूह वैज्ञानिक शब्दावली लाद दें? यह कहाँ की बुद्धिमानी होगी। देश की शिक्षा नीति ९९ प्रतिशत जनता की सुविधा पर आधारित होनी चाहिए, न कि १ प्रतिशत की।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एक बात और भी ध्यान देने योग्य है। हमारे अनुसन्धान छात्रों का कार्य आजकल भी केवल अंग्रेज़ी से नहीं चलता। उनमें से बहुतों को फ्रेंच और जर्मन पढ़नी पड़ती है। और देश के कुछ वैज्ञानिक रशन और इटैलियन का भी अध्ययन करते हैं, और विज्ञान के अनुसन्धान छात्रों के लिए कई यूरोपीय भाषाओं का अध्ययन आवश्यक बताते हैं। भविष्य में इस स्थिति में थोड़ा सा ही अन्तर पड़ेगा। हमारे गवेषणा छात्रों को जैसे आज फ्रेञ्च और जर्मन पढ़नी पड़ती है, वैसे ही अंग्रेज़ी भी पढ़नी पड़ेगी। इसके अतिरिक्त हम यह तो नहीं कहते कि अंग्रेज़ी को देश से बोरिया बँधना निकालकर बाहर फेंक दिया जायगा। हमारे देश की उच्च शिक्षा में अंग्रेज़ी का कोई न कोई स्थान अवश्य ही रहेगा, चाहे अनिवार्य रूप में अथवा वैकल्पिक रूप में। यदि हम चाहें तो यह नियम बना सकते हैं कि उन्हीं छात्रों को गवेषणा करने की अनुज्ञा दीजायगी जो कालिज की कक्षायें अंग्रेज़ी लेकर पास करेंगे। इस प्रकार ऐसे छात्रों की आवश्यकता की पूर्ति हो जायेगी और देश की साधारण जनता पर इसके कारण कोई अनावश्यक बोझ भी नहीं पड़ेगा।

शब्दावली का इतिहास

जहाँ तक मुझे पता है एक भारतीय भाषा में वैज्ञानिक साहित्य निर्माण करने का प्रथम प्रयास सन् १८८८ में बड़ौदा में हुआ था। महाराजा सयाजीराव गायक्वाड़ ने इस कार्य के लिए ५०००) का दान दिया था। कला-भवन, बड़ौदा के कार्यकर्त्ता प्रो० गज्जर ने कई वर्ष यह कार्य किया और कुछ पुस्तकें भी प्रकाशित कीं। परन्तु, जैसा उन्होंने कला-भवन के वार्षिक विवरणों में स्वीकार किया है, भारतीय भाषाओं में पारिभाषिक शब्दों के अभाव के कारण उस संस्था की गाड़ी ठप होगई। उन्होंने भारतीय भाषाओं में एक शब्द-कोष बनाने का उद्योग भी किया परन्तु उसमें उन्हें विशेष सफलता नहीं मिली।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वैज्ञानिक शब्दावली सम्बन्धी दूसरा प्रयोग कलकत्ते के बंगीय साहित्य परिषद ने किया। इस संस्था ने रसायन, भूगोल और खगोल की शब्द-सूचियाँ प्रकाशित कीं परन्तु थोड़े ही समय पश्चात् इस संस्था का कार्य मन्द पड़ गया और इस प्रकार शब्दावली सम्बन्धी प्रयास भी समाप्त हो गया।

हिन्दी में वैज्ञानिक शब्दावली निर्माण का प्रथम प्रयास काशी नागरी प्रचारिणी सभा ने किया। उक्त सभाने सन् १९९८ में एक पारिभाषिक शब्दावली समिति बनाई। इस समिति को पं० सुधाकर द्विवेदी का सहयोग प्राप्त था। द्विवेदीजी इससे पूर्व भी वर्षों से हिन्दी में गणितीय विषयों की पुस्तकें लिख रहे थे। आपने बहुत से प्राचीन गणितीय विषयों के शब्दों को खोजकर अपना लिया था और कुछ नये शब्द भी बनाये थे।

इस शब्दाली समिति ने ८ वर्ष के परिश्रम के पश्चात् एक हिन्दी वैज्ञानिक शब्दावली प्रकाशित की जिसमें गणित, दर्शन, भौतिकी, (Physics) अर्थ-शास्त्र, भूगोल और खगोल के विषयों का समावेष था। इस शब्दावली का सम्पादन प्रसिद्ध हिन्दी सेवी स्वर्गीय बा० श्याम सुन्दरदास ने किया था। सन् १९३० में सभा ने शब्दावली की पुनरावृत्ति के लिए एक समिति बनाई जिसके अधिकांश सदस्य काशी हिन्दू विश्व-विद्यालय के वैज्ञानिक विषयों के अध्यापक थे। इस समिति ने वैज्ञानिक शब्दावली को परिष्कृत रूप में सन् १९३१ में प्रकाशित किया। यह शब्दावली बहुत उपयोगी सिद्ध हुई है और अभी तक भारत के हिन्दी भाषी वैज्ञानिकों में प्रमाणिक मानी जाती है।

सन् १९४४ में प्रयाग के भारतीय हिन्दी परिषद ने विज्ञान के छः मुख्य विषयों की शब्दावली के निर्माण में हाथ लगाया : गणित, भौतिकी, रसायन, खगोल, औद्भिदी (Botany) और प्राणिकी। यह शब्दावली हस्तलिपि रूप में तैयार हो गई है और शीघ्र ही प्रकाशित होनेवाली है।

इस दिशा में प्रयाग के विज्ञान परिषद का कार्य भी उल्लेखनीय है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस परिषद ने पिछले ३४ वर्षों में हिन्दी की बड़ी सेवा की है। इसने इस अवधि में सरल विज्ञान और उद्योग धन्धों पर ३० से अधिक पुस्तकें प्रकाशित की हैं और एक रसायन शब्द सूची का निर्माण भी किया है।

परन्तु इस दिशा में पिछले पाँच छः वर्षों में जो कार्य सरस्वती विहार, नागपुर के अधिष्ठाता डा० रघुवीर ने किया है, विशेषरूप से प्रशंसनीय है। उक्त डाक्टर जी ने 'आँगल भारतीय महाकोष' का निर्माण किया है। आप का उद्देश्य है ज्ञान के समस्त विषयों—लगभग—६००—में एक सम्पूर्ण पारिभाषिक कोष का निर्माण करना। अभी तक आपने उसके दो ही भाग प्रकाशित किये हैं—भाग १ 'अप्रांगरिक रसायन' (Inorganic Chemistry) का, और भाग ३ 'रासायनिक साधित्र' (Chemical Apparatus) का। इस महाकोष की दो विशेषतायें हैं:—

१—इसमें केवल मौलिक शब्दों के ही पर्याय नहीं दिए गए हैं वरन् ऐसे शब्दों से उत्पन्न समस्त शब्दों के पर्यायों का भी समावेश है।

२—इस प्रयास का उद्देश्य है भारत की समस्त भाषाओं के लिए एक ही शब्दावली का निर्माण करना। और इस हेतु इस महाकोष में समस्त शब्द शुद्ध संस्कृत से लिए गए हैं।

यह महाकोष अपने ढंग का अनूठा है। यदि यह कहा जाय कि हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली के क्षेत्र में यह प्रथम पद्धतिशील, विस्तृत और आत्मसम्पूर्ण प्रयास है तो इसमें तनिक भी अत्युक्ति न होगी। देखना है वैज्ञानिक जगत इसका कहाँ तक स्वागत करता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(२) गणितीय शब्दावली

आज कल देश की कई संस्थायें पारिभाषिक शब्दावली की समस्या को सुलझाने के प्रयत्न में संलग्न हैं। परन्तु इन संस्थाओं में आपस में कोई सहयोग नहीं है। इतने बड़े देशमें किसी भी प्रश्न पर मत मतान्तर होना स्वाभाविक ही है। कुछ व्यक्तियों का तो यह विचार है कि हमें किसी भी विदेशी शब्द को अपनाना नहीं चाहिए। जो शब्द हमारी भाषा में चालू हो गए हैं, उन्हें भी निकाल बाहर करना चाहिए। यह लोग तो "लाल्टैन" को 'हस्त-काच दीपिका' या 'प्रकाश-मन्दिर' और रेल्वे स्टेशन को 'पटरी-गाड़ी-विराम-स्थल' या 'भाप गाड़ी विराम-स्थल' कहना पसन्द करेंगे। इसको तो मैं केवल दृष्टि की संकीर्णता समझता हूँ। जिस प्रकार स्वस्थ्य मनुष्य उसे कहते हैं जो अधिक से अधिक भोजन हज़म कर सके, उसी प्रकार जीवित भाषा उसी भाषा को कहेंगे जो अधिक से अधिक शब्द पचा सके। यदि अंग्रेज़ी में से समस्त जर्मन, ग्रीक, लैटिन आदि भाषाओं के शब्द निकाल दिए जायँ तो पता नहीं अंग्रेजी में कितने शब्द बचेंगे। आज भारतवर्ष का बच्चा २ समझता है कि अञ्जन, स्टेशन और रेडियो किसे कहते हैं। यदि इन शब्दों के लिए भी नये शब्द गढे जायँ तो देश भरमें उन शब्दों का नये सिरे से प्रचार करना होगा और देश के भावी युवकों के मस्तिष्क पर एक भारी बोझ आ पड़ेगा। ऐसी योजना न आवश्यक है न वाँछनीय, न सम्भव।

दूसरा मत उन व्यक्तियों का है जिनके विचार में हमें समस्त पारिभाषिक शब्द अंग्रेज़ी से ज्यों के त्यों ले लेने चाहिए, जैसा कि जापान ने किया है। ऐसा करने से एक लाभ तो अवश्य होगा। आज कल बहुत से कार्यकर्त्ताओं की शक्ति जो पारिभाषिक शब्दावली बनाने में ख़र्च हो रही है, सब बच रहेगी और रचनात्मक कार्य में लग जायगी। परन्तु सब दृष्टि कोणों से विचार करने से क्या ऐसी योजना स्तुत्य होगी? भारत

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

की यदि अशिक्षित जनता को छोड़ भी दें तो—अर्धशिक्षित जनता—या केवल भारतीय-भाषा-भाषी जनता के लिए अंग्रेज़ी शब्दों का सीखना सरल है या भारतीय भाषाओं के शब्दों का ? परीक्षण के लिए एक बच्चे, एक धोबी और एक कहार को एकत्र कर लीजिए और उन्हें दो शब्द अंग्रेज़ी के, औक्सीजन (Oxygen) और क्वाड्रीलैटरल (Quadrilateral) और दोनों के हिन्दी पर्याय 'ओषजन' और 'चतुर्भुज' याद करा दीजिए। फिर अगले दिन उनसे पूछ कर देखिए कि उन्हें अंग्रेज़ी शब्द याद हैं या हिन्दी शब्द। उपरिलिखित मत के समर्थक यह कहते हैं कि आज कल सब विद्यार्थी अंग्रेज़ी शब्द याद करते हैं। यदि हम हिन्दी में एक नयी शब्दावली बनायेंगे तो उन्हें नये सिरे से हिन्दी शब्द याद करने पड़ेंगे। इससे उन्हें दुहरा परिश्रम करना पड़ेगा। परन्तु यह कठिनाई केवल वर्तमान पीढ़ी के विद्यार्थियों को ही पड़ेगी। अगली पीढ़ी के विद्यार्थी स्कूल से ही हिन्दी शब्द सीखेंगे, उन्हें अंग्रेज़ी शब्दों के सीखने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी।

इन दोनों मार्गों के बीच में एक मध्य पथ भी है। जो शब्द हमारी भाषा में चालू हो गए हैं, उन्हें ज्यों का त्यों रहने दिया जाय चाहे वह शब्द किसी भी स्वदेशी या विदेशी भाषा की उपज हों। 'फाउण्टेन-पेन' को 'निर्झरिणी' और 'रेडियो' को 'नभोवाणी' बनाने की कोई आवश्यकता नहीं। इस तरह ज्ञात नामों के स्थान पर कठिन अज्ञात नाम रखना कहाँ तक युक्तिसङ्गत होगा ? आज से लगभग १५ वर्ष पूर्व काशी नागरी प्रचारिणी सभा ने एक वैज्ञानिक शब्दावली तैयार की थी। उस शब्दावली के बहुत से शब्द ऐसे हैं जो वैज्ञानिक पुस्तकों में प्रचलित हो गए हैं। 'इन सर्किल' (In-circle) को सब लेखक अन्तःवृत्त और डाइनैमिक्स (Dynamics) को गतिविज्ञान लिखते हैं। इस प्रकार के जितने शब्द चालू हो गए हैं, उनमें कोई संशोधन करना उचित न होगा जब तक कि पर्याय बिल्कुल ही अनुपयुक्त या कठिन न हों। उस शब्दावली

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

में कुछ शब्द अवश्य ऐसे हैं जो या तो बहुत बड़े हैं या अन्य कारणों से अनुपयुक्त हैं। ऐसे शब्दों को बदलना होगा। 'वर्टिकल' (Vertical) का पर्याय 'ऊर्ध्वाधर' बहुत बड़ा और कठिन है। हम 'वर्टिकल' को 'ऊर्ध्व' 'हौरीज़ौण्टल' (Hotizontal) को 'क्षैतिज' और 'स्लैण्ट' (Slant) को 'तिरछा' कह सकते हैं। इसी प्रकार का एक लम्बा शब्द है 'नाभिग लम्ब जीवा' जो (Latus Rectum) का पर्याय है। इसका काम हम छोटे से शब्द 'उत्थान' से ले सकते हैं। मैं यहाँ लम्बे शब्दों के केवल दो उदाहरण और देता हूँ:—

Epi-cycloid	बहिश्चक्र वृत्तजात
Epi-trocoid	बहिर्वक्र वृत्तजात

इस सम्बन्ध में मेरे प्रस्तावित शब्द ये हैं:—

Cycle	चक्र
Cyclic	चक्री, चक्रीय
Cyclide	गोलज
Cycloid	चक्रज
Cycloidal	चक्रजी
Trochoid	वक्रज
Epi-cycloid	प्राग्चक्रज
Epi trochoid	प्राग्वक्रज
Hypo-cycloid	पराचक्रज
Hypo-trochoid	परावक्रज

इस बात का उद्योग भी होना चाहिए कि समस्त भारतीय भाषाओं में एक ही पारिभाषिक शब्दावली बन जाय। ऐसा तभी हो सकेगा जब समस्त नये शब्द संस्कृत मूल से लिये जायँ। इस दिशा में डा० रघुवीर का कार्य स्तुत्य है। उन्होंने हाइड्रोजन (Hydrogen) और आक्सिजन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(Oxygen) के लिए नए शब्द 'उदजन' और 'जारक' बनाए हैं। यह असम्भव नहीं है कि इन्हीं शब्दों को भारत की समस्त भाषायें (उर्दू को छोड़कर) स्वीकार कर लें। कितना अच्छा होता यदि उर्दू भाषी भी इस नामावली को अपना लेते। परन्तु उन लोगों को तो संस्कृत के नाम से चिढ़ है। वह तो अपना स्फुरण अरबी और फारसी से लेते हैं। उस्मानिया विश्वविद्यालय ने जो नामावली तैयार की है उसमें इन दोनों गैसों के नाम हैं 'हमज़ीन' और 'मायीन'। यह सोलह आने विदेशी शब्द किसी भी अन्य भारतीय भाषा को स्वीकार नहीं हो सकते। समस्त देश की एक शब्दावली बनाने के लिए उसी मार्ग का अवलम्बन करना होगा जिसका डा० रघुवीर कर रहे हैं।

कुछ लोगों का मत है कि प्रत्येक अंग्रेज़ी शब्द के लिए एक ही हिन्दी पर्याय होना चाहिए,. परन्तु यह सम्भव नहीं है। यह अंग्रेज़ी की विशेषता (या दोष ?) है कि अधिकांश शब्दों के कई कई अर्थ होते हैं। इन सब अर्थों के लिए हिन्दी का एक ही पर्याय होना युक्तिसङ्गत नहीं है। यह बात मैं तीन शब्दों के उदाहरण लेकर दिखाता हूँ, एक ऐसे शब्द का जिसका अर्थ पारिभाषिक विषयमें साधारण अर्थ से भिन्न हो जाता है, दूसरा एक अर्ध-पारिभाषिक शब्द का और तीसरा एक पारिभाषिक शब्द का।

(1) Sense

Sense	समझ
In what sense have you used the expression ?	तुमने व्यंजक का प्रयोग किस अर्थ में किया है।
What is the sense of the statement ?	वक्तव्य का आशय क्या है ?
In the same sense = taken the same way round (Mathematical)	एक ही दिशा में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(2) Standard

Standard of measurement	मापदण्ड
Standard of living	जीवन का स्तर
Standard dictionary	प्रामाणिक शब्द-कोष
Standard formula	नियत सूत्र

(3) Compound

Compound Addition	मिश्रयोग
Compound Interest	चक्रवृद्धि
To compound (forces)	(बल) संयोजन करना

इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि भिन्न २ अर्थों के भिन्न २ पर्याय बनाने पड़ेंगे। साथ ही, यह उद्योग करना चाहिए कि यथा-साध्य हिन्दी का प्रत्येक शब्द केवल एक ही अर्थ के लिए नियुक्त किया जाय। इन पंक्तियों के लेखक ने शब्दावली बनाने में इस उद्देश्य की पूर्त्ति का गंभीर प्रयत्न किया है हिन्दी में 'घन' शब्द अभी तक तीन अर्थों का द्योतक है:–Third power, cube और Solid. इन तीन शब्दों के लिए मेरे प्रस्तावित पर्याय ये हैं :—

Third power	घन
Cube	वर्गज
Solid	ठोस

हिन्दी शब्द 'श्रेणी' के भी कई अर्थ हैं:–पंक्ति, सेना, जुलूस, कक्षा, array, series। इनमें से पहिले तीन अर्थ तो साधारण बोलचाल के हैं, शेष तीनों गणित के पारिभाषिक शब्द हैं। इस सम्बन्ध में हमें गणित में पाँच शब्दों के पर्याय बनाने होंगे :—class, series, array, matrix, determinant. इनमें से अन्तिम शब्द के लिए तो 'सारणिक' शब्द बन चुका है। शेष चारों के लिए हम इस प्रकार शब्द नियुक्त कर सकते हैं :—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Class	वर्ग (जो प्रचलित है)
Series	श्रेणी (जो प्रचलित है)
Array	सरणी
Matrix	व्यूह

इस प्रकार 'श्रेणी' शब्द केवल एक ही अर्थ में लिया जायगा और भ्रान्ति की सम्भावना बिल्कुल नहीं रहेगी। इसी प्रकार बहुत से शब्दों का हम केवल एक ही अर्थ में प्रयोग कर सकते हैं। परन्तु यह सब दशाओं में सम्भव नहीं है। कुछ शब्द जो रूढ़ हो गए हैं, उन्हें हटाना वांछनीय नहीं है। 'सम' का शब्द कई अर्थों में प्रचलित हो चुका है:—

(१) सम	= बराबर
समभुजीय	= Equilateral
समकौणिक	= Equi-angular
समता	= Equality
(२) सम	= Regular (समभुजीय और समकौणिक)
सम बहुभुज	= Regular polygon
(३) सम	= चौरस
समतल	= Plane, plane surface
समतल भूमि	= चौरस भूमि
विषमतल	= Rough surface, रूक्ष भूमि
(४) सम	= Uniform (constant)
सम गतिवृद्धि	= Uniform acceleration
(५) सम	= Uniform (of uniform material)
सम छड़	= Uniform rod
(६) सम	= एक

२

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

समरैखिक	=	Collinear
समचक्रीय	=	Con-cyclic
(७) सम (संख्या)	=	Even (number)

(८) समकोण—Right Angle में 'सम' का विशेष अर्थ है। इसका नाम 'समकोण' इसलिए रक्खा गया होगा कि इस दशा में दोनों संलग्न कोण बराबर हो जाते हैं। परन्तु यह अर्थ विशेष है, इसमें केवल 'बराबर' की ही धारणा नहीं है। आज हम Right Angle को ही 'समकोण' कहते हैं। Equal Angles को 'समकोण' नहीं कहते बल्कि 'समान कोण' कहते हैं। 'समान' का वास्तविक अर्थ है like परन्तु समस्त गणितीय पुस्तकों में 'समान' 'बराबर' के अर्थ में प्रयुक्त हो चुका है। गणितीय शब्दावली में इस अर्थ का बदलना सम्भव नहीं है। न्यायतः हमें equality के लिए 'समानता' कहना चाहिए परन्तु यह असम्भव है क्योंकि आज तक 'समानता' कभी इस अर्थ में प्रयुक्त नहीं हुआ। इस लिए साधारण जनता 'समानता' से likeness का अर्थ लगायेगी। अतः हमें अपनी शब्दावली इस प्रकार बनानी पड़ेगी:—

Equal Angles	समान कोण
Equality	समता
Like terms	सजातीय पद
Likeness	सजातीयता

ऊपर लिखे उदाहरणों से स्पष्ट है कि शब्द 'सम' कई भिन्न २ अर्थों में रूढ़ हो चुका है। इस शब्दावली में हेरफेर करना उचित नहीं है। कुछ लोग यह कह सकते हैं कि छठे अर्थ को तो हम हटा सकते हैं। collinear को हम 'एकरैखिक' और con-cyclic को 'एकचक्रीय' कह सकते हैं। परन्तु ऐसी दशा में Non-collinear को 'अनेक-रैखिक' या अ–एकरैखिक या वि–एकरैखिक कहना होगा। यह शब्द बहुत ही भद्दे और अनुपयुक्त होंगे। अतः मेरे विचार में शब्दावली इस प्रकार की होनी चाहिए:—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Collinear	= संरैखिक
Non – collinear	= असंरैखिक
Coplanar	= समतली
Non-coplanar	= असमतली
Concyclic	= संवृत्तीय
Non-concyclic	= असंवृत्तीय

पारिभाषिक शब्द जहाँ तक हो सके सरल और छोटे होने चाहिए। गणित की पुरानी पुस्तकों में theorem को प्रमेयोपपाद्य और problem को निर्मेयोपपाद्य कहते थे। यह नाम इतने बड़े थे कि किसी समय में भी इनका चालू होना कठिन था। इन्हीं शब्दों के संक्षिप्त रूप 'प्रमेय' और 'निर्मेय' आजकल गणित की समस्त पुस्तकों में प्रचलित हो गए हैं। prism और pyramid के लिए अभी तक गणित की पुस्तकों में 'समपार्श्व' और 'सूचीस्तम्भ' शब्दों का उपयोग हो रहा है। इन नामों का उच्चारण कठिन है। यह आवश्यक है कि इनके नाम बदले जायँ। यदि हम 'समपार्श्व' के स्थान पर 'समकोर' कहें तो क्या हानि है? 'समकोर' का तात्पर्य एक ऐसे ठोस से है जिसके 'कोर' (Edges) बराबर हों। अत: 'समकोर' से Prism का ही मतलब निकलेगा। इसी ठोस का एक दूसरा उपयुक्त नाम 'संक्षेत्र' भी हो सकता है। pyramid के लिए एक अन्य पुराने शब्द 'स्तूप' का प्रयोग हो सकता है। यह नाम पुराने समय में कई प्रकार की ठोस आकृतियों के लिए प्रयुक्त होता था जिनमें से एक pyramid की आकृति भी थी। जब इतना सरल और छोटा नाम मिल रहा है तो इसे क्यों न अपना लिया जाय? Approximation का पुराना पर्याय 'सन्निकटीकरण' बहुत कर्ण-कटु लगता है। मेरे विचार में इस शब्द के लिए 'उपनयन' अथवा 'उपसदन' कहें तो बहुत उपयुक्त होगा।

कुछ सज्जनों का मत है कि हमें समस्त अंग्रेज़ी शब्दों का यथा तथा शब्दानुवाद कर देना चाहिए, शब्दों के अर्थ पर बिल्कुल ध्यान नहीं देना

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चाहिए । ऐसी नीति तनिक भी युक्तिसंगत न होगी । Calculus का वास्तविक अर्थ कङ्कड़ हैं । तो क्या आज हम Differential calculus को 'चलन कलन' न कह कर 'अन्तरीय कङ्कड़' कहें ? ऑडिटर (Auditor) का शाब्दिक अर्थ है 'सुनने वाला' । अनुमान से कह सकते हैं कि आरम्भ में ऑडिटर किसी संस्था के भिन्न २ कर्मचारियों से एक दूसरे की शिकायतें सुना करता होगा । परन्तु आज इसका काम केवल 'आय-व्यय' परीक्षण ही रह गया है । इसी लिए भिन्न २ संस्थाओं में ऑडिटर का पर्याय 'निरीक्षक' या 'आय-व्यय परीक्षक' रखा जाता है । यदि हम इसको 'सुनक' कहना चाहें तो कहाँ तक उचित होगा ? स्पष्ट है कि पारिभाषिक शब्द बनाने में अर्थ पर ही विशेषरूप से ध्यान देना होगा । (वर्चुअल) (Virtual) का शाब्दिक अर्थ है 'वास्तविक' । अतः हम गणित में वर्चुअल वर्क (Virtual Work) का शाब्दिक अनुवाद 'वास्तविक कार्य' कर सकते हैं । परन्तु आधुनिक गणित में इसका अर्थ 'वर्चुअल' का बिल्कुल उल्टा है । 'वर्चुअल वर्क' उस 'कार्य' को कहते हैं जो देखने में वास्तविक सा प्रतीत हो परन्तु यथार्थ में केवल काल्पनिक हो । अतः 'बर्चुअल वर्क' को 'वास्तविक कार्य' के बदले 'आभास कार्य' कहना होगा ।

इसके विपरीत कुछ लोग दूसरे ही छोर पर पहुँच जाते हैं । वह चाहते हैं कि पर्यायवाची शब्द में अर्थ का इतना समावेश हो कि शब्द की सारी परिभाषा उससे स्पष्ट हो जाय । Parallelopiped का पुराना नाम है 'समानान्तर षड्फलक' । इस नाम से ठोस की परिभाषा तो बिल्कुल स्पष्ट हो गई—ऐसा ठोस जिसमें छः फलक (faces) हों और सम्मुख फलक समानान्तर हों ।' परन्तु क्या वास्तव में इस गाड़ी भरे नाम—समानान्तर षड्फलक—के बिना काम नहीं चल सकता ? इस सम्बन्ध में अपने तीन चार प्रस्तावित नाम मैं यहाँ देता हूँ :—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अंग्रेज़ी नाम	पुराना नाम	मेरा प्रस्तावित नाम
Parallelogram	समानान्तर चतुर्भुज	समानाभुज
Rhombus	सम चतुर्भुज	चतुः समभुज (र)
Trapezium	समलम्ब चतुर्भुज	समलम्ब (र)
Parallelopiped	समानान्तर षड्फलक	समानाफलक

दो वृत्तों की 'रैडिकल ऐक्सिस' (Redical Axis) का यह गुण है कि 'यदि उसके किसी बिन्दु से दानों वृत्तों को स्पर्शी खींचे जायँ तो वह आपस में बराबर होंगे'। इसी लिए नागरी प्रचारिणी सभा की शब्दावली में इसका पर्याय 'समस्पर्शाक्ष' दिया है। इस नाम में 'रैडिकल ऐक्सिस' की सारी परिभाषा निहित है परन्तु इतने बड़े शब्द तो तभी बनाये जायँ जब छोटे शब्द बन न सकें। हम अपनी शब्दावली इस प्रकार क्यों न बनायें ?

Root	मूल
Radical Sign	करणी चिन्ह
Radical Axis	मूलाक्ष
Radical Centre	मूल केन्द्र

पाठक कहेंगे कि यहाँ शब्दानुवाद क्यों किया, अर्थानुवाद क्यों नहीं किया ? बात यह है कि शब्दावली का प्रधान नियम यह होना चाहिए कि शब्द सरल और छोटे बनें। शेष सब सिद्धान्त इस नियम पर बलिदान हो सकते हैं। इस नियम का उल्लंघन तभी करना चाहिए जब अर्थ का अनर्थ होता हो या किसी अन्य कारण से 'सरल और छोटा' शब्द अनुपयुक्त प्रतीत होता हो। ऑडिटर को 'सुनक' कहने में अर्थ का अनर्थ होता हैं, रैडिकल ऐक्सिस को 'मूलाक्ष' कहने में अर्थ का अनर्थ नहीं होता।

मेरे मित्र डा० राजनाथ* ने मुझे भौमिकी के दो बहुत ही सुन्दर शब्द बताये हैं। कभी कभी ऐसा होता है कि कोई नदी अपने पथ में एक

---

* काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के भौमिकी (Geology) विभाग के अध्यक्ष।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अर्ध-वृत्त बनाती हुई चलती है। कुछ वर्ष पश्चात् वह अर्ध-वृत्ताकार पथ को छोड़ कर सरल रेखा में चलने लगती है। इस प्रकार छोड़े हुए अर्ध-वृत्त को भौमिकी की अंग्रेज़ी शब्दावली में 'आक्स-बो लाइन (Ox-bow line) कहते हैं। ग्रामीणों में इसका नाम 'छाड़न' है। दूसरा शब्द है 'Streamlet'। पहाड़ी लोग इसको 'डोरा' कहते हैं। 'several streamlets make a stream' का अनुवाद होगा—'कई डोरों के मिलने से एक नाला बनता है।' 'छाड़न' और 'डोरा' कितने सरल, छोटे और उपयुक्त शब्द हैं। भौमिकी की हिन्दी शब्दावली में क्यों न इन दोनों शब्दों को ज्यों का त्यों अपना लिया जाय?

अंग्रेज़ी में बहुत से पारिभाषिक शब्द ऐसे हैं जो संज्ञा और विशेषण दोनों का कार्य करते हैं। ऐसे शब्दों के लिए हिन्दी में दो पृथक् पृथक् पर्याय बनाने की कोई आवश्यकता नहीं। एक ही शब्द से काम चल सकता है। दो एक उदाहरणों पर विचार कर लीजिए:—

(1) Variable (विशेषण) =चल:—

X is a variable quantity

='य' एक चल राशि है।

Variable (संज्ञा)=चल:—

How many variables are there in the equation?

= समीकरण में कितने चल हैं?

(2) Solid = ठोस:

A solid sphere floats in water

= एक ठोस गोला पानी में तैरता है।

Solid (संज्ञा) =ठोस:

Solids of Revolution are of three kinds

= परिक्रमण ठोस तीन प्रकार के होते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भाषा में यथाशक्ति सरलता लाने का उद्योग करना चाहिए। कुछ लेखक संज्ञा और विशेषण में सर्वथा अन्तर करना चाहते हैं। उपरिलिखित जिन दोनों वाक्यों में शब्द संज्ञा के रूप में आये हैं, उनके अनुवाद वे इस प्रकार करेंगे।

समीकरण में कितनी चल राशियाँ हैं ?

परिक्रमण ठोस पिण्ड तीन प्रकार के होते हैं।

परन्तु यह अनुवाद Variable Quantity और solid body का हुआ, variable और solid का नहीं हुआ। वास्तविक अनुवाद करने के लिए 'चल' और 'चलराशि' के अतिरिक्त एक तीसरा शब्द Variable (संज्ञा) के लिए बनाना पड़ेगा। इसी प्रकार 'ठोस' और 'ठोसपिण्ड' के अतिरिक्त एक तीसरा शब्द solid (संज्ञा) के लिए बनाना पड़ेगा। परन्तु इतनी छानबीन की क्या आवश्यकता है ? अंग्रेजी में कम से कम पारिभाषिक भाषा में एक ही शब्द अबाध्य रूप से संज्ञा और विशेषण दोनों का काम करता है। उसी प्रकार हम भी हिन्दी में, कम से कम पारिभाषिक विषयों की भाषा में दोनों का काम एक ही शब्द से क्यों न निकाल लें ? भाषा को आवश्यकता से अधिक क्यों जटिल बनाया जाय ?

पारिभाषिक शब्द के सम्बन्ध में एक बात यह भी ध्यान देने योग्य है कि अंग्रेजी में बहुत से शब्द ऐसे हैं जिनके साधारण अर्थों में बहुत सूक्ष्मान्तर है, परन्तु पारिभाषिक अर्थों में महान् अन्तर हो जाता है। साधारण बोलचाल में type, kind class, category, species, rank, degree–शब्दों के अर्थों में बहुत थोड़ा–थोड़ा अन्तर है। परन्तु गणितीय विषयों में इनमें से लगभग प्रत्येक का एक विशेष अर्थ है। अतः गणितीय शब्दावली में इन सबके लिए पृथक् पृथक् पर्याय नियुक्त करने होंगे। हमारी शब्दावली इस प्रकार की हो सकती है:—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Type	प्रतिरूप
Kind	प्रकार
Class	वर्ग
Order (of a diff. coeff.)	वर्ण
Order (of terms)	क्रम
Category	जातिवर्ग, निकाय
Species	जाति
Rank (of a matrix)	पदवी
Degree (of an equation)	घात
Degree (in an angle)	अंश

यदि किसी शब्द का पर्याय बनाना कठिन हो तो अंग्रेज़ी के शब्द ज्यों के त्यों लेने में कुछ हानि नहीं है, यदि शब्द सरल और छोटे हों। 'स्केल' को हम 'मापदण्ड' नहीं कह सकते क्योंकि 'मापदण्ड' हम 'standard' के अर्थ में ले चुके हैं। इसके अतिरिक्त 'स्केल' एक छोटा और सरल शब्द है जिसके याद करने में अशिक्षित लोगों को भी कठिनाई नहीं होगी। अतः 'स्केल' शब्द को हम ज्यों का त्यों अपना सकते हैं। इसी प्रकार का शब्द pole है जिसके चार अर्थ हैं :—

Pole (of polar coordinates)	आदि बिन्दु
Pole and polar	ध्रुव और ध्रुवी
Pole (measure)	पोल
Pole (of a function)	ध्रुव बिन्दु

परन्तु हम अंग्रेज़ी के केवल ऐसे ही शब्द ग्रहण कर सकते हैं जिन पर हिन्दी व्याकरण के नियमों का प्रयोग न करना पड़े। 'पोल' और 'स्केल' शब्दों को हम इसलिए अपना सकते हैं कि गणितीय भाषा में इन शब्दों के किसी रूपान्तर की आवश्यकता नहीं पड़ती। परन्तु यदि हम 'Graph,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शब्द को अपनाना चाहें तो Graphic, Graphical, Graphically और Graph-paper को क्रमशः 'ग्राफ़ीय' ग्राफ़ात्मक, ग्राफ़तः और ग्राफ़ पत्र कहना होगा। 'ग्राफ़-पत्र' को तो हिन्दी-भाषी कदाचित अंगीकार कर भी लें परन्तु अन्य शब्द कदापि स्वीकार नहीं हो सकते। इसलिए 'ग्राफ़' के लिए एक नये शब्द 'आलेख' का सृजन करना आवश्यक है। इस प्रकार उपरिलिखित शब्दों के पर्याय ये होंगे:—

Graph	आलेख
Graph paper	आलेख-पत्र
Graphic-representation	आलैखिक प्रदर्शन
Graphical method	आलेख-विधि
Graphically	आलेखतः

व्यक्तिवाचक शब्दों के पर्याय तो व्यक्तिवाचक ही बनाने पड़ेंगे। Abel's Theorem को 'औबेल का प्रमेय' के अतिरिक्त और कुछ भी कहना युक्तिसंगत न होगा। इस प्रकार के शब्दों में तो कोई कठिनाई नहीं पड़ेगी। परन्तु कुछ व्यञ्जक ऐसे हैं जिनके नाम विभक्ति रूप में नहीं हैं वरन् व्यक्तियों के नामों के रूपान्तर मात्र हैं। Jacobi's determinant का एक स्वतन्त्र नाम Jacobian ही पड़ गया है। इसी प्रकार Wronski's determinant का नाम Wronskian ही पड़ गया है। इन नामों के पर्याय यदि हम चाहें तो 'जैकोबी का सारणिक' और 'रौन्स्की का सारणिक' रख सकते हैं। परन्तु यहाँ एक बात विचारणीय है। जब हम Euler's constant कहते हैं तो उसका अर्थ होता है 'एक ऐसा अचल जिसका अध्ययन या उपलंभन सबसे पहले औयलर ने किया था।' इसलिए इसे 'औयलर का अचल' कहना ही उचित होगा। इसी प्रकार यदि हम Jacobian को 'जैकोबी का सारणिक' कहें तो कोई विशेष हानि नहीं है। परन्तु Jacobian के विषय ने अपना एक स्वतंत्र अस्तित्व स्थापित कर लिया है जिसका

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

'सारणिक' के साधारण नियमों से कोई विशेष सम्बन्ध नहीं रह गया है। Jacobian के प्रसङ्ग का अब वास्तविक विश्लेषण (Real Analysis) में ऐसा ही स्थान है जैसा रेखागणित में वृत्त का या बीजगणित में निष्पत्ति और अनुपात' का। इसलिए यदि Jacobian का 'सारणिक' विषय से एक बिल्कुल स्वतन्त्र नाम रख दिया जाय तो अत्युत्तम होगा। अतः Jacobian को हिन्दी में भी 'जैकोबियन' ही क्यों न कहें? यदि यह व्यापक नियम बना लें कि अंग्रेज़ी के जो शब्द व्यक्तियों के नामों के रूपान्तर मात्र हैं, उन्हें ज्यों का त्यों हिन्दी में अपना लिया जाय तो बहुत सुविधाजनक होगा। इस प्रकार हिन्दी में भी Hessian को 'हेसियन' और 'Wronskian' को 'रौन्स्कियन' ही कहेंगे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(३) पारिभाषिक लिपि

आज कल 'नागरी लिपि में सुधार' का प्रश्न छिड़ा हुआ है। इस प्रश्न के व्यापक अङ्गों से तो मुझे इस समय कोई प्रयोजन नहीं है। यहाँ मुझे केवल उन्हीं अङ्गों पर विचार करना है जिनका सम्बन्ध पारिभाषिक शब्दावली से हैं। सबसे पहिली बात तो यह दृष्टिगोचर होती है कि अंग्रेज़ी में कुछ स्वर ऐसे हैं जिनके लिए हिन्दी में सम्वादी स्वर नहीं हैं, जेसे God और Hockey में 'o' का उच्चारण और Hat और And में 'A' का उच्चारण। लोग प्रायः Hat को 'हैट' और And को 'ऐण्ड' लिखते हैं। यह रीति अब लगभग सर्वव्यापी हो गई है। परन्तु अंग्रेज़ी के God को कुछ लोग गाड, कुछ गॉड और कुछ अन्य लोग 'गौड' लिखते हैं। प्रश्न यह है कि इन तीनों में से किस रूप को उचित माना जाय।

इसी प्रकार अंग्रेज़ी के शब्द 'Pen' के 'e' के उच्चारण के लिए हिन्दी में कोई स्वर नहीं है। हिन्दी भाषी इन शब्दों के लिखने में 'ए' की मात्रा से ही काम लेते हैं। अतः यह लोग Pen को पेन, Get को गेट, Pest को पेस्ट लिखते हैं। इस प्रकार अंग्रेज़ी के Get और Gate में, Pen और Pain में तथा Pest और Paste, में कोई अन्तर नहीं रहता। इसलिए कुछ लोगों ने यह प्रस्तावित किया है कि अंग्रेज़ी के इस स्वर के लिए हिन्दी की 'ए' की उल्टी मात्रा निर्धारित की जाय। यदि यह प्रस्ताव मान लिया जाय तो हम उपरिलिखित शब्द इस प्रकार लिखेंगे :—

Get गॆट	Gate गेट
Pen पॆन	Pain पेन
Pest पॆस्ट	Paste पेस्ट

यह प्रस्ताव तर्क-सम्मत तो प्रतीत होता है परन्तु युक्ति संगत नहीं है। प्रश्न यह है कि हम हिन्दी का पारिभाषिक शब्द-भाण्डार बढ़ाना चाहते हैं अथवा हिन्दी भाषियों को अंग्रेज़ी सिखाना चाहते हैं। जिस दिन हिन्दी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भाषियों को नागरी लिपि द्वारा अंग्रेज़ी का ज्ञान कराना होगा उस दिन तो नागरी लिपि अथवा वर्णमाला में थोड़े बहुत हेर फेर करने आवश्यक होंगे ही। परन्तु आज तो प्रश्न केवल हिन्दी की शब्द-सम्पत्ति बढ़ाने का है। इस अभिप्राय की पूर्त्ति के लिए यह बिल्कुल अनावश्यक है कि कोई नया स्वर बनाया जाय। जितनी जीवित भाषायें संसार में हैं सब की सब अन्य भाषाओं से शब्द ग्रहण करती हैं परन्तु वह उन शब्दों को अपनी लिपि और वर्णमाला के अनुसार तोड़ मरोड़ लेती है, और उन्हें अपने ही व्याकरण के नियमों से बाँधती हैं। उनके लिए कोई नया स्वर या व्यञ्जन नहीं बनातीं। चाणक्य का नाम अंग्रेज़ी में इस प्रकार Chanakya लिखा जाता है, 'ण' के लिए कोई नया व्यञ्जन नहीं बनाया जाता। गङ्गा जी के नाम को बिगाड़ कर अंग्रेज़ों ने Ganges बनाया है। यदि नाम न भी बिगाड़ा होता तो भी वह लोग गङ्गा को Ganga लिखते। 'ङ' के लिए कोई नया अक्षर नहीं बनाते। हिन्दी के अनेक शब्द और नाम ऐसे हैं जिन्हें अंग्रेज़ी में शुद्ध रूप में लिख ही नहीं सकते। ऐसे शब्दों का अंग्रेज़ी में निकटतम विकृत रूप ही लिखा जाता है और वही चालू हो जाता है जैसे विज्ञान—Vigyan या (Vijnan), दर्शन—Darshan, इतिहास—Itihas। केवल कहीं-कहीं वह लोग इतना अवश्य कर देते हैं कि ऐसे स्थलों पर n, d, t, के नीचे एक बिन्दी लगा देते हैं। परन्तु यह प्रथा भी सर्वव्यापी नहीं है। यदि आज हम अंग्रेज़ी नामों अथवा शब्दों को अपनी पारिभाषिक शब्दावली में ग्रहण करते समय नये-नये चिन्ह और स्वर बनाने लगें तो कल को यदि हम कोई शब्द फ्रेंच, जर्मन या रूसी भाषा से लेंगे तो कदाचित हमें और भी कई नए चिन्ह बनाने पड़ेंगे। इस प्रकार तो नये नये चिन्हों के निर्माण का कभी अन्त ही न होगा। जब हम Platt नाम हिन्दी में लिखते हैं तो 'प्लैट' लिखा जाता है, 'A' के उच्चारण के लिए कोई नया स्वर नहीं बनाया जाता। इसी प्रकार यदि हमको गणितज्ञ 'Abel' का नाम लिखना हो तो हम 'आबेल' या 'औबेल' क्यों न लिखें। उसके लिए एक नये स्वर 'ऑ' का सृजन क्यों करें ?

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अंग्रेज़ी का एक और भी उच्चारण है जिसके लिए हिन्दी में कोई चिन्ह नहीं है। अंग्रेज़ी के शब्द People को मैंने हिन्दी में कई प्रकार से लिखा देखा है—

पीपुल, पीपल, पीपिल, पीप्ल

वास्तव में यह चारों हिज्जे अशुद्ध हैं क्योंकि इनमें से एक भी उस उच्चारण का द्योतक नहीं है जो अंग्रेज़ी के शब्द People में समाविष्ट है। तो क्या हम इस उच्चारण के लिए भी एक नये चिन्ह की सृष्टि करें? इस प्रकार तो हमारी चिन्ह सूची अथवा वर्णमाला बढ़ती ही चली जायगी। मेरी समझ में तो जहाँ कहीं हिन्दी में अंग्रेज़ी के किसी उच्चारण का अभाव दिखाई दे वहाँ निः संकोच रूप से उसके निकटतम हिन्दी उच्चारण के चिन्ह से काम लेना चाहिए। इस प्रकार के थोड़े से शब्दों और नामों के उदाहरण मैं यहाँ देता हूँ :—

College	कौलिज
Hockey	हौकी
Gauss	गाउस
Wronski	रौन्सकी
Landau	लैण्डाउ-
Hessian	हेसियन
Euler	औयलर
Schlicht	श्लिख्ट
Rank	रैंक
Whipple	ह्विपिल
Littlewood	लिटिलवुड

इस सम्बन्ध में एक प्रश्न और भी विचारणीय है। वह है विदेशियों के नामों के रूप का। फ़्रेंच और जर्मनों के नामों के विकृत रूप ही अंग्रेज़ी में प्रचलित हो गए हैं। जैसे De Moivre का वास्तविक उच्चारण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

'द:म्वाव्रे' था। परन्तु अंग्रेज़ी में अधिकतर लोग इसे 'डी मौयवर' पढ़ते हैं। अब प्रश्न यह है कि जब हम De Moivre का नाम हिन्दी में लिखें तो 'द:म्वाव्रे' लिखें या 'डीमौयवर'। हिन्दी लेखकों में इस प्रकार के नामों के लिखने की कोई निश्चित पद्धति नहीं है। मेरी समझ में जो नाम भारतवर्ष में जिस रूप में अंग्रेज़ी में प्रचलित हो गया है उसे हिन्दी में भी उसी रूप में लिखा जाय। अत: हम उपरिलिखित नाम को डी मौयवर लिखेंगे न कि द:म्वाव्रे। जिन नामों के दो या अधिक उच्चारण प्रचलित हों उनके वह उच्चारण लेंगे जो अधिक प्रचलित हों। अत: हम नामों को इस प्रकार लिखेंगे :—

Dirichlet	डिरिचले
Des Cartes	द: कार्तें
Schwarz	श्वार्ज़
Vander Pol	वैन्दर पोल

———

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(४) भास्कर की शब्दावली

आजकल पारिभाषिक शब्दावली के क्षेत्र में बड़ी अराजकता फैली हुई है। अभी तक शब्दावली का प्रमापीकरण (स्टैंडर्डाइज़ेशन) नहीं हुआ है, अतः अधिकांश लेखक जब कोई पुस्तक लिखने बैठते हैं, तो मनमाने पारिभाषिक शब्द गढ़ लेते हैं। 'आक्सीजन' शब्द ही लीजिए। इसके लिए कुछ लेखकों ने 'अक्सजन' शब्द बना लिया है केवल अंग्रेज़ी के शब्द के ध्वनि सादृश्य के कारण। कुछ अन्य लेखक इसके स्थान पर 'ओषजन' और कुछ 'प्राण वायु' लिखते हैं। आज तक देश में इस ढंग की कोई आधिकारिक संस्था नहीं बनी जो विचार पूर्वक इन शब्दों का अध्ययन करे, और इनमें से जो सबसे उपयुक्त हों वह जनता के सम्मुख रखे। इस दिशा में 'सरस्वती विहार' का कार्य प्रशंसनीय और स्तुत्य है, परन्तु इस संस्था ने अभी तक केवल रसायन की ही शब्दावली बना पायी है।

यह प्रवृत्ति बहुत से लेखकों में पाई जाती है कि अंग्रेज़ी के शब्दों को ही तोड़ मरोड़ कर किसी प्रकार उनका हिन्दी पर्याय बना लिया जाय। एक लेखक ने अंग्रेज़ी शब्द 'केबिल' का पर्याय बनाया है 'कईबल' (वह वस्तु जिसमें कई बल अर्थात् लपेट पड़े हुए हों)। एक लेखक ने 'ऐमोनियम' का पर्याय बनाया है 'आम'। इसी प्रकार का एक पर्याय है 'नेत्रजन' 'नाइट्रोजन' के लिए। भला इस प्रकार भी कहीं शब्दावली बना करती है। शब्दावली बनाने के लिए तो एक नियमित पद्धति होनी चाहिए और इसका प्रयत्न सामूहिक रूप से होना चाहिए। भिन्न भिन्न लेखकों को यह स्वतन्त्रता नहीं होनी चाहिए कि मनमाने शब्द बनाते चले जायँ।

वैज्ञानिक शब्दावली के सम्बन्ध में सबसे पहली बात मस्तिष्क में यह आती है कि प्राचीन हिन्दू विज्ञान की समस्त पुस्तकों का अवलोकन किया जाय और उनमें से सारे पारिभाषिक शब्द एकत्र किए जायँ। उनमें से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जितने शब्द ऐसे हों जो आधुनिक बहुल शब्दावली की आवश्यकताओं को पूरा कर सकें उन्हें ज्यों का त्यों अपना लिया जाय। इसमें सन्देह नहीं कि आधुनिक वैज्ञानिक विषयों के बहुत थोड़े पारिभाषिक शब्दों के पर्याय प्राचीन पुस्तकों में मिल सकेंगे, परन्तु चाहे इन शब्दों की प्रतिशतता बहुत ही कम हो, फिर भी यह परिश्रम करने ही योग्य है। इन पंक्तियों के लेखक का अब तक यह विचार था कि गणित की प्राचीन पुस्तकों में जितने उपयुक्त पारिभाषिक शब्द थे सबका संकलन नागरी प्रचारिणी सभा की 'गणितीय शब्दावली' में हो चुका है। परन्तु जब प्रचीन ग्रन्थों को फिर एक बार देखने का अवसर मिला तो पता चला कि अभी बहुत से शब्द अछूते रह गए हैं। इन लेखों का एक मात्र उद्देश्य यही है कि गणित के प्राचीन ग्रन्थों में से खोज खोज कर पुराने शब्द निकाले जायँ।

इस लेख में भास्कर की प्रसिद्ध पुस्तक 'बीजगणितम्' के कुछ पारिभाषिक शब्द दिए जाते हैं, जिनपर कदाचित अभी तक गणित के विद्वानों का ध्यान नहीं गया है।

बीजगणित में दो प्रकार की संख्यायें होती हैं; 'अंकगणितीय' और 'बीजीय'। इन्हें अंग्रेज़ी में अरिथमेटिकल और अलजबरिकल नम्बर कहते हैं। व्यंजक

५ क + ६ य – ३

में क और य बीजीय संख्यायें हैं और ५, ६, ३ अंकगणितीय संख्यायें। इन्हें प्राचीन हिन्दू गणित में क्रमश: 'वर्ण' और 'रूप' कहते थे। इस व्यंजक में दो व्यंजक हैं और तीन रूप।

यदि किसी व्यंजक के समस्त पदों में एक ही वर्ण हों तो उन्हें 'सजातीय पद' कहते थे जैसे

५ ग – ३ ग + ७ ग

में तीन पद हैं जो सजातीय हैं, परन्तु व्यंजक

५ ग – ३ घ + ७ ग

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

में पहिले और तीसरे पद 'सजातीय' हैं; किन्तु दूसरा पद 'विजातीय'। इस पूरे व्यंजक को 'मिश्रित मान' कहेंगे।

हमारे प्राचीन ग्रन्थों की शब्दावली बहुत ही विकसित था। उनमें कुछ पारिभाषिक शब्द तो ऐसे थे जिनके लिए अंग्रेज़ी में भी स्वतन्त्र शब्द बनाने की आज तक आवश्यकता नहीं समझी गई। इनमें कुछ शब्द तो बहुत ही सरल और सुन्दर होते थे। यदि हम 'क' को 'क' से गुणा करें तो गुणनफल 'क वर्ग' कहलायेगा। इसी प्रकार क×क×क अर्थात् क^{३} को 'क घन' कहेंगे। इन भावों के लिए तो अंग्रेज़ी में भी शब्द विद्यमान हैं 'क स्क्वेयर्ड' और 'क क्यूब्ड'। परन्तु यदि हम दो विजातीय पदों क और ख का गुणन करें तो गुणनफल 'भावित' कहलाता है। अतः ५ क ख अथवा ७ य र ल 'भावित' हैं। गुणन चिन्ह को 'भा' कहते हैं। अतएव

७×५

को पढ़ेंगे ७ भा ५। अंग्रेज़ी में इसको कहते हैं ७ इनटू ५। 'भा' का पर्याय 'इनटू' है, परन्तु 'भावित' का अंग्रेज़ी में कोई पर्याय नहीं है।

यदि क को ख से भाग दें और शेष कुछ न बचे तो कहते हैं कि 'संख्या क शुद्ध हो गई।' परन्तु यदि कुछ शेष बच रहे तो उसे अपूर्ण भाग कहते हैं। संख्या ४२ सात से भाग देने से शुद्ध हो जाती है परन्तु ११ से भाग देने से भाग अपूर्ण रहता है।

दो करणियों के जोड़ने और घटाने की विधि भास्कर ने इस प्रकार दी है।

मान लो कि $\sqrt{३२}$ और $\sqrt{२}$ का योग और अन्तर निकालना है।

इन संख्याओं को क ३२ और क २ लिखा जाता था (क=करणी)।

इनको साधारण संख्याओं की भाँति जोड़ने से क ३४ आया।

इस संख्या क ३४ अर्थात् $\sqrt{३४}$ को महती संज्ञा कहेंगे।

और दोनों निर्दिष्ट संख्याओं के गुणन से क ६४ अर्थात् $\sqrt{६४}$ अर्थात् ८ प्राप्त हुआ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस संख्या के दुगुने के मूल को लघु संज्ञा कहेंगे।

अत: इस उदाहरण में लघु संज्ञा हुई $\sqrt{१६}$

और महती संज्ञा क ३४ और लघु संज्ञा क १६ को साधारण संख्याओं की भाँति जोड़ने से क ५० आया।

यही निर्दिष्ट संख्याओं का योग हुआ।

अर्थात् $\sqrt{३२} + \sqrt{२} = \sqrt{५०}$।

और महती संज्ञा से लघु संज्ञा घटाने से क १८ प्राप्त हुआ। यही निर्दिष्ट संख्याओं का अन्तर हुआ।

अर्थात् $\sqrt{३२} - \sqrt{२} = \sqrt{१८}$।

इस विधि की उत्पत्ति बहुत सरल है। स्पष्ट है कि यह विधि निम्नलिखित एकात्म्यों पर निर्भर है।

$$\sqrt{क} + \sqrt{ख} = \sqrt{क + ख + २\sqrt{कख}}$$

$$\sqrt{क} - \sqrt{ख} = \sqrt{क + ख - २\sqrt{कख}}$$

अब मान लो कि दो संख्याओं का लघुतम समापवर्त्य निकालना है। तो विधि इस प्रकार होगी।

भाजक भाज्य लब्धि

```
३९) ९० (२
    ७८
   ----
   १२) ३९ (३
       ३६
       ---
       ३) १२ (४
          १२
          ---
           ०
```

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अब यदि इन लब्धियों और शून्य को ऊपर नीचे एक ऊर्ध्व रेखा में रखें तो इस प्रकार का संख्या कुलक प्राप्त होगा।

२
३
४
०

इस संख्या कुलक को वल्ली कहते हैं।

इस वल्ली में संख्यायों की संख्या ४ है जो एक सम संख्या है। अतः इसे सम वल्ली कहेंगे।

यदि संख्यायें ७७ और २८५ ली जायँ तो विधा इस प्रकार की होगी :-

```
भाजक भाज्य लब्धि
 ७७) २८५ (३
     २३१
     ----
      ५४)७७(१
         ५४
        ----
        २३)५४(२
           ४६
          ----
           ८)२३(२
             १६
            ----
             ७)८(१
               ७
              ---
              १)७(७
                ७
                --
                ०
```

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इनकी वल्ली इस प्रकार की होगी।

३
१
२
२
१
७
०

इसमें ७ संख्यायें हैं, अतः इसे विषम वल्ली कहेंगे।

प्राचीन हिन्दू गणित में कुट्टक के अध्याय में वल्ली का बहुत प्रयोग होता था।

कुछ अन्य पारिभाषिक शब्दों का अर्थ समझाने के लिए एक प्रक्रिया का उल्लेख करना होगा।

भास्कराचार्य अपनी पुस्तक 'बीजगणित' के 'वर्ग प्रकृति' अध्याय के आरम्भ में यह श्लोक देते हैं :—

इष्टं ह्रस्वं तस्य वर्गः प्रकृत्या, क्षुण्णो युक्तो वर्जितो वा सयेन।
मूलं दद्यात्दोपकं तं धनर्णं, मूलं तच्च ज्येष्ठ मूलं वदन्ति।

श्री 'विशुद्धानन्द गौड़'* ने इसका अनुवाद इस प्रकार किया है :—

'पहिले किसी एक राशि को इष्ट कल्पना करो। फिर उसका वर्ग करो। फिर उसे प्रकृति से गुणा करो। प्रकृति से गुणा हुआ वह जिस अंक से युक्त अथवा ऊन करने पर मूल पद हो जाय उस अंक को क्रम से धन और ऋण करो। फिर मूल लो। उस अंक को धन और ऋण क्षेपक कहते हैं और मूल को ज्येष्ठ मूल कहते हैं। पहिले जिस राशि की इष्ट कल्पना किया है, उसको ह्रस्व लघु तथा कनिष्ठ भी कहते हैं।

इसका अर्थ एक उदाहरण से स्पष्ट हो जायगा :—

उदाहरण—वह कौन सा वर्ग है जिसको ५ से गुणा करें और गुणनफल में ४ जोड़ दें तो वर्ग हो जाता है।

---

* विशुद्धानन्द गौड़, बीजगणितम् १९४३ पृ० १२७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस प्रश्न में ५ प्रकृति कहलायेगा और ४ क्षेपक।

मान लो कि हमने १ को इष्ट कल्पना किया।

तो हमारा कनिष्ठ १ हुआ।

कनिष्ठ १ के वर्ग को प्रकृति ५ से गुणा किया तो फल ५ हुआ।

इस गुणनफल ५ में ४ जोड़ा तो ९ आया।

इस ९ का मूल ३ हुआ।

३ हमारा ज्येष्ठ हुआ।

प्रकृति ५ कनिष्ठ १ ज्येष्ठ ३ क्षेपक ४

यदि हम गुणनफल ५ में ४ जोड़ने के बदले उसमें से १ घटायें तो ४ मिलता है, जिसका मूल २ है। उस दशा में हमारी संख्यायें इस प्रकार होंगी :—

प्रकृति ५ कनिष्ठ १ ज्येष्ठ २ क्षेपक—१

अब मान लीजिए कि हमने १ के स्थान पर इष्ट संख्या के लिए ३ की कल्पना की। ३ का वर्ग हुआ ९

९ और प्रकृति ५ का गुणनफल हुआ ४५

४५ का समीपतम वर्ग है ४९ जो ४ जोड़ने से मिलता है। और ४९ का वर्ग मूल है ७

अतएव हमारी संख्यायें ये हुई :—

प्रकृति ५ कनिष्ठ ३ ज्येष्ठ ७ क्षेपक ४

ऊपर दिए हुए श्लोक के आगे भास्कराचार्य इस प्रकार के प्रश्नों के उत्तर निकालने की विधि बताते हैं। परन्तु यहाँ हमारा उद्देश्य केवल पारिभाषिक शब्दों का अर्थ समझना है। अतएव हम 'वर्ग प्रकृति' के विस्तार में नहीं जाना चाहते, केवल तीन चार अन्य पारिभाषिक शब्दों का वर्णन करते हैं।

मूलानयन = मूल निकालना

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ऊन=हीन अर्थात् कम किया हुआ — ११ ऊन ३ का अर्थ हुआ ३ कम ११ अर्थात् ११ – ३ अर्थात् ८

दुष्ट=असम्भव प्रश्न को दुष्ट अथवा अशुद्ध प्रश्न कहते हैं। मान लो कि कोई ऐसा प्रश्न करे :—

उस त्रिभुज का क्षेत्रफल निकालो जिसकी भुजायें २, ४ और ९ हों, तो यह दुष्ट उदाहरण कहलायेगा क्योंकि इन लम्बाइयों की भुजाओं का त्रिभुज बन ही नहीं सकता।

इस प्रकार के शब्द पारिभाषिक भाषा में डालने का कारण यह प्रतीत होता है कि प्राचीन समय में हमारे पूर्वज प्रत्येक विद्या को धार्मिक दृष्टिकोण से देखते थे। अतएव उनकी समस्त पुस्तकों में, चाहे वह किसी भी विषय की हों, धार्मिक पुट रहता था। इस प्रसंग में 'लीलावती' के क्षेत्र व्यवहार का एक श्लोक देना अनुपयुक्त न होगा।

लम्बयो: कर्णयोर्वैकम निर्दिश्या परान्कथम्।
पृच्छत्य नियतत्वेऽपि नियतं चापि तत्फलम्॥
स प्रच्छक: पिशाचो वा वक्ता वा नितरां तत:।
यो न वेत्ति चतुर्बाहौ क्षेत्रे ह्य नियतां स्थितिम्॥†

इसका अर्थ यह है कि 'किसी एक चतुर्भुज में एक लम्ब अथवा एक कर्ण न दिया हो तो चतुर्भुज अनियत रहता है। जो कोई बिना कर्ण अथवा लम्ब दिए चतुर्भुज का क्षेत्रफल पूछता है, पिशाच है। और जो कोई ऐसे प्रश्न का उत्तर देने का प्रयत्न करता है, महा पिशाच है'।

---

† दुर्गाप्रसाद द्विवेदी—लीलावती १९३१ पृ० २५६

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(५) 'लीलावती' की शब्दावली

इतिहासज्ञ लिखते हैं कि हमारे पुरखों को किसी वाक्य में से एक स्वर घटाने में उतना ही आनन्द मिलता था जितना एक पुत्र के जन्म में। कम से कम गणितीय शब्दावली के सम्बन्ध में तो यह बात अक्षरशः सत्य बैठती है। हमारे प्राचीन गणितज्ञों की शब्दावली बहुत विकसित थी। यदि हम यह कहें कि जितना विकास आज हम अंग्रेज़ी की शब्दावली में देखते हैं उससे भी अधिक विकास हमारे पूर्वजों की गणितीय शब्दावली में हो चुका था तो इसमें कोई अतिशयोक्ति न होगी। एक उदाहरण मैं यहां देता हूँ।

मान लो कि का खा गा घा एक चतुर्भुज है। का खा उसका आधार अथवा भूमि है और घा, गा से घा चा, गा छा भूमि पर लम्ब डाले गये हैं। तो यह दोनों चतुर्भुज के लम्ब कहलाते हैं।

स्पष्ट है कि का चा $= \sqrt{\text{घा का}^2 - \text{घा चा}^2}$

का चा को लम्ब घा चा की सन्धि कहते हैं।

भूमि का खा का शेष भाग चा खा इस सन्धि की पीठ कहलाता है। इसी प्रकार छा खा लम्ब गा छा की सन्धि हुई और का छा इस सन्धि की पीठ।

छा खा लम्ब घा चा के लिये परसन्धि हुई और का छा परपीठ।

इसी प्रकार लम्ब गा छा की परसन्धि का चा है और परपीठ चा खा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मान लो कि विकर्ण का गा लम्ब घा चा को जा पर काटता है।



आकृति १

लीलावती के क्षेत्रव्यवहार नामक अध्याय में यह सूत्र आता है :—

$$\frac{\text{सन्धि} \times \text{परलम्ब}}{\text{परपीठ}} = \text{लम्ब का अधोखण्ड}$$

'लम्ब का अधोखण्ड' से तात्पर्य जा चा से है।

हमारी आकृति के शब्दों में

$$\frac{\text{का चा} \times \text{गा छा}}{\text{का छा}} = \text{जा चा}।$$

इसी प्रकार का जा को विकर्ण का अधोखण्ड कहते हैं जिसके लिये स्वादी सूत्र है :—

$$\frac{\text{सन्धि} \times \text{विकर्ण}}{\text{परपीठ}} = \text{विकर्ण का अधोखण्ड}$$

अर्थात् $\frac{\text{का चा} \times \text{का गा}}{\text{का छा}} = \text{का जा}।$

तत्पश्चात् कुछ जटिल व्याख्यायें दी हैं :

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

$$\frac{\text{सन्धि} \times \text{परलम्ब}}{\text{लम्ब}} = \text{लम्ब का सम}$$

सम + परसन्धि = लम्ब का हार

अब मान लो कि चतुर्भुज की भुजायें का घा, खा गा बढ़ाने से टा पर मिलती हैं। तो त्रिभुज का खा टा चतुर्भुज का **सूची** कहलाता है।

इस त्रिभुज की ऊँचाई टा ठा **सूचीलम्ब** और भुजायें टा का, टा खा **सूचीभुज** कहलाती हैं।

का ठा और ठा खा भूमि का खा की **आबाधायें** कहलाती हैं।

सूचीलम्ब, सूचीभुज और आबाधायें निकालने के लिये भी सुघटित नियम दिये गये हैं। परन्तु इस समय मेरा प्रयोजन केवल शब्दावली से है। अतः यहाँ उन सूत्रों का देना अनावश्यक प्रतीत होता है।

अब का के मध्येन् भूमि पर का डा लम्ब डालो जो विस्तृत विकर्ण से डा पर मिले। तो का डा को लम्ब घा चा का **वंश** कहेंगे। इसी प्रकार आकृति में लम्ब गा छा का वंश ढा खा है।

पाठक इस उदाहरण से अनुमान लगा सकते हैं कि हमारे प्राचीन गणितज्ञों की शब्दावली बुद्धि कितनी विकसित थी। इन पंक्तियों के लेखक ने आकृति १ के समान आकृतियां न जाने कितनी बार कक्षा में श्यामपट्ट पर बनाई हैं परन्तु आज तक कोई भी प्रसंग ऐसा न आया जिसमें आकृति की भिन्न भिन्न रेखाओं को इतने विस्तार पूर्वक पृथक्-पृथक् नाम दिये गये हों।

आज जब हम शब्दावली बनाने बैठते हैं तो सबसे पहला प्रश्न यह उपस्थित होता है कि क्या पुराने समस्त पारिभाषिक शब्दों को ज्यों का त्यों अपना लिया जाय। बिना कारण उन शब्दों को बदलना तो न्यायसंगत दिखाई नहीं देता। उन शब्दों पर हिन्दू संस्कृति की छाप लगी हुई है। वह शब्द हमारे पूर्वजों के अमिट पद चिन्ह हैं, अतः समय द्वारा सम्मानित हैं। अतएव उद्योग तो यही होना चाहिये कि वह शब्द ज्यों के त्यों हमारी शब्दावली में अपना लिये जायँ। परन्तु कहीं-कहीं शब्दों में परि-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वर्तन करना आवश्यक हो सकता है, विशेषकर ऐसे शब्दों में जो बहुत लम्बे हों अथवा सर्वथा अनुपयुक्त हों। मैं दो एक उदाहरण देकर अपना तात्पर्य स्पष्ट करता हूँ।

लीलावती के 'क्षेत्र व्यवहार' नामक अध्याय में निम्नलिखित शब्दावली का प्रयोग किया गया है।

समचतुर्भुज	र्‌होम्बस
समकर्ण-समचतुर्भुज	वर्ग (स्क्वेयर)
समान लम्ब-चतुभुज	ट्रैपेज़ियम

यदि मान लिया जाय कि समचतुर्भुज र्‌होम्बस के लिये उपयुक्त पर्याय है तो भी क्या वर्ग के लिए इतना लम्बा नाम—समकर्ण समचतुर्भुज—रखना उचित होगा? माना कि इस नाम से वर्ग की आकृति की पूरी व्याख्या स्पष्ट हो जाती है, परन्तु पर्यायवाची शब्द का प्रयोजन केवल संक्षिप्त नामकरण है न कि विस्तार पूर्वक गुण वर्णन। व्यक्तियों के नाम भी इस ढङ्ग से नहीं रखे जाते कि नाम से ही व्यक्ति के सारे गुण स्पष्ट हो जायँ।

समानलम्ब चतुर्भुज भी वर्णनात्मक नाम है: ऐसा चतुर्भुज जिसके दोनों लम्ब समान हों। परन्तु यदि यह शब्द बहुत छोटा न भी हो सके तो भी इसे समलम्बभुज तो कह ही सकते हैं।

प्राचीन ग्रन्थों में एक शब्द प्रचलित है 'समानान्तर चतुर्भुज'—पैरैललोग्राम का पर्याय। प्रथम तो यह नाम सर्वथा निरर्थक है। कोई चतुर्भुज कैसे समानान्तर हो सकता है और किसके समानान्तर होगा। तिस पर यह नाम लम्बा बहुत है। यदि यही नाम सरल और सुन्दर होता तो अनुपयुक्त होते हुये भी अपना लिया जाता। छोटे नाम में एक प्राकृतिक आकर्षण होता है। बड़े नाम में नैसर्गिक विकर्षण होता है। मेरी समझ में इस नाम में अवश्य ही परिवर्तन करना चाहिये। मैंने अपनी पुस्तकों में इसके स्थान पर 'समानाभुज' लिखा है। गणितज्ञ इस नाम

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पर विचार कर लें। यदि इससे भी छोटा नाम बन सके तो गणितीय जगत को उसका हार्दिक स्वागत करना चाहिये।

इसी प्रकार का एक लम्बा चौड़ा नाम है '**समानान्तर षड्फलक**'—पैरैलेलीपाइपेड् का पर्याय। यदि इसके स्थान पर 'समानाफलक' नाम रखा जाय तो अनुचित न होगा। इसी ढङ्ग का एक बड़ा वेढङ्गा नाम देखने में आया है : **समकोण-समानान्तर भौमिक घन** क्यूबौयड का पर्याय।

गणित के प्राचीन ग्रन्थों में जो पर्यायवाची शब्द आये हैं, उनमें से बहुतों को पं० सुधाकर द्विवेदी ने अपना लिया था। सम्वत् १९९८ में नागरी प्रचारिणी सभा ने एक पारिभाषिक शब्दावली समिति बनाई। इस समिति ने ८ वर्ष के परिश्रम के पश्चात् एक 'हिन्दी वैज्ञानिक शब्दावली' प्रकाशित की। इस समिति को पं० सुधाकर द्विवेदी का सहयोग प्राप्त था। इस शब्दावली में भी बहुत से प्राचीन शब्द समाविष्ट थे। सन् १९३० में सभा ने शब्दावली की पुनरावृत्ति के लिये एक उपसमिति बनायी जिसके अधिकांश सदस्य काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक विषयों के अध्यापक थे। इस उपसमिति ने प्रत्येक शब्द का परीक्षण किया और पुनरावृत्त शब्दावली सन् १९३१ में प्रकाशित कर दी। यह शब्दावली बहुत उपयोगी सिद्ध हुई है और अभी तक भारत के हिन्दी भाषी वैज्ञानिकों में प्रामाणिक मानी जाती है।

सन् १९४४ में प्रयाग के 'भारतीय हिन्दी परिषद' ने विज्ञान के छः मुख्य विषयों की शब्दावली के निर्माण के लिये छः व्यक्तियों को नियुक्त किया। गणित की शब्दावली का कार्य इन पंक्तियों के लेखक को सौंपा गया। लेखक ने 'हिन्दी वैज्ञानिक शब्दावली' से प्रचुर सहायता ली और अधिकांश प्राचीन शब्दों को ज्यों का त्यों अपना लिया। परन्तु इस शब्दावली में केवल इंटरमीजियेट तक के ही शब्द आये थे। अतः बी० एस-सी० और एम० एस-सी० के अधिकांश शब्द नये बनाने पड़े। एम० एस-सी० तक की शब्दावली सन् १९४५ में 'भारतीय हिन्दी परिषद' के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कार्यालय में भेज दी गई। अभी उसका मुद्रण नहीं हो पाया है। उसकी एक मुद्रलिखित प्रतिलिपि नागपुर के 'सरस्वती विहार' को भी भेजी गई है जहाँ प्राय: ५ वर्ष से शब्दावली निर्माण कार्य हो रहा है। 'सरस्वती विहार' ने भी इस नीति को अपनाया है कि उस शब्दावली में से यथा-साध्य समस्त प्राचीन शब्द ज्यों के त्यों ले लिए जायँ।

इस प्रकार यह प्रत्यक्ष है कि प्राचीन गणितीय शब्दों का संरक्षण किया जायगा। इन पंक्तियों के लेखक का अभी तक यह विचार था कि प्राचीन शब्दों में से बहुत थोड़े ऐसे रह गये होंगे जिनका समावेश इन शब्दावलियों में न हुआ हो। परन्तु इधर फिर एक बार 'लीलावती' का अवलोकन करने से यह धारणा निर्मूल सिद्ध हुई। इसी एक पुस्तक में अभी दर्जनों शब्द ऐसे पड़े हैं जो सरल, सुन्दर और उपयुक्त हैं और अभी तक अछूते बचे हुये हैं। एक सूची मैं यहाँ देता हूँ।

लीलावती का शब्द	अर्थ
अबाधा, अवधा	खण्ड (सेग्मैंट)
प्रकार	विधि
संपात	कटान
धनुष	चाप (अर्क)
वेध	गहराई
अपवर्तनांक	कौमन फैक्टर
अन्त्य	अन्तिम
उपान्त्य	अन्तिम से पहला
छित्, छेद	हर (डिनौमिनेटर)
उद्दिष्ट	न्यस्त, दिया हुआ
जात्य त्रिभुज	समकोण त्रिभुज
आसन्न मान	ऐप्रौक्सिमेट वैल्यू

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जलसम भूमि	समतल भूमि
अस्र	कोण
सूक्ष्म भिन्न	प्रौपर फ्रैक्शन
स्थूल भिन्न	इम्प्रौपर फ्रैक्शन
तष्ट करना	भाग देना

इन शब्दों में से कुछ का प्रयोग कभी कभी कुछ लेखक करते हैं परन्तु अभी तक इनका समावेश कदाचित किसी शब्दावली में नहीं हो पाया है।

इस सूची में केवल ऐसे ही शब्द दिये गये हैं जिनके संवादी पर्याय अंग्रेजी गणितीय शब्दावली में विद्यमान हैं परन्तु हमारी प्राचीन शब्दावली में अनेक शब्द ऐसे भी हैं जिनके अर्थों के लिये अंग्रेजी में विशेष नाम कभी रखे ही नहीं गये। उनके स्थान पर पूरे पूरे वाक्यांशों का प्रयोग होता है। हम यहाँ कुछ उदाहरण लीलावती के 'समान्तर श्रेढ़ी'—अरिथमेटिक प्रोग्रेशन नामक अध्याय से देते हैं :

आदि, मुख	श्रेढ़ी का प्रथम पद
चय, वृद्धि	सार्वान्तर
गच्छ	पदों की संख्या
अन्त्यधन	श्रेढ़ी का अन्तिम पद
मध्यधन	श्रेढ़ी का मध्य पद
सर्वधन, श्रेढ़ीफल	श्रेढ़ी के पदों का योग

हमारे प्राचीन गणितज्ञ सूत्रों को वर्णनात्मक भाषा में लिखा करते थे। कदाचित इसी कारण उन्हें इतने अधिक पारिभाषिक शब्द बनाने पड़ते थे। ऊपर दिये हुए छः शब्दों में से एक के लिये भी अंग्रेजी में कोई अकेला पर्याय नहीं है। इन भावों को अंग्रेजी में वाक्यांशों द्वारा ही व्यक्त किया जाता है।

अब तनिक सर्वधन के सूत्र पर भी विचार कीजिये :

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

व्येकपदघ्नचयो मुखयुक् अन्त्यधनं स्यात् । तन्मुखयुग् दलितं मध्यधनं भवति, तच्च पदगुणितं सर्वधनं भवति ।

अर्थात् एक से हीन गच्छ को चय से गुणा करके आदि जोड़ दो, तो अन्त्यधन मिल जायगा । अन्त्यधन में आदि जोड़ कर आधा करने से मध्यधन आता है । मध्यधन को गच्छ से गुणा करने से सर्वधन होता है ।'*

मान लो कि किसी समान्तर श्रेढ़ी में

आदि = आ; चय = च, गच्छ = ग,

अन्त्यधन = अं, मध्यधन = म सर्वधन = स

तो उपरिलिखित सूत्र के अनुसार

एक से हीन गच्छ = ग − १,

अन्त्यधन = च (ग − १) + आ

$$\text{मध्यधन} = \frac{\text{अन्त्यधन} + \text{आ}}{२} = \frac{\text{च}(\text{ग} - १) + २\,\text{आ}}{२}$$

यह बात यहाँ ध्यान देने योग्य है कि यदि श्रेढ़ी के पदों की संख्या विषम हो तो उसका मध्यधन उसका कोई पद नहीं होता ।

श्रेढ़ी

३, ५, ७,............... ....४१ पदों तक का

$$\text{मध्यधन} = \frac{२ \times ४० + ६}{२} = ४३,$$

जो श्रेढ़ी का २१ वां पद है ।

परन्तु श्रेढ़ी

२, ६, १०..................................२० पदों तक में

$$\text{मध्यधन} = \frac{४ . १९ + ४}{२} = ४०$$

---

* श्री सीताराम झा : लीलावती सं० २००२ पृष्ठ ८८.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस श्रेढी का १० वां पद ३८ है और ११ वां पद ४२ परन्तु कोई पद ४० नहीं है । फिर भी श्रेढी का मध्यधन ४० ही कहलायेगा । इस बात से स्पष्ट है कि 'मध्यधन' शब्द के बनाने की आवश्यकता केवल इस-लिए पड़ी कि सूत्र को शब्दों में लिखा जा सके ।

सूत्र का अन्तिम भाग यह होगा :

$$\text{सर्वधन} = \text{ग} \times \text{मध्यधन} = \text{ग} \times \frac{\text{च}\,(\text{ग} - १) + २\,\text{आ}}{२}$$

यह सूत्र आधुनिक सूत्र

$$\text{स} = \frac{\text{ग}}{२}\left\{ २\text{आ} + (\text{ग} - १)\,\text{च} \right\}$$ से अभिन्न है ।

यदि प्राचीन सूत्र भी सदैव इसी सांकेतिक भाषा में लिखा जाता तो कदाचित इतने पारिभाषिक शब्दों के सृजन की आवश्यकता ही न पड़ती ।

अब मैं इसी प्रसंग से सम्बद्ध लीलावती के कुछ अन्य रोचक शब्द देता हूँ ।

संकलित ग = १ + २ + ३...+ ग

आधुनिक गणित में हम कहते हैं ।

क्रमगुणित ग = १.२.३...ग

इन व्यंजकों के लिए विशेष चिन्ह Σ और |__ रखे गये हैं । इन चिन्हों की संकेतलिपि में हम इन व्यंजकों को इस प्रकार लिखेंगे :

$$\Sigma\,\text{ग} = १ + २ + ३ + \ldots + \text{ग}$$

$$\underline{|\text{ग}} = १.२.३\ldots\text{ग}$$

इस संकेतलिपि में हम श्रेढी व्यवहार के सूत्र

$$१ + २ + ३ + \ldots + \text{ग} = \frac{\text{ग}\,(\text{ग} + १)}{२}$$

को इस प्रकार संकलित $\text{ग} = \frac{\text{ग}\,(\text{ग} + १)}{२}$

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अर्थात् इस प्रकार $\Sigma ग = \frac{ग(ग+१)}{२}$

लिख सकेंगे।

यह सूत्र निम्नलिखित श्लोक की प्रथम पंक्ति में समाविष्ट है:—

पदं सैकपदगुणितं द्विभक्तं संकलितम् ।
तदपि द्वियुत पदगुणितं त्रिभक्तं संकलितैक्यम् ॥

यदि हम इन संकलितों को जोड़ें:—

१

१+२

१+२+३

१+२+३+४

....

....

१+२+३+४+...+ग

तो सबके योग को कहेंगे 'संकलितैक्य ग'।

श्लोककी दूसरी पंक्ति का अर्थ है:

दो से जुड़ा हुआ जो गच्छ है, उससे संकलित को गुणा दो और ३ से भाग दो तो संकलितैक्य होगा।*

अर्थात्

१+(१+२)+(१+२+३)+

(१+२+३+४)+......

+(१+२+३+४+...+ग)

$$=(ग+२)\frac{ग(ग+१)}{२} \div ३ = \frac{ग(ग+१)(ग+२)}{६}†$$

---

* दुर्गाप्रसाद द्विवेदी: लीलावती-द्वितीय संस्करण (१९२१) २०६।

† देखो कालीपद बसु: एलजब्रा मेड ईजी, २४ वाँ संस्करण, प्रश्नावली ३७ प्रश्न ५।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इसी फल को हम चाहें तो इतने छोटे रूप में लिख सकते हैं :–

$$\text{संकलितैक्य ग} = \frac{\text{ग}(\text{ग}+१)(\text{ग}+२)}{६}$$

$$\text{वर्गैक्य ग} = १^{२} + २^{२} + ३^{२} + \ldots\ldots\text{ग}^{२}$$

$$\text{घनैक्य ग} = १^{३} + २^{३} + ३^{३} + \ldots\ldots\text{ग}^{३}$$

समच्छेद	हरों का समानीकरण
भुज*	समकोण त्रिभुज का आधार
कोटि†	समकोण त्रिभुज की ऊँचाई
प्रमाण	किसी अनुपात का प्रथम पद
फल	किसी अनुपात का द्वितीय पद
इच्छा	किसी अनुपात का तृतीय पद

मान लो कि एक प्रश्न है कि वह कौन सी राशि है जिससे १२ की वही निष्पत्ति है जो ८ की ३ से।

यदि अज्ञात राशि य है तो

प्रमाण		फल		इच्छा		इष्ट
८	:	३	=	१२	:	य

स्थूल मान	रफ वैल्यू
सूक्ष्म मान	क्लोज वैल्यू

यह शब्द आपेक्षिक हैं। हम जानते हैं कि π का मान $\frac{२२}{७}$ दो दशमलव स्थानों तक ठीक है और $\frac{३५५}{११३}$ छः स्थानों तक। तो $\frac{२२}{७}$ π का स्थूल मान हुआ $\frac{३५५}{११३}$ सूक्ष्म मान।

मूलप्रद अङ्क–ऐसा अंक जिससे पूर्णाङ्कों में मूल निकल सके, अर्थात् एक सम्पूर्ण वर्ग।

---

* भुज 'ऐब्सीसा' को भी कहते हैं।

† कोटि 'ऑर्डिनेट' को भी कहते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

निरग्र मूल—आसन्न पूर्णांक मूल

१२३ का निरग्र मूल ११ है।

विकार—परिवर्तन

यह शब्द विशेष अर्थ में प्रयुक्त होता है। जैसे

किसी समान्तर श्रेढी के पदों को उल्टा लिखने से योग में कोई विकार नहीं होता।

अक्षेत्र — असम्भव आकृति

यदि कहीं यह प्रश्न दिया हो कि

एक ऐसा त्रिभुज बनाओ जिसकी भुजायें ३, ४ और १० हों तो यह अक्षेत्र का उदाहरण है क्योंकि इन भुजाओं का त्रिभुज बन ही नहीं सकता।

अनियत — अनिश्चित

यदि किसी चतुर्भुज की केवल चारों भुजायें दी हों तो कर्ण अनियत होगा।

अग्र, शिर — किसी रेखा का सब से ऊँचा बिन्दु

मूल — किसी रेखा का सब से नीचा बिन्दु

आकृति १ में गा छा का अग्र गा है और मूल छा।

शर

मान लो कि गा घा एक वृत्त की जीवा है जिसका केन्द्र के है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

व्यास खा छा जीवा पर लम्ब है । तो आकृति २ में इस व्यास का भाग चा छा इस जीवा का शर कहलाता है ।



आकृति २

शर का आधुनिक त्रिकोणमितीय फलिनों से बहुत निकट सम्बन्ध है । यदि वृत्त की त्रिज्या १ हो तो

$$\text{शर} = \text{चा छा} = \frac{\text{चा छा}}{\text{के गा}} = \frac{\text{के छा} - \text{के चा}}{\text{के गा}} = १ - \frac{\text{के चा}}{\text{के गा}}$$

$$= १ - \text{कोज्या के} = (\text{अंग्रेज़ी में}) \text{ वर्सिन के}$$

अतः हम चाहें तो अंग्रेज़ी के 'वर्स्ड साइन' को हिन्दी में शरज्या कह सकते हैं । कुछ लोगों ने इस शब्द का प्रयोग किया भी है, परन्तु अधिकांश लेखक इसको 'उज्ज्या' कहते हैं† ।

घनहस्त, खारिका—(किसी ढेरी का) घनफल (शाब्दिक अर्थ= घन हाथ, घन इकाई)

यह शब्द 'राशि व्यवहार' में आता है । एक उदाहरण से इसका अर्थ

---

†उदाहरणार्थ देखो अवधेश नरायन सिंह : हिन्दू ट्रिग्नौमेट्री—प्रोसीडिंग्स बनारस मैथमेटिकल सोसायटी—न्यू सीरीज १ (१९ : ९) ७७—९२

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्पष्ट हो जायगा : यदि धान की एक ढेरी की परिधि २० है तो उसकी खारिका क्या होगी ?

दृढ़

मान लो कि दो संख्याओं में से उनका अपवर्तनांक निकाल दिया गया है। तो शेष संख्याओं को 'दृढ़ संख्यायें' कहेंगे। १५२ और ३६ का अपवर्तनांक ४ है। इसका भाग देने से ३८ और ९ आये। अब यह दोनों दृढ़ संख्यायें हैं।

खहर—'खहर' का अर्थ है वह संख्या जिसका हर खं अर्थात् शून्य हो। प्राचीन पुस्तकों में यह शब्द 'अनन्ती' के लिये प्रयुक्त होता था। इस शब्दावली के अनुसार

$$\frac{क}{०} = \text{खहर},$$

जिसमें क (शून्य से भिन्न) कोई भी परिमित संख्या है।

क्षेप—जो संख्या-जोड़ी जाय।

मान लो कि एक प्रश्न इस प्रकार है :

वह कौन सी संख्या है जिसके सातवें भाग में यदि ८ जोड़ा जाय तो १४ हो जाय।

तो इस प्रश्न में ८ क्षेप कहलायेगा।

दृश्य—इस शब्द का प्रत्यक्ष अर्थ है 'जो दिखाई दे।'

लीलावती का एक प्रश्न है :*

कमल के फूलों की एक राशि थी। उसके तीसरे, पांचवें, छठें और चौथे भाग से क्रम से शिव, विष्णु, सूर्य और पार्वती की पूजा की गई और शेष जो छः कमल बचे, उनसे गुरु की पूजा की। तो कहो उस पुजारी के पास कितने कमल थे।

---

* दुर्गाप्रसाद द्विवेदी : वही ९७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस प्रश्न में दृश्य ६ है। इसका अर्थ यह हुआ कि किसी क्रिया के पश्चात् जो शेष रहे, उसे दृश्य कहते हैं। और वास्तव में वस्तु का यही भाग अन्त में दिखाई देता है।

और भी कई प्राचीन लेखकों ने इस शब्द का प्रयोग इसी अर्थ में किया है।

बीजगणित की भाषा में उपरिलिखित प्रश्न का यह समीकरण होगा।

$$य - \left[\frac{य}{२} + \frac{य}{५} + \frac{य}{६} + \frac{य}{४}\right] = ६ \qquad (क)$$

श्रीधर ने 'त्रिशतिका' में एक प्रश्न दिया है :

१	१	१	दृश्य २
२	६	१२	

इसका समीकरण यह होगा :—

$$य - \left[\frac{य}{२} + \frac{य}{६} + \frac{य}{१२}\right] = २ \qquad (ख)$$

अब हम एक उदाहरण बक्षाली पाडुलिपि† से लेते हैं :—

१	१	१	दृश्य ६५
२	३	४	१

† सन् १८८१ में पेशावर के समीप एक गाँव बखाली में एक किसान को भूमि के अन्दर से भोजपत्र पर लिखी हुई एक पांडुलिपि मिली थी । यदि इस विषय में विशेष

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अर्थात् $\frac{य}{२}+\frac{य}{३}+\frac{य}{४}=६५$ (ग)

यहां दृश्य का अर्थ शेष तो नहीं लग सकता। यहाँ तो प्रश्न का न्यास यह है कि एक राशि के आधे, तिहाई और चौथाई भागों का जोड़ ६५ है।

अतः देखने में तो यह प्रतीत होता है कि यहाँ दृश्य जोड़ के लिये आया है, परन्तु वास्तव में इन दोनों अर्थों में कोई मौलिक अन्तर नहीं है। यदि हम यह कहें कि 'किसी भी क्रिया के अन्त में जो कुछ भी प्राप्त हो उसे दृश्य कहते हैं' तो यह अर्थ दोनों उदाहरणों में खप जायगा।

बीजीय समीकरणों में यदि अचल पद दाहिने हाथ पर रखा जाय तो राशि का वही भाग ज्ञात होता है, बायें हाथ का समस्त भाग अज्ञात होता है। अतः यदि बीजीय समीकरणों में हम अचल पद को दृश्य कहें तो यह अर्थ तीनों समीकरणों (क), (ख), (ग) में ठीक बैठ जायगा।

युक्त—जोड़ी हुई।

'५ से युक्त ग' का अर्थ हुआ (ग+५)। कभी कभी हम साधारण बोल-चाल में इस ढङ्ग की भाषा का प्रयोग करते हैं: '२ आने में ५ ऊपर ५० पान आये अर्थात् ५५ पान आये।

हीन—घटाई हुई।

'४ से हीन ग' का अर्थ है (ग—४)। कभी-कभी हम कहते हैं कि 'सभा में २ कम २० व्यक्ति थे।'

प्रक्षेपक—साझे में किसी साझी का लगाया हुआ धन।

मिश्रधन—साझे का पूर्ण धन।

जानकारी प्राप्त करनी हो तो देखो : विभूति भूषण दत्त: बखाली मैथेमेटिक्स—बुलेटिन कलकत्ता मैथेमैटिकल सोसायटी २१ (१९२९) १—६० यह दोनों उदाहरण मैंने उसी गवेषणा-पत्र से लिये हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मान लो कि किसी व्यापार में तीन साझी क्रमशः ८, १२ और १९ रुपये लगाते हैं। तो प्रक्षेपक हुए ८, १२ और १९ और मिश्रधन हुआ ३९।

उत्तमर्ण	क्रेडिटर
अधमर्ण	डेटर
समघन	घन, क्यूब (ठोस)

इनके अतिरिक्त लीलावती में और भी अनेक शब्द हैं परन्तु आधुनिक गणित में उनकी कदाचित ही कहीं आवश्यकता पड़े।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(६) 'लौगैरिथ्म' का पर्याय

आजकल वैज्ञानिक शब्दावली के क्षेत्र में कई विचार धारायें बह रही हैं। कुछ वैज्ञानिकों का तो यह मत है कि हम अंग्रेज़ी के पारिभाषिक शब्दों को ज्यूँ का त्यूँ अपना लें। यह लोग हिन्दी में अंग्रेज़ी शब्दों 'डाइनेमो, नाइट्रोजन और रेडियम' को ज्यूँ का त्यूँ लिखेंगे। इस पद्धति में तुरन्त एक कठिनाई आन खड़ी होती है। यदि हम 'रेडियम' शब्द को ज्यूँ का त्यूँ अपना लें तो 'रेड्यिो-ऐक्टिव' और 'रेडियो ऐक्टिविटी के लिए कौन सा पर्याय निर्धारित करेंगे ? क्या इन शब्दों को भी हम ज्यूँ का त्यूँ अपना लें ? यदि हम अंग्रेज़ी से 'ग्राफ' शब्द ज्यूँ का त्यूँ ले लें तो क्या 'ग्रैफिक' 'ग्रैफ़िकल' और 'ग्रैफिकली' को भी लेना होगा ? और यदि इन शब्दों को नहीं लेंगे तो इनके पर्याय किस प्रकार बनायेंगे ? क्या हम इन अंग्रेजी शब्दों पर संस्कृत व्याकरण के नियम लगा सकेंगे ? क्या हम 'ग्राफात्मक' और 'ग्राफतः' जैसे भद्दे प्रयोगों को हिन्दी में चला सकेंगे ? क्या इस प्रकार के शब्द हिन्दी और संस्कृत जगत को ग्राह्य होंगे ? कदापि नहीं। स्पष्ट है कि अंग्रेजी शब्दों को ज्यूँ का त्यूँ अपनाने की नीति हमें दो पग भी आगे न बढ़ने देगी।

कुछ अन्य लोगों ने इस नीति में थोड़ा सा हेर फेर किया। उन्होंने अंग्रेजी शब्दों को थोड़ा सा तोड़ मरोड़ कर उन्हें हिन्दी रूप देना चाहा। 'औक्सीजन' के पर्याय 'अक्सजन' और 'ओषजन' इस प्रवृत्ति के उदाहरण हैं। इस नीति का फल यह हुआ कि हमारे पारिभाषिक शब्द सर्वथा निरर्थक बने। इसके अतिरिक्त ऊपर लिखा दोष इन शब्दों में भी ज्यूँ का त्यूँ रह गया। 'ओषजन' से 'औक्साइड', 'औक्सिडाइज़' 'औक्सि-जेनेट' इत्यादि के पर्याय बनाने यदि असम्भव नहीं तो बहुत ही कठिन अवश्य हैं।

कुछ लेखकों ने इस नीति में और थोड़ा सा परिवर्तन किया। उन्होंने

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यह प्रयास किया कि शब्द ऐसे बनें जिनका अंग्रेजी शब्दों से ध्वनि साम्य भी रहे और खींच तानकर यह शब्द हिन्दी अथवा संस्कृत के मूलों से सम्बद्ध भी कर दिये जायँ। यहाँ मैं ऐसे शब्दों के कुछ उदाहरण देता हूँ:—

केबिल = कई बल (जिसमें कई बल पड़े हों)

बैटरी = बलकरी

सर्किट = सरकित

ग्राफ़ = ग्राह

स्पाइरल = सर्पिल

परन्तु हमारी कठिनाई ज्यूँ की त्यूँ रह गई। हम 'सर्किट' को चाहे 'सर्कित' कह भी लें परन्तु 'सर्किटस' को क्या कहेंगे? यदि 'ग्राफ' का पर्याय 'ग्राह' मान लें तो 'ग्रैफिकल' का पर्याय कैसे बनायेंगे।

इसी ढङ्ग का उदाहरण है 'लौगैरिथ्म' का पर्याय 'लघुरिक्थ'।

हमारे पूर्वजों ने कदाचित इस शब्द के लिए स्पष्ट रूप से कोई पर्याय नहीं बनाया था क्योंकि गणित के प्राचीन संस्कृत ग्रंथों में इस ढङ्ग के किसी शब्द का उल्लेख नहीं है। परन्तु पं० सुधाकर द्विवेदी का विचार है कि हमारे प्राचीन गणितज्ञ लौगेरिथ्म के भाव से सर्वथा अनभिज्ञ नहीं थे। इसका प्रमाण वह यह देते हैं कि बहुत पुराने समय से हमारे देश में यह प्रश्न प्रचलित है—

१ रत्ती हीरे का मोल १०० रुपये हैं तो ४ रत्ती हीरे का क्या मोल होगा, जहाँ यह शर्त है कि सवाई तोल चौगुना मोल?

इस प्रश्न का साधन बिना लौगेरिथ्म की सहायता के नहीं हो सकता।

परन्तु यदि प्राचीन गणितज्ञ लौगैरिथ्म के भाव से परिचित भी थे तो भी उस भाव के द्योतक किसी पारिभाषक शब्द के अभाव में हमें कोई न कोई नया शब्द बनाना ही पड़ेगा। आधुनिक समय में पं० बापूदेव

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शास्त्री ने अपनी त्रिकोणमिति में इस शब्द के लिये 'प्रघातमापक' पर्याय बनाया है*। इस शब्द की उत्पत्ति सरलता से समझ में आ सकती है:—

घात का अर्थ है 'पौवर'। क^{७} को पढ़ेंगे 'क घात ७' और 'इनडेक्स' ७ को कहेंगे 'घातांक' अथवा घातमापक, क्योंकि यह घात का माप है। और लौगैरिथ्म की व्याख्या इस प्रकार है :

यदि $$क^{य} = च$$

तो च का लौगैरिथ्म य हुआ आधार क के अनुसार। और इस संबंध को हम इस प्रकार लिखेंगे :

$$\text{लौगैरिथ्म}_{क} च = य ।$$

स्पष्ट है कि लौगैरिथ्म भी एक प्रकार का घातांक ही होता है। परन्तु यह घातांक एक विशिष्ट प्रसंग में ही लौगैरिथ्म कहलाता है। अतएव विशेषता दर्शाने के लिये 'घातमापक' में 'प्र' उपसर्ग लगाया गया है जो विशेषता का द्योतक है। इस प्रकार लौगैरिथ्म का नाम 'प्रघातमापक' हो गया।

तत्पश्चात् पं० सुधाकर द्विवेदी ने अपनी पुस्तक 'दीर्घवृत्त लक्षण' में इस शब्द का पर्याय 'लघुरिक्थ' बनाया। इस शब्द की उत्पत्ति वह स्वयं ही इस प्रकार देते हैं† :

पिता जो धन मरने के पश्चात् छोड़ जाता है, उसे 'रिक्थ' कहते हैं। यदि संख्या १०^{५} मर जाय तो ५ शेष रहेगा। इसे छोटा रिक्थ अर्थात् 'लघु रिक्थ' कह सकते हैं। यह शब्द अंग्रेजी शब्द से मिलता भी है,

---

* संस्कृत के कोषों में भी इसी ढङ्ग के शब्द दिये हैं। उदाहरणतः मूलगाँवकर को 'हैन्डो इंगलिश संस्कृत डिक्शनरी' में लौगैरिथ्म के पर्याय 'घातदर्शक, घातप्रमापक और संवर्गमापक' दिये हैं।

† देखो सुधाकर द्विवेदी : गणित का इतिहास भाग १ पृष्ठ १३२।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अतः जो व्यक्ति अंग्रेजी, हिन्दी दोनों जानते हों, उन्हें यह नाम स्मरण करने में भी कोई कठिनाई नहीं होगी । इस प्रकार यह नाम सार्थक भी हो जाता है ।

इस प्रकार का तर्क तो धींगामस्ती ही कहलायेगा । संख्या के मर जाने का क्या अर्थ हुआ ? और यदि सारी संख्या $१०^{५}$ मर गई तो घातांक ५ ही शेष कैसे रह गया ।

लघुरिक्थ शब्द बहुत प्रचलित भी नहीं हो पाया ।

सन् १९०६ में बा० श्यामसुन्दर दास की 'हिन्दी वैज्ञानिक शब्दावली' नागरी प्रचारिणी सभा काशी से प्रकाशित हुई । उसमें लौगैरिथ्म का पर्याय 'घातांकगणन' दिया है । यह नाम तो बिल्कुल ही बेतुका प्रतीत होता है ।

सन् १९३१ में इस शब्दावली का परिवर्द्धित संस्करण छपा । इसमें लौगैरिथ्म का पर्याय 'लघुगणक' दिया है । इस नाम में कुछ तथ्य अवश्य है । लौगैरिथ्म की सहायता से बहुत से प्रश्नों में गुणा के स्थान पर योग से और भाग के स्थान पर वियोग से काम चल जाता है । इस प्रकार गणना में सरलता आ जाती है । इसलिए इसको 'लघुगणक' कहना अनुपयुक्त न होगा* ।

परन्तु प्रश्न यह है कि क्या वास्तव में हमारी प्राचीन पुस्तकों में लौगैरिथ्म का कोई पर्याय नहीं है । कम से कम एक स्थान है जहाँ यदि प्रत्यक्ष रूप में नहीं तो परोक्ष रूप में इस शब्द का पर्याय विद्यमान है । नेमिचन्द ने अपने ग्रन्थ 'त्रिलोकसार' में एक शब्द 'अर्द्धच्छेद' दिया है । इस शब्द का अर्थ है 'जितनी बार एक संख्या अधियायी जा सके ।

यदि $य^{स} = २$

तो 'स' 'य' का अर्धच्छेद हुआ ।

अर्थात् स = अर्धच्छेद य ।

---

* मरहारी की ट्वेन्टियेथ सेन्चुरी डिक्शनरी में भी यही शब्द दिया गया है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चूँकि $६४=२^{६}$,

अतः अर्धच्छेद ६४=६

आधुनिक शब्दावली में इसी सम्बन्ध को इस प्रकार लिखेंगे :—

लघुगणक $_{२}$ ६४=६

स्पष्ट है कि 'अर्धच्छेद' का अर्थ हुआ 'आधार २ के प्रति लिया गया लौगैरिथ्म।'

नेमिचन्द ने इस शब्द का प्रयोग इसी अर्थ में किया था, इस बात की पुष्टि निम्नलिखित नियमों से होती है जो उन्होंने 'त्रिलोकसार' की गाथा १०५-१०८ में दिये हैं* :—

१—गुणक और गुण्य के अर्धच्छेदों का योग गुणनफल का अर्धच्छेद होता है।

अर्थात् $$२^{श+ष} = २^{श} . २^{ष}$$

स्पष्ट है कि यह घातांक नियम की ही एक विशिष्ट दशा है।

२—यदि भाज्य के अर्धच्छेद में से भाजक का अर्धच्छेद घटायें तो भजनफल का अर्धच्छेद प्राप्त होगा।

अर्थात् $$२^{श-ष} = \frac{२^{श}}{२^{ष}}$$

यह भी घातांक नियम की ही एक विशिष्ट दशा है।

यदि हम इस शब्दावली को अपनायें तो 'लौगैरिथ्म' के लिये 'छेद' पर्याय मानना होगा। इस प्रकार 'आधार १० के प्रति लिये गये 'लौगैरिथ्म' को कहेंगे 'दशमच्छेद' अथवा 'दशमभागच्छेद'। परन्तु यदि हम

---

* देखो कापाडिया लिखित श्रीपति का 'गणिततिलक' (१९३७) भूमिका पृष्ठ २५।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

क्रमात्मक संख्याओं (आर्डिनल नम्बर्स) के स्थान पर 'गणनात्मक संख्याओं (कार्डिनल नम्बर्स) का प्रयोग करें तो इसको 'दशच्छेद' कहेंगे। इसी प्रकार 'आधार ७ के प्रति लिये गये 'लौगैरिथ्म' को कहेंगे 'सप्तच्छेद'। यह शब्द बहुत सरल और छोटे हैं और एक पूरे वाक्यांश का अर्थ एक शब्द में आ जाता है। परन्तु एक कठिनाई है। हमारी प्राचीन गणित में 'छेद' शब्द कई अर्थों में प्रयुक्त होता था। प्राचीन पुस्तकों में 'डिनौमिनेटर' के कई पर्याय दिये हैं : छिति, छेद, हर, हार। इनमें से 'हर' प्रायः सर्वमान्य हो गया है। अतएव 'छेद' के इस अर्थ के कारण तो कोई भ्रम नहीं पड़ेगा। परन्तु छेद का एक अर्थ 'सेक्शन' अर्थात् काट भी होता है।* साधारण अंग्रेज़ी-हिन्दी और अंग्रेजी-संस्कृत कोषों में सेक्शन के अर्थ 'छेद' और 'परिच्छेद' दिये हैं और 'क्रौस सेक्शन' का 'अनुप्रस्थ परिच्छेद'†। परन्तु उसी शब्दावली के एक अन्य स्थल पर 'क्रौस सेक्शन' का पर्याय केवल 'परिच्छेद'§ दिया है। चूँकि 'परि' द्योतक है चारों ओर का अतएव यह अधिक उपयुक्त प्रतीत होता है कि 'सेक्शन' का पर्याय केवल 'छेद' माना जाय और 'क्रौस सेक्शन' का 'परिच्छेद'।

सेक्शन के लिए'काट' भी बहुत कुछ प्रचलित हो चुका है। इसे हटाने की कोई आवश्यकता नहीं। यथावसर 'छेद' और 'काट' दोनों प्रयुक्त हो सकते हैं। कुछ प्रयोग ऐसे होंगे जिनमें 'काट' उपयुक्त होगा, कुछ में छेद; कुछ में दोनों।

अतएव हमारी शब्दावली इस प्रकार की होगी :

Section	छेद, काट
Sectional	छेदीय

---

* छेद के साधारण अर्थ छिद्र के कारण भ्रम होने को आशङ्का बहुत कम है।

† ना० प्र० सभा की गणितीय शब्दावली पृष्ठ ३२

§ पृष्ठ ११२

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Cross-Section	परिच्छेद
Theory of Sections	छेद सिद्धान्त
Vertical Section	ऊर्ध्व छेद, ऊर्ध्व काट
Horizontal Section	क्षैतिज छेद, क्षैतिज काट
Circular Section	वर्तुल काट
Common Section	उभयनिष्ठ काट
Conic Section	शंकु काट, शांकव
Golden Section	कनक काट
Lateral Section	पार्श्विक छेद
Medial Section	मध्यकी छेद
Mean	मध्यक
Normal Section	अभिलम्ब काट
Plane Section	समतल काट
Method of Sections	छेद विधि
Points of Section	विभाजक बिन्दु
Middle Section	मध्यच्छेद

यदि हम 'लौगैरिथ्म' का पर्याय भी 'छेद' मानें तो 'सेक्शन' के अर्थ का भ्रम होने की आशंका बहुत रहेगी। विशिष्टत: 'मीन लौगैरिथ्म' के लिये मध्यच्छेद' कहना होगा और 'मीडियल सेक्शन' के लिये 'मध्यकी छेद'। इन दोनों पर्यायों में अत्यधिक समानता है। इसके अतिरिक्त 'छेद विधि' का अर्थ method of Sections भी हो सकेगा, Method of logarithms भी। अतएव, इस पर्याय में थोड़ा बहुत परिवर्त्तन करना ही पड़ेगा।

इस कठिनाई को दूर करने के लिए डा० रघुवीर ने यह प्रस्ताव किया है कि 'लौगैरिथ्म' का पर्याय 'छेदा' रखा जाय। इस प्रकार हम प्राचीन शब्द के समीप भी रहेंगे और 'सेक्शन' के पर्याय से सम्भ्रम भी न होने पायेगा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस सम्बन्ध में एक और बात पर भी विचार करना है। अंग्रेजी के अक्षर e के दो अर्थ हैं: एक तो eccentricity, दूसरा transcendental function e. । इन दोनों अर्थों के लिए हिन्दी में भी उपयुक्त अक्षर चुनने होंगे। हम तत्सम्बन्धी शब्दावली और संकेतलिपि इस प्रकार बना सकते हैं।

eccentricity	उत्केन्द्रता
e	उ
(transcendental)e	घ ('घातांक' से)
(Generalised)E	घा
Logarithm	छेदा
Logarithm to base 10	दशच्छेदा
Logarithm to base e	घच्छेदा
Logarithmic	छेदी
Logarithmic theorem	छेदा प्रमेय
Logarithmic Series	छेदा श्रेणी
Logarithmic curve	छेदी वक्र
Logarithmic Function	छेदी फलिन
Logarithmic differentiation	छेदी अवकलन
Mean logarithm	मध्यकच्छेदा
Anti-logarithm	प्रतिच्छेदा
Characteristic of a logarithm	छेदा पूर्णांश
Mantissa of a logarithm	छेदा भिन्नांश

इस शब्दावली पर गणितज्ञ कृपया ध्यान दें।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(७) गणितीय शब्दावली की समस्यायें

किसी भी भाषा में एक शब्द के अनेक अर्थ होना कोई अप्राकृतिक बात नहीं है। अंग्रेज़ी भी इस गुण से ओत प्रोत है। भिन्न भिन्न विषयों में एक शब्द के भिन्न भिन्न अर्थ होना तो साधारण सी बात है। चलन कलन में Differential का एक विशिष्ट अर्थ है। औषधि विज्ञान में शब्द Differential का अर्थ सर्वथा भिन्न है और राजनीति में Differential (treatment) एक पृथक ही वस्तु है। इस प्रकार के उदाहरण तो अनगिनत दिये जा सकते हैं परन्तु एक ही पारिभाषिक विषय में भी एक ही पारिभाषिक शब्द के अनेक अर्थ हो सकते हैं। मैं यहाँ केवल दो एक उदाहरण लेता हूँ :–

जब हम Cartesian System का उल्लेख करते हैं तो System से हमारा तात्पर्य एक पद्धति अथवा प्रणाली से होता है। परन्तु, जब हम किसी System of circles पर विचार करते हैं तो System से हमारा तात्पर्य एक समूह अथवा संहति से होता है। अब मान लीजिये कि हम किसी संग्रह के विषय में कहें कि :–

There is a system in the collection

तो इस वाक्य में System का तीसरा ही अर्थ है। स्पष्ट है कि तीनों स्थानों पर System के लिये एक ही पर्याय से काम नहीं चलेगा। हमें कुछ इस ढङ्ग की शब्दावली बनानी होगी :–

१. (Cartesian) System	(कार्तीय) पद्धति
२. System (of circles)	(वृत्त) संहति
३. System	क्रम, व्यवस्था

अंग्रेजी का एक दूसरा शब्द लीजिये Homogeneous. जब हम कहते हैं Homogeneous equation तो उसका अर्थ होता है 'ऐसा समीकरण जिसके समस्त पदों के घात बराबर हों।' परन्तु जब हम कहते हैं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Homogeneous liquid तो हमारा तात्पर्य ऐसे द्रव से होता है जिसका कोई भी भाग ले लें, घनत्व एक सा ही मिलेगा।

इसी शब्द से मिलता जुलता एक शब्द है Uniform। जब हम कहते हैं Uniform function, तो अर्थ होता है: ऐसा फलिन जिसका मान अथवा रूप एक सा रहता हो। परन्तु Uniform body का अर्थ Homogeneous body से मिलता जुलता है। Homogeneous उस काय को कहते हैं जिसके सब भागों का घनत्व एक सा हो परन्तु Uniform body उसे कहते हैं जिसके सब भागों का घनत्व भी एक सा हो और रूप भी एक सा हो। इन दोनों भावों के लिये पृथक् पृथक् शब्द रखने होंगे। हम अपनी शब्दावली इस प्रकार की बना सकते हैं:—

Homogeneous Equation	समघात समीकरण
Homogeneous body	समांग काय
Uniform function	एकरूप फलिन
Uniform Convergence	एकरूप संसृति
Uniform body	एकरूप काय

हिन्दी शब्दावली में भी एक शब्द के अनेक अर्थ हो सकते हैं। इसमें कोई दोष नहीं है। परन्तु अर्थ ऐसे होने चाहिये जिनमें परस्पर भ्रम की आशंका न हो। जहाँ ऐसी आशंका हो वहाँ पुराने शब्द को एक अर्थ के लिए निश्चित करके अन्य अर्थों के लिए नए शब्द बनाना आवश्यक होगा। इस लेख में मैं हिन्दी के कुछ ऐसे ही शब्दों पर विचार करूँगा जिनके, अभ्यास के कारण, कई कई अर्थ हो गए हैं।

(१) क्रिया—यह शब्द Action और Operation दोनों के लिए आता है। यह दोनों वस्तुयें एक दूसरे से सर्वथा भिन्न हैं। परन्तु दोनों अर्थों में इस शब्द का प्रयोग रूढ़ हो चुका है। Action and Reaction के लिए 'क्रिया और प्रतिक्रिया' वाक्यांश परम्परा से चला

५

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आता है। और जोड़ने, घटाने को भी प्राचीन काल से 'योग और वियोग क्रिया' कहते चले आए हैं। अतएव 'क्रिया' शब्द के इन दोनों में से किसी अर्थ को भी छोड़ देना व्यावहारिक दिखाई नहीं पड़ता। और कदाचित इसकी आवश्यकता भी नहीं है। इन दोनों अर्थों में परस्पर भ्रम की आशङ्का बहुत कम है। कठिनाई तभी उपस्थित होगी जब इस ढंग का वाक्य आ पड़ेगा :

The acting force will be continuously in operation.

परन्तु एक तो ऐसे वाक्य बहुत कम प्रयोग में आयेँगे। दूसरे, यहाँ Operation का अर्थ भी Action ही है। और हम इसका अनुवाद इस प्रकार कर सकते हैं:—

कारक बल (अथवा चेष्टक बल) सतत रूप से कार्य करता रहेगा।

हमारी तत्सम्बन्धी शब्दावली इस प्रकार की बनेगी :—

Act	क्रिया करना चेष्टा करना
Acted on	चेष्टित
Acting force	चेष्टक बल, कारक बल
Action	क्रिया
Active	क्रियाशील, सक्रिय
Operand	कर्म
Operate	क्रिया करना
Operated	क्रियाकृत
Operation	क्रिया
Operational factor	क्रियात्मक गुणक
Operative	क्रिया कारी
Operator	कारक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(२) वास्तविक—यह शब्द Real, True और Actual तीनों के अर्थ में आता है। True के लिए तो इसका प्रयोग अनावश्यक है, क्योंकि उसके लिए तो शब्द 'सत्य' सर्वथा उपयुक्त है। साधारणतः यदि Real और Actual के लिए एक ही शब्द का प्रयोग किया जाय तो कोई भ्रम नहीं पड़ता। परन्तु यदि हमें इस वाक्य का अनुवाद करना पड़ा तो कठिनाई आ पड़ेगी:—

Even if the proportional coordinates are imaginary, the actual coordinates may be real.

स्पष्ट है कि ऐसी स्थिति में Actual और Real दोनों के लिए एक ही शब्द से काम नहीं चलेगा। मेरी समझ में गणित में Real शब्द प्रयोग में बहुत आता है। अतएव इसके लिए प्रचलित शब्द 'वास्तविक' निश्चित कर दिया जाय और Actual के लिये 'यथार्थ' निर्धारित किया जाय।

(३) मिश्र—इस शब्द के भी कई प्रयोग देखने में आये हैं:— Mixture, compound, complex,

Mixture शब्द के लिए हम 'मिश्र' शब्द का प्रयोग कर सकते हैं। इसमें और Compound (विशेषण) में परस्पर भ्रम की सम्भावना प्रायः नहीं है। परन्तु यदि हम इन दोनों को पृथक करना चाहें तो Mixture को 'मिश्रण' कह सकते हैं जैसा कि ना. प्र. स. के कोष में दिया है। ऐसी दशा में to mix (क्रिया) और Mixture (संज्ञा) दोनों के लिए एक ही शब्द 'मिश्रण' का प्रयोग करना होगा।

मिश्र	Mixture
मिश्र	Compound (संज्ञा)
मिश्र योग	Compound Addition
मिश्र कल्पित राशि	Complex quantity

Mixture और Compound (संज्ञा) दोनों के लिये एक ही पर्याय से कदापि काम नहीं चल सकता। नागरी प्रचारिणी सभा की गणितीय

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शब्दावली में Compound (क्रिया) का पर्याय संयोजन दिया है। अतएव Compound (संज्ञा) के लिये यदि 'संयोग' शब्द का प्रयोग किया जाय तो अनुचित न होगा।

यदि Compound (विशेषण) के लिए मिश्र का प्रयोग प्रचलित रहे तो कोई हानि नहीं है। जिस अर्थ में यह शब्द आजकल गणितीय विषयों में विशेषण के रूप में आता है उसका इसके संज्ञारूप के अर्थ से कोई निकट सम्बन्ध नहीं रह गया है। जिस प्रसंग में Compound संज्ञा के रूप में आता है, उस प्रयोग में विशेषण के रूप में नहीं आता। Compound Addition का Chemical Compounds से कोई सम्बन्ध नहीं है। अतएव Compound शब्द के इन दोनों अर्थों के लिये एक ही पर्याय रखना अनुचित नहीं होगा।

Complex quantity के लिये 'मिश्र कल्पित राशि' बिल्कुल बेतुका है। इस शब्द से कल्पना से क्या सम्बन्ध है ? मैंने अपनी गणितीय शब्दावली* में इसका पर्याय 'सङ्कर राशि' दिया है। यदि यह पर्याय गणितीय जगत को स्वीकार हो जाय तो 'मिश्र' शब्द सम्बन्धी समस्या हल हो जायगी और हमारी शब्दावली इस प्रकार की बनेगी :—

To mix	मिश्रण
Mixture	मिश्र
Compound (संज्ञा)	संयोग
To Compound	संयोजन
Compound Addition	मिश्र योग
Complex quantity	संकर राशि

(४) संकलन—यह शब्द भी कई अर्थों में प्रयुक्त हो रहा है :—

संकलन सूत्र	Addition Formula

* यह शब्दावली 'भारतीय हिन्दी परिषद प्रयाग' से प्रकाशित हो रही है। भाग १ छप चुका है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संकलन	Summation
संकलन नियम	Law of association

Addition और Summation के लिये एक ही शब्द का प्रयोग नहीं होना चाहिये। 'Summation of series' में हम श्रेणी के भिन्न-भिन्न पदों को केवल जोड़ते ही नहीं है, इसके अतिरिक्त और भी कुछ करते हैं। पहिले हम पदों की एक परिमित संख्या 'ग' का जोड़ निकालते हैं। फिर इस फल में हम 'ग' को अनन्त की ओर प्रवृत्त करते हैं। जो फल आता है उसे श्रेणी का Sum कहते हैं। Summation शब्द में यह सारी क्रिया निहित है। अतएव इस क्रिया के लिए Addition के पर्याय से पृथक कोई शब्द निर्धारित करना होगा।

Association के लिये संकलन शब्द सर्वथा अनुपयुक्त है। यदि इसी शब्द को अपनाया जाय तो Associative और Summable दोनों को 'संकलनशील' कहना होगा। इसके अतिरिक्त 'संकलित' का अर्थ Summed भी होगा, Associated भी। अतएव मेरा प्रस्ताव है कि हम इस प्रकार की शब्दावली बनायें :

Addition	योग करना, जोड़ना, योजन
Sum (N)	योग, जोड़,
Sum (V)	संकलन
Summation	संकलन
Summable	संकलनशील
Summability	संकलनशीलता
Associate	सहचर
Association	सहचरन, साहचर्य
Associated function	सहचरित फलिन
Associative	सहचरनशील
Law of Association	सहचरन नियम

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(५) आसन्न—इस शब्द के भी तीन प्रयोग देखने में आये हैं :—

आसन्न कोण	Adjacent Angle
आसन्न चित्र	Adjoining picture
आसन्न मान	Approximate value

इसी ढङ्ग का एक शब्द 'संलग्न' है। यह भी Adjacent और Adjoining दोनों के लिये प्रयुक्त होता है। यदि हम इन दोनों शब्दों का काम एक ही पर्याय से चलाना चाहें तो इस ढङ्ग के वाक्य का अनुवाद करने में कठिनाई आन पड़ेगी :—

In the adjoining figure the adjacent angles are equal.

अतएव स्पष्ट है कि दोनों के लिये पृथक-पृथक पर्याय रखने होंगे।

Approximation के दो अर्थ हैं: पास आना और पास लाना।

यह दोनों अर्थ निम्नलिखित वाक्यों से स्पष्ट हो जायँगे :—

This result approximates to that.

I am not finding the correct value; I am only approximating it.

अतएव Approximate के लिये ऐसा शब्द चुनना होगा जो दोनों काम दे सके। डा० रघुवीर का प्रस्ताव है कि Approximate का पर्याय पहिले अर्थ में 'उपसदन' रक्खा जाय, दूसरे में 'उपसादन'। शब्दावली इस प्रकार की बनेगी :—

Adjacent	आसन्न
Adjoining, Adjoint	संलग्न
Approximation (to come near)	उपसदन
Approximation (to bring near)	उपसादन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Approximated	उपसादित
Approximate value	उपसन्न मान
Approximately	उपसादन से, लगभग
Approximator	उपसादक
Near Approximation	समीप उपसदन

(६) संगत :--

संगत कोण	Corresponding angle
संगति	Correspondence
संगति	Consistency
असंगति	Inconsistency

'असंगति प्रदर्शन' में यह शब्द अन्तिम अर्थ में प्रयुक्त होता है। यदि हम इन प्रयोगों में कोई परिवर्तन न करें तो इस प्रकार के वाक्य में कठिनाई उपस्थित हो जायगी :--

The corresponding value will be inconsistent with the data.

इसका अनुवाद इस प्रकार करना होगा :—'संगत मान न्यास से असंगत होगा।' यह वाक्य बहुत ही भद्दा प्रतीत होगा। मेरे विचार में इन शब्दों के पर्याय इस प्रकार निर्धारित किये जायँ :—

Consistent	संगत
Consistency	संगति
Inconsistent	असंगत
Inconsistency	असंगति
Corresponding	संवादी (र)
Correspondence	संवादिता
to Correspond	संवादी होना

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(७) घन—यह शब्द भी तीन अर्थों में प्रयुक्त हो रहा है :

घन	Solid
घन	Cube (Solid)
घन	Third power

यदि इन शब्दों का विवेचन न किया गया तो निम्नलिखित वाक्य

A cube is a solid

का अनुवाद

घन एक घन है

होगा। यह वाक्य निरर्थक प्रतीत होगा। 'घन' के दूसरे और तीसरे अर्थों में परस्पर भ्रम की आशंका बहुत कम है। अतएव यदि हम Solid को ठोस या सुघन कहें तो सारी कठिनाई दूर हो जाय।

(८)—प्रयोग—इस शब्द के चार अर्थ हैं जो निम्नलिखित वाक्यांशों से स्पष्ट हो जायंगे :—

Theory and Practice	सिद्धान्त और प्रयोग
Application of a Theorem	प्रमेय का प्रयोग
Use of a word	शब्द का प्रयोग
Experiment	प्रयोग

स्पष्ट है कि यदि यह शब्द चारों अर्थों में प्रयुक्त होता रहा तो अनेक अवसरों पर कठिनाई उपस्थित हो जायगी। उदाहरणार्थ मैं अंग्रेज़ी के दो वाक्य लेता हूँ :—

The use of this experiment is limited.

Theoretically, the rule is perfect, but in practice its application presents many difficulties.

इन वाक्यों में से प्रत्येक के अनुवाद में 'प्रयोग' शब्द दो दो बार डालना होगा। अतएव वाक्य बहुत भद्दे हो जायँगे। स्पष्ट है कि इस शब्द के कुछ अर्थों के लिये नये पर्याय बनाने होंगे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Practice शब्द के भी कई अर्थ हैं। अंकगणित में वह एक विशेष क्रिया का नाम है जिसका पर्याय 'व्यवहारगणित' काफ़ी प्रचलित हो चुका है। परन्तु इसके अतिरिक्त इस शब्द के दो प्रयोग और हैं जो इन दो वाक्यांशों से स्पष्ट हो जायँगे :—

Practical life
Science Practical

इनमें से पहिले को हम 'व्यावहारिक जीवन' कहते हैं परन्तु दूसरे को 'विज्ञान व्यवहार' अथवा 'वैज्ञानिक व्यवहार' नहीं कह सकते। इसके लिए कोई नया शब्द ढूँढ़ना पड़ेगा। डा० रघुवीर का प्रस्ताव है कि इसके लिये 'अनुष्ठान' शब्द निर्धारित किया जाय। अत: भिन्न-भिन्न वाक्यांशों का अनुवाद इस प्रकार होगा :—

(Science) Practical	अनुष्ठान
Practical Method	व्यावहारिक विधि
Practical Use	व्यावहारिक उपयोग
Practical Class	अनुष्ठान कक्षा
Practically	व्यावहारिक रूप से
In practice	व्यवहार में
Theory and practice	सिद्धान्त और व्यवहार

इस शब्दावली से यह भी स्पष्ट है कि Use के लिये 'उपयोग' शब्द 'प्रयोग' से अधिक उपयुक्त होगा। इस प्रकार 'प्रयोग' के चार अर्थों में से दो का निपटारा हुआ जाता है। अब शेष बचे Experiment और Application। यदि इन दोनों के लिये एक ही शब्द का प्रयोग किया जाय तो Applied Science और Experimental Scicnce दोनों को 'प्रयोजित विज्ञान' अथवा 'प्रयोगात्मक विज्ञान' कहना होगा। और किसी स्थल पर यह जानने में कठिनाई जान पड़ सकती है कि 'प्रयोजित विज्ञान' से लेखक का तात्पर्य Applied Science से है अथवा Expe-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

rimental Science से । अतएव मेरा प्रस्ताव है कि निम्नलिखित संशोधित शब्दावली स्वीकार की जाय :—

Applicable	लागू, प्रयोज्य
Application (of a rule)	प्रयोग
Application (of a triangle)	आच्छादन
Geometrical Applicatian	ज्यामितीय प्रयोग
Point of Application	प्रयोग बिन्दु
Applied Science	व्यावहारिक विज्ञान
Experiment	प्रयोग
Experimental Science	प्रयोगात्मक विज्ञान
Experimental proposal	प्रायोगिक प्रस्ताव

(९) अनिश्चित—यह शब्द दो अर्थों में आ रहा है Indeflnite और Undetermined. इन दोनों अर्थों में आकाश पाताल का अन्तर है। Indefinite का एक अर्थ तो Infinite है। उस अर्थ से तो हमें यहाँ कोई प्रयोजन नहीं है। इस शब्द का दूसरा अर्थ इस प्रकार का है:-

The meeting is indefinitely postponed.

इस अर्थ में इस शब्द के लिये 'अनिश्चित' पर्याय सर्वथा उपयुक्त है। परन्तु Undetermined form आजकल एक विशेष प्रकार के व्यंजन को कहते हैं। इसका मान अनिश्चित तो होता ही है, बिना किसी विशेष क्रिया के निश्चित हो भी नहीं सकता। अतएव Undetermined इस अर्थ में एक पारिभाषिक शब्द हो गया है। यदि इस शब्दावली में कोई परिवर्तन न किया गया तो 'अनिश्चित रूप' से Indefinite shape का अर्थ भी हो सकेगा, Undetermined form का भी। मैं यहां तत्सम्बन्धी कुछ शब्दों की सूची देता हूँ :—

Indefinite Integral	अनिश्चित अनुकल
Definite Integral	निश्चित अनुकल

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Indefinitely increases — अनन्ततः बढ़ता है
Indeterminate — अनिर्णीत
Limits of indetermination — अनिर्णीतता की सीमायें
Undetermined form — अनिर्धारित रूप

(१०) आधार—इस शब्द के भी कई अर्थ दृष्टिगोचर हो रहें हैं:—

Base of a triangle	त्रिभुज का आधार
Base of a logarithm	लघुगणक का आधार
Basis	आधार
Point of Support	आधार बिन्दु

पहिले तीन अर्थों में तो परस्पर भ्रम की कोई आशंका नहीं है। चौथे अर्थ के कारण भ्रम पड़ सकता है। 'आधार बिन्दु' का अर्थ point of Support भी हो सकता है, Point of the base भी। इसके अतिरिक्त मान लो कि कोई प्रश्न इस ढङ्ग का है:—

A triangle is supported at a *point of the base*, and the *point of support* is joined to another point of the base by means of a string.

इस वाक्य के अनुवाद में दोनों तिरछे लिखे वाक्यांशों के लिये 'आधार विन्दु' का प्रयोग करना होगा। अतएव मेरी समझ में Support के लिये 'आधार' के स्थान पर 'अवलम्ब' शब्द का प्रयोग होना चाहिये।

(११) फल—इस शब्द का प्रचलित अर्थ Result है जैसा कि इन शब्दों से स्पष्ट है:—

भजनफल, गुणनफल, घनफल

नागरी प्रचारिणी सभा की शब्दावली में Function का पर्याय भी 'फल' ही दिया है। यह कदाचित ध्वनि-साम्य के कारण दिया गया है। यह शब्द तो किसी प्रकार इस अर्थ में चल ही नहीं सकता। चलन-कलन में इस ढङ्ग के वाक्य बहुधा आयेंगे:—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

The *result* of differentiating the *function* is 2x.

इस वाक्य में दोनों तिरछे लिखे शब्दों के लिये 'फल' शब्द का प्रयोग करना पड़ेगा। इसी प्रकार यदि कहीं 'फल का अवकलन करने से' ऐसा वाक्यांश आयेगा तो उसके अर्थ Differentiating the function और Differentiating the result दोनों हो सकेँगे।

बहुत दिनों तक इस समस्या पर विचार करने से मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ कि Function के लिये 'फलिन' शब्द उपयुक्त होगा। 'फलिन' का अर्थ कोषों में दिया है 'फलने वाला'। इस प्रकार एक विचार से यह अर्थ ठीक बैठ जाता है क्योंकि जब Function पर भिन्न-भिन्न प्रकार की क्रियायें होती हैं तो वह फलती फूलती है। यदि यह शब्द स्वीकार हो जाय तो हमारी तत्सम्बन्धी शब्दावली इस प्रकार की बनेगी :-

Function	फलिन
Functional	फलिन्य
Functionality	फलिन्यता
Functional dependence	फलिन्य परतन्त्रता
Functionals (Theory)	फलिनवाद

(१२) गणना—यह शब्द Calculation और Counting दोनों के लिए प्रयुक्त हो रहा है। इन दोनों अर्थों में तो परस्पर भ्रम की आशंका बहुत अधिक है। यदि कोई कहे कि

मैंने गणना कर ली है

तो इसका क्या अर्थ होगा

I have counted

अथवा I have calculated ?

Counting में केवल गिनती का ही भाव है, Calculation में गिनती के अतिरिक्त जोड़ना, घटाना, गुणा, भाग, इत्यादि भी करना पड़ता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

है। अतएव Counting के लिये 'गणन' निर्धारित करके Calculation के लिए हम 'परिगणन' पर्याय बना सकते हैं।

(१३) नियामक—

नियामक	Coordinates
नियामक वृत्त	Director circle

इस शब्द को इन दो अर्थों में लेना अनावश्यक है। परवलय की Directrix भी Director circle की ही एक विशिष्ट दशा होती है। सभा* की शब्दावली में Directrix का पर्याय 'नियता' दिया है। अतएव Director circle को हम 'नियती वृत्त' कह सकते हैं। इस प्रकार 'नियामक' केवल Coordinates के लिये रह जाता है।

(१४) कक्षा—इस शब्द के तीन अर्थ देखने में आये हैं।

Class of a curve	वक्र की कक्षा
Orbit	कक्षा
Different order	भिन्न कक्षा

अब मान लिया कि हमें निम्नलिखित वाक्य का अनुवाद करना है:—

The orbit of the planet is a curve of the second class.

तो इसमें दो स्थलों पर दो भिन्न अर्थों में 'कक्षा' का प्रयोग करना होगा। एक बात और भी है। प्राचीन काल से Classification को 'वर्गीकरण' कहते चले आये हैं। अतएव Class को वर्ग कहना ही उचित होगा। परन्तु वर्ग के भी दो अर्थ और हैं:—

Square (Geometrical figure)	वर्ग
Square (Second power)	वर्ग

इन दोनों अर्थों में तो परस्पर भ्रम की आशंका नहीं है परन्तु इन

*नागरी प्रचारिणी सभा, काशी।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अर्थों और तीसरे अर्थ 'Class' में भ्रम हो सकता है क्योंकि वर्गीकरण का अर्थ Squaring भी हो सकता है, Classification भी । इस कठिनाई को दूर करने के लिये यह अच्छा होगा कि Squaring को वर्गकरण कहा जाय, Classification को 'वर्गीकरण'।

Order के लिये एक और शब्द 'वर्ण' भी प्रचलित है जो सर्वथा उपयुक्त है। अतएव ऊपर लिखे शब्दों के पर्याय ये होंगे।

Class of a curve	वक्र का वर्ग
Classification	वर्गीकरण
Squaring	वर्गकरण
Orbit	कक्षा
Different order	भिन्न वर्ण

(१५) गुणक—इस शब्द के दो अर्थ है Multiplier और Coefficient परन्तु इन दोनों अर्थों में गड़बड़ की संभावना बहुत कम है। इसके अतिरिक्त यह दोनों अर्थ इतने रूढ़ हो गए हैं कि इन्हें बदलना दुस्तर है।

(१६) विनिमय—यह शब्द Barter और Exchange दोनों के अर्थ में आ रहा है। परन्तु Barter के लिए गणित की प्राचीन पुस्तकों में 'भाण्ड प्रति भाण्ड' दिया है । Barter शब्द बहुत कम स्थानों में प्रयुक्त होता है । यदि इसके लिये 'भाण्ड प्रति भाण्ड' का प्रयोग किया जाय तो Exchange के लिये 'विनिमय' निर्धारित हो जाता है।

(१७) पूर्ण—इसके चार अर्थ हैं :—

पूर्ण भाजक	Complete divisor
पूर्ण तल	Whole surface
पूर्ण डोलन	Total fluctuation
पूर्ण वर्ग	Perfect Sqaure

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इनमें से पहिले तीन अर्थों के कारण तो कोई भ्रम नहीं पड़ता। परन्तु यदि हम Perfect का पर्याय भी 'पूर्ण' ही चलने दें तो Total Differential और Perfect Differential दोनों का पर्याय एक ही बनेगा 'पूर्ण अवकल'। इसी प्रकार 'पूर्ण संख्या' का अर्थ Whole number भी हो सकेगा, Perfect Number भी। यह वांछनीय नहीं होगा। अतएव Perfect का पर्याय बदलना होगा। यदि इसका पर्याय 'सम्पूर्ण' निर्धारित किया जाय तो तत्सम्बन्धी शब्दों के ये पर्याय होंगे :—

Perfect fluid	सम्पूर्ण तरल
Perfect Differential	सम्पूर्ण अवकल
Total Differential	पूर्ण अवकल
Whole Number	पूर्ण संख्या, पूर्णाङ्क
Perfect Number	सम्पूर्ण संख्या
Totality	सर्वयोग
Complete Integral	पूर्ण अनुकल
Complete Quadrilateral	पूर्ण चतुर्भुज
Complete Primitive	पूर्ण पूर्वज

(१८) विशिष्ट—यह शब्द दो अर्थों में आ रहा है :—

विशिष्ट प्रतिज्ञा	Particular enunciation
विशिष्ट संख्या	Concrete Number

इस शब्दावली से Particular Concrete Number का अनुवाद हो ही नहीं सकेगा। अतएव यह उचित होगा कि हम पर्याय इस प्रकार निर्धारित करें :—

Concrete number	मूर्त संख्या
Abstract number	अमूर्त संख्या

Particular के लिये 'विशिष्ट' का ही प्रयोग किया जाय जो रूढ़ हो चुका है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(१९) परिणाम—यह शब्द Result और Conclusion दोनों के लिये प्रयुक्त हो रहा है। यदि कहीं इस वाक्य का अनुवाद करना हुआ

The result follows as a conclusion

तो हम कठिनाई में पड़ जायँगे।

परन्तु हमारे पास भी इस ढंग के कई शब्द हैं :—

फल, परिणाम, निष्कर्ष

जिन्हें हम इस प्रकार निर्धारित कर सकते हैं :—

Conclusion	निष्कर्ष
Consequence	परिणाम
Result	फल

इसी ढङ्ग की गड़बड़ 'अनुमान' शब्द के कारण पड़ी हुई है। तर्क-शास्त्र में यह शब्द Inference का पर्याय माना जाता है परन्तु कुछ लोग इसे Guess के अर्थ में प्रयुक्त करते हैं जो अनुचित है। Guess के लिये 'अटकल' का प्रयोग हो सकता है।

(२०) सम-इस शब्द के अनेक प्रयोग देखने में आए हैं। कुछ यहाँ दिए जाते हैं :—

१—सम	बराबर
समभुजीय	Equilateral
सम अतिपरवलय	Equilateral Hyperbola
समकौणिक	Equi-angular
समता	Equality
असमता	Inequality
२—सम	Regular (समभुजीय और समकौणिक)
सम बहुभुज	Regular Polygon
सम चतुष्फलक	Regular Tetrahedron
सम बहुफलक	Regular polyhedron

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

३—सम	चौरस
समतल	Plane, Plane surface
समतली	Coplanar
समतल भूमि	चौरस भूमि
विषमतल	Rough Surface
सम परिच्छेद	Plane Section
४—सम	Uniform (constant)
सम गतिवृद्धि	Uniform acceleration
सम निपीड	Uniform pressure
५—सम	Uniform (of uniform material)
सम छड़	Uniform Rod
सम रज्जुवक्र	Uniform Catenary
६—सम	Uniform (एकरूप)
सम संसृति	Uniform Convergence
समरूपता	Uniformity
७—सम	एक
समरैखिक	Collinear
समचक्रीय	Con-cyclic
समतलीय	Uni-planar
८—सम संख्या	Even number
विषम संख्या	Odd number
९—सम	Alike
सम समानान्तर बल	Like parallel forces
१०—समकोण	Right angle
सम शंकु	Right cone
सम स्तूप	Right Pyramid

पूर्ण आरक्षित

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्पष्ट है कि एक ही शब्द को इतने सारे अर्थों में चलाना उपयुक्त नहीं है। तथापि इनमें से कई उपयोग रूढ़ हो चुके हैं। जब तक अत्यन्त आवश्यकता न हो, उन्हें बदलना भी ठीक न होगा। प्रथम तो हम उपयोगों ४–६ पर विचार करते हैं। इन उपयोगों में Uniform तीन अर्थों में आया है। इसका पहिला अर्थ तो 'बराबर' या 'अचल' है। हिन्दी का एक शब्द 'समान' भी परम्परा से इसी अर्थ में आ रहा है। अतएव, यदि हम Uniform के इस अर्थ के लिए 'समान' को निर्धारित कर दें तो अनुचित न होगा। शब्द इस प्रकार के बनेंगे:—

Uniform acceleration	समान गतिवृद्धि, अचल गतिवृद्धि
Uniform motion	समान गति
Uniform pressure	समान निपीड

Uniform के शेष दोनों अर्थों के लिए यदि हम 'एकरूप' को निश्चित कर दें तो भ्रम की कोई सम्भावना न होगी। शब्दावली इस प्रकार की बनेगी:—

Uniform rod	एकरूप छड़
Uniform Catenary	एकरूप रज्जुवक्र
Uniform convergence	एकरूप संसृति
Uniformity	एकरूपता

मेरा विचार है कि प्रयोग १, २ और ८ को ज्यूँ का त्यूँ रहने दिया जाय। ये प्रयोग बहुत पुराने हो चुके हैं। शेष प्रयोगों में हम थोड़ा-थोड़ा परिवर्तन इस प्रकार कर सकते हैं:—

३—Plane, Plane Surface	समतल
Coplanar	समतली
Non-Coplanar	असमतली (र)
Plane Section	समतल काट, समतल परिच्छेद
Flat Surface	समतल भूमि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Smooth plane	चिकना समतल
Rough plane	रूक्ष समतल

इस प्रकार इस अर्थ में 'सम' के स्थान पर सदैव 'समतल' प्रयुक्त किया जायगा।

७—Collinear	संरैखिक
Non-Collinear	असंरैखिक
Con-Cyclic	संवृत्तीय
Non-Concyclic	असंवृत्तीय
Concurrent	संगामी
Non concurrent	असंगामी
Concentric	सकेन्द्र
Contact	संस्पर्श
Contract	संकोचन
Continue	संतन्
Uniplanar	एकतली
९—Alike	सजातीय
Like terms	सजातीय पद
Like surds	सजातीय करणियाँ
Like parallel forces	सजातीय समानान्तर बल
१०—Right angle	समकोण
Right cone	लाम्बिक शंकु
Right pyramid	लाम्बिक स्तूप

(२१) शून्य—यह शब्द दो अर्थों में प्रयुक्त हो रहा है, Zero और Vacuum के। कहीं-कहीं इस ढंग के वाक्य का अनुवाद करना पड़ता है :—

In vacuum the retardation will be Zero.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इसका अनुवाद

शून्य में गतिह्रास शून्य होगा

बहुत भद्दा लगता है। Zero की धारणा विद्यार्थियों को स्कूल की कक्षाओं के आरम्भ से ही हृदयंगम करनी पड़ती है। अतएव शून्य का यह अर्थ Vacuum से अधिक प्रचलित है। अत: शून्य को Zero के पर्याय के रूप में चलने दिया जाय। यदि Vacuum के लिये प्राचीन शब्द 'खं' निर्धारित कर दिया जाय तो यह कठिनाई दूर हो जाय।

(२२) शुद्ध—यह शब्द परम्परा से Pure और Correct दोनों अर्थों में प्रयुक्त होरहा है। अब इन दोनों अर्थों में विवेचन करना आवश्यक हो गया है। वैज्ञानिक विषयों में इस प्रकार के वाक्य नित्य प्रयोग में आते हैं :—

The correct percentage of impurity in the Solution is 10. 32.

इसका अनुवाद होगा :

विलेय में अशुद्धि की प्रतिशतता का शुद्ध मान १०. ३२ है।

यहाँ 'शुद्ध मान' के स्थान पर 'यथार्थ मान' भी कह सकते हैं। परन्तु यथार्थ भी कई अर्थों में प्रयुक्त हो रहा है। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित शब्द विचारणीय है :

Actual Value	वास्तविक मान	(ना० प्र० सभा)
Correct Value	यथार्थ मान	,,
Accurate Value	,, ,,	,,
True Value		
Exact Value	यथार्थ मान	(ना० प्र० सभा)
Precise Value		

'वास्तविक' तो हम Real के लिए निश्चित कर चुके हैं। और स्पष्ट है कि इन सारे शब्दों के लिए अकेले 'यथार्थ' से काम नहीं चलेगा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जीवित भाषा का यह एक लक्षण है कि उसके द्वारा अर्थों के सूक्ष्मान्तर भी व्यक्त हो सकें। किसी भी कोष के देखने से पता चल जायगा कि इन समस्त शब्दों के अर्थों में थोड़ा-थोड़ा अन्तर है। Actual को हम इस शब्दावली से अलग कर सकते हैं क्योंकि यह शब्द एक दूसरी ही विचारधारा का द्योतक है। और यदि 'शुद्ध' को Pure के लिए निश्चित कर दिया जाय तो हम अपनी शब्दावली इस प्रकार बना सकते हैं :—

Correct	साधु
Accurate	सुसाधु, परिशुद्ध (र)
True	सत्य
Exact	तथ्य, यथार्थ
Precise	सुतथ्य, यथार्थतम (र)

दूसरा उपाय यह हो सकता है कि Correet के लिए 'शुद्ध' को भी चलने दिया जाय और Pure के लिए 'निर्मल' अथवा कोई और शब्द ढूँढ़ निकाला जाय।

(२३) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायों में बड़ी आराजकता फैली हुई है: —

Common, General, Ordinary, Normal.

शब्द 'साधारण' General के लिए भी प्रयुक्त हो रहा है, Ordinary के लिए भी, Common के लिये भी। बहुधा वैज्ञानिकों को Generalisation के लिए 'साधारणीकरण' का प्रयोग करते देखा है। शब्द 'सामान्य' Ordinary के लिए भी प्रयुक्त होता है, Normal के लिए भी।* इन शब्दों के लिए एक-एक पर्याय निश्चित कर दिया जाय तो अच्छा है। मान लीजिए हम ये पर्याय निर्धारित करते हैं।

Common	सार्व	(ना० प्र० सभा)
General	व्यापक	,, ,,

* यहाँ Normal के ज्यामितीय अर्थ 'अभिलम्ब' से तात्पर्य नहीं है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Ordinary सामान्य ,, ,,
Normal प्रकृत

'Common' के कई अर्थ हैं। इसके दो अर्थों के लिए तो पर्याय निश्चित हैं :—

Common (to two) उभयनिष्ठ
Common (to all) सर्वनिष्ठ

इन अर्थों में तो यही पर्याय चलने दिए जायँ। अन्य स्थलों पर 'सार्व' का प्रयोग किया जाय। यहाँ उपरिलिखित दोनों पर्यायों और 'सार्व' के प्रयोग में विभेद करना आवश्यक दिखाई देता है। इस हेतु मैं यहाँ तीन वाक्य लेता हूँ :—

The side A B is common to the two triangles.

The side A B is common to all the triangles.

The three fractions have a common denominator.

पहिले वाक्य का अर्थ यह है कि एक भुजा A B दोनों त्रिभुजों में विद्यमान है। अर्थात् प्रत्येक त्रिभुज की तीन भुजाओं में से एक A B है। दूसरे वाक्य का भी अर्थ इसी ढङ्ग का है। परन्तु तीसरे वाक्य का अर्थ यह नहीं है कि तीनों भिन्नों का एक ही हर है वरन् यह कि हर तो अलग-अलग है परन्तु उनका मान एक ही है। अतएव इन वाक्यों का अनुवाद इस प्रकार होगा :—

भुजा क ख दोनों त्रिभुजों में उभयनिष्ठ है।

भुजा क ख समस्त त्रिभुजों में सर्व निष्ठ है।

तीनों भिन्नों में सार्व हर है।

इस प्रकार 'Common' के तीन पर्याय निश्चित हो गए। परन्तु कहीं-कहीं 'Common' का एक चौथा अर्थ होता है—'सर्व साधारण' से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मिलता जुलता। ऐसे स्थानों पर हम 'साधारण' का प्रयोग कर सकते हैं। मेरा तात्पर्य निम्नलिखित शब्दावली से स्पष्ट हो जायगा। यहाँ मैं उन शब्दों को छोड़े देता हूँ जहाँ 'उभयनिष्ठ' अथवा 'सर्वनिष्ठ' का उपयोग होना चाहिए।

Common denominator	सार्वहर
Common Difference	सार्व अन्तर
Common Divisor	सार्व भाजक
Common elemet	सार्व सत्र
Common factor	समापवर्त्तक (प्राचीन)
Common fraction (Vulgar fraction)	साधारण भिन्न
Proper fraction	सूक्ष्म भिन्न (लीलावती)
Common letter	सार्व वर्ण
Common Measure	सार्व भाजक
Common Multiple	समापवर्त्य (प्राचीन)
Common Ratio	सार्व निष्पत्ति, गुणोत्तर निष्पत्ति

अब मैं यहाँ कुछ शब्द ऐसे भी देता हूँ जिनमें Common के लिये 'साधारण' का प्रयोग होगा :—

Common balance	साधारण तुला
Common logarithm	साधारण लघुगणक
Common pump	साधारण पम्प
Common Screw	साधारण पेंच

शेष शब्दों की सूची :—

Ordinary Differential Equation	सामान्य अवकल समीकरण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Ordinary point	सामान्य बिन्दु
Normal Dispersion	प्रकृत विकिरण
Normal Distribution	प्रकृत वितरण
Normal form	प्रकृत रूप
Natural form	प्राकृतिक रूप
Normal System	प्रकृत संहति
Normal Transformation	प्रकृत रूपान्तर
Normal Value	प्रकृत मान
General Conic	व्यापक शांकव
General Definition	व्यापक व्याख्या
General Enunciation	साधारण प्रतिज्ञा (रूढ़)
General Expression	व्यापक व्यञ्जन
General Formula	व्यापक सूत्र
General Integral	व्यापक अनुकल
Generalisation	व्याप्ति
Generalised	व्याप्त
Generality	व्यापकता

(२४) स्थानान्तरण

इस शब्द के दो प्रयोग देखे गये हैं :—

स्थानान्तरण	Transference
स्थानान्तरण	Displacement

इसके अतिरिक्त हमें Translation के लिये भी कोई शब्द निर्धारित करना होगा। और इसके लिये 'स्थानान्तरण' बहुत उपयुक्त दिखाई देता है। मेरा प्रस्ताव है कि हम इन शब्दों के पर्याय इस प्रकार निश्चित करें :—

Displacement	विस्थापन (र)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Handing over	हस्तान्तरण
Transference	अन्तरण
Translation	स्थानान्तरण
Translational Velocity	स्थानान्तरण वेग
Translatory motion	स्थानान्तरण गति

(२५) मूल—यह शब्द Root और Fundamental दोनों के लिए प्रयुक्त हो रहा है। परन्तु कहीं-कहीं इस ढङ्ग का वाक्यांश

The fundamental roots of the equation

भी प्रयोग में आता है। यहाँ यदि हम इसका इस प्रकार

समीकरण के मौलिक मूल

अनुवाद करें तो एक अन्य कठिनाई यह आन पड़ती है कि 'मौलिक' Original के लिए प्रयुक्त होता है। इन दोनों अर्थों को पृथक रखना पड़ेगा। इस सम्बन्ध में मेरे प्रस्ताव ये हैं :—

Fundamental formula	मूल सूत्र
Fundamental law	मूल नियम
Fundamental operation	मूल क्रिया
Fundamental Root	आधार मूल
Original Root	मौलिक मूल
Original value	मौलिक मान
Radical Axis	मूलाक्ष
Radical centre	मूल केन्द्र
Radical difference	मौलिक अन्तर
Radical sign	करणी चिन्ह

(२६) सिद्धांत—यह शब्द Principle और Theory दोनों के लिए प्रयोगों में आ रहा है। जब हम कहते हैं 'आर्किमेडीज का सिद्धांत' तो हमारा तात्पर्य एक विशिष्ट नियम से होता है। परन्तु जब हम कहते हैं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

'समीकरण सिद्धान्त' तो उसका अर्थ होता है 'एक सिद्धान्त समूह का दिग्दर्शन।' यदि हम Principle के लिये 'नियम' को निश्चित कर दें और सिद्धान्त का प्रयोग केवल Theory के लिये करें तो सभ्रम की सम्भावना नहीं रहेगी।

(२७) विषम—इस शब्द के कई प्रयोग देखे गये हैं:—

विषम	Irregular
विषम भिन्न	Improper fraction
विषम संख्या	Odd number
विषम समानान्तर बल	Unlike parallel forces
विषम	Unequal
विषम गतिवृद्धि	Variable acceleration
विषम संसृति	Non-uniform convergence

अवश्य ही एक शब्द का प्रयोग इतने सारे अर्थों में नहीं होना चाहिये। यदि यह समस्त प्रयोग प्रचलित रहें तो 'विषम फलिन' का क्या अर्थ होगा Odd function अथवा Irregular function ? इसके अतिरिक्त Unlike parallel forces और Unequal parallel forces के अनुवाद में कोई अन्तर नहीं होगा।

इन प्रयोगों में से तीसरा प्रयोग सब से अधिक रूढ़ प्रतीत होता है। शेष प्रयोगों में हम इस प्रकार परिवर्तन कर सकते हैं:—

Regular function	नियमित फलिन
Irregular function	अनियमित फलिन
Proper fraction	सूक्ष्म भिन्न (लीलावती)
Improper fraction	स्थूल भिन्न (लीलावता)
Like parallel forces	सजातीय समानान्तर बल
Unlike parallel forces	विजातीय समानान्तर बल

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Equal angles	समान कोण
Unequal angles	असमान कोण
Constant acceleration	अचल गतिवृद्धि
Variable acceleration	चल गतिवृद्धि
Uniform convergence	एकरूप संसृति
Non-uniform convergence	अनेकरूप संसृति

(२८) सर्वथासम—यह शब्द दो अर्थों में प्रयुक्त हो रहा है Identical और Identically Equal. परन्तु इन दोनों अर्थों में वास्तविक अन्तर है जब हम कहते हैं

Point A is identical with point B

तो इसका अर्थ यह होता है कि बिन्दु A और B एक ही हैं। परन्तु जब हम कहते हैं

Triangles ABC, DEF are identically equal

तो इसका अर्थ यह नहीं होता कि दोनों त्रिभुज एक ही हैं वरन् यह कि एक त्रिभुज के समस्त अंग क्रमानुसार दूसरे त्रिभुज के अंगों के बराबर हैं। यदि हम इन दोनों अर्थों के लिए एक ही शब्द का प्रयोग करते रहेंगे तो संभ्रम की बहुत सम्भावना रहेगी। अतएव यदि इन अर्थों में इस प्रकार विवेचन कर लिया जाय तो अच्छा है :—

Identical	एकात्मक, अनन्य, एक ही, अभिन्न
Identically equal	सर्वाङ्गसम, सर्वथासम

(२९) कल्पित—ना० प्र० सभा की शब्दावली में यह शब्द Imaginary के अर्थ में दिया हुआ है जो सर्वथा अनुचित है। 'कल्पित' का अर्थ है "कल्पित किया हुआ" अर्थात् Supposed, imagined, assumed. और imaginary का अर्थ इससे सर्वथा भिन्न है। यदि यह शब्द 'imaginary' के अर्थ में प्रयुक्त होता रहा तो किसी स्थल

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पर यह पता चलाना कठिन हो जायगा कि 'कल्पित राशि' से तात्पर्य assumed quantity का है अथवा imaginary quantity का। इसके अतिरिक्त हम

Our assumed imaginary quantity

का अनुवाद कर ही न पायेंगे। अतएव यह आवश्यक है कि 'कल्पित' को Supposed का ही पर्याय माना जाय और imaginary के लिये 'काल्पनिक' का प्रयोग किया जाय जैसा कुछ लेखक करने लगे हैं।

(३०) आकार—यह शब्द चार अर्थों में प्रयुक्त होते देखा गया है:—

Size, Shape, Form, Figure.

स्पष्ट है कि इन चारों अर्थों में ता एक शब्द चल ही नहीं सकता। यदि हमें कहना हो

The size and shape of the figure

तो हिन्दी में किस प्रकार कहेंगे? इसके अतिरिक्त इस प्रकार के वाक्य

The bodies resemble in shape but not in size.

का अनुवाद करना भी दुस्तर हो जायगा। यह आवश्यक है कि ऊपर लिखे चारों शब्दों के लिये यथासाध्य पृथक पृथक शब्द निश्चित कर दिये जायँ। हम अपनी शब्दावली इस प्रकार की बना सकते हैं:—

Size	आकार
Shape	रूप
Form	रूप
Figure	आकृति

Shape और form के लिये एक ही पर्याय रखने में कोई हानि दिखाई नहीं देती।

(३१) उदाहरण—यह शब्द इन तीनों शब्दों के लिए प्रयोग में आ रहा है:—

Illustration, Example, Instance.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पिछले दोनों शब्दों क' अर्थ तो प्रायः एक ही है। परन्तु पहिले और दूसरे में थोड़ा सा अन्तर है। इसके अतिरिक्त कहीं-कहीं पर हमें

Illustrative Example

का भी अनुवाद करना होगा। अतएव, इन दोनों शब्दों में विवेचन करना आवश्यक है। मेरा तत्सम्बन्धी प्रस्ताव यह है :—

Example	उदाहरण
Illustration	दृष्टान्त
Illustrative Example	दार्ष्टान्तिक उदाहरण, द्योतक उदाहरण

(३२) अनियमित—ना० प्र० सभा की शब्दावली में यह शब्द इन दोनों अर्थों में दिया है :

Incommensurable, Random.

इन दोनों शब्दों के अर्थों में आकाश, पाताल का अन्तर है। यदि हम कहें कि

मान लो कि य कोई अनियमित राशि है

तो इसका क्या अर्थ निकलेगा ?

Let x be any incommensurable quantity अथवा Let x be any quantity, taken at random ?

इस सम्बन्ध में कुछ शब्द और भी विचार करने योग्य हैं :—

करणी	Surd
करणीगत	Irrational
अकरणीगत	Rational

इन शब्दों पर एक आपत्ति तो यह है कि Rational जैसे भावात्मक शब्द के लिये अभावात्मक शब्द 'अकरणीगत' क्यों रक्खा जाय। दूसरी बात यह है कि 'अकरणीगत' का अर्थ है 'जो करणी न हो।' परन्तु केवल

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Rational संख्यायें ही तो ऐसी नहीं हैं जो करणीगत न हों। Transcendental संख्यायें भी 'करणी' नहीं कहलाई जा सकतीं, परन्तु यह Rational नहीं होतीं। यह तो Irrational से भी परे हैं। अतएव 'करणीगत' और 'अकरणीगत' उपयुक्त प्रतीत नहीं होते। इस सम्बन्ध में डा० रघुवीर के शब्द विचारणीय हैं जो यहाँ दिये जाते हैं:—

Rational	सुमेय
Irrational	दुर्मेय
Commensurable	संमेय
Incommensurable	असंमेय

'अनियमित तो हम [२७] में Irregular के लिये नियत कर चुके हैं। 'Surd' के लिये प्राचीन शब्द 'करणी' को बदलने का कोई कारण दिखाई नहीं देता। Random के लिये 'स्वेच्छ' का प्रयोग हो सकता है।

(३३) अनन्त—यह शब्द Infinite और Infinity दोनों के लिये प्रयुक्त हो रहा है। यदि इन प्रयोगों को चलने दिया जाय तो

अनन्त रेखा

का अर्थ 'Infinite Line' भी हो सकता है, तथा Line at Infinity' भी। इस प्रकार के सभ्रम को मिटाने के लिये 'Infinity' के लिये कोई पृथक शब्द रखना ही होगा। मेरी समझ में इसके लिये 'अनन्ती' शब्द अनुपयुक्त न होगा। हमारी तत्सम्बन्धी शब्दावली का यह रूप होगा:—

Infinite Integral	अनन्त अनुकल
Infinite Limit	अनन्त सीमा
Infinite Product	अनन्त गुणनफल
Infinite Quantity	अनन्त राशि
Infinite Sequence	अनन्त अनुक्रम
Infinite Series	अनन्त श्रेणी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Infinitude	अनन्तता
Infinity	अनन्ती
Circular Points at Infinity	अनन्ती वर्तुल विन्दु
Line at Infinity	अनन्ती रेखा
Plane at Infinity	अनन्ती समतल
Point at Infinity	अनन्ती विन्दु
Sum to Infinity	अनन्ती तक योग
Tangent at Infinity	अनन्ती स्पर्शी

(३४) यन्त्र-यह शब्द इन चार शब्दों के लिये प्रयुक्त हो रहा है:— Instrument, Apparatus, Machine, Machinery.

मान लीजिये कि हमें इन दोनों वाक्यों का अनुवाद करना है :—
Six instruments are required for the apparatus.
The machinery consists of five machines.

तो इनमें से प्रत्येक वाक्य में दो भिन्न अर्थों में दो स्थानों पर 'यन्त्र' का प्रयोग होगा। अतएव ऊपर लिखे चारों शब्दों के लिये पृथक्-पृथक् पर्याय निर्धारित करने ही होंगे। एक प्रस्ताव यह है :—

Instrument	उपकरण
Apparatus	साधित्र = (साधक + यन्त्र) (र)
Machine	यन्त्र
Machinery	(यन्त्र समूह) संयन्त्र (र)

(३५) अन्तर—इस शब्द का प्रचलित अर्थ तो Difference है ही, परन्तु नागरी प्रचारिणी सभा की शब्दावली में Interval का पर्याय भी यही शब्द दिया है। यह सर्वथा अनुचित है। इस प्रकार तो हम
The difference between the intervals
का अनुवाद कर ही न पायेंगे। इसके अतिरिक्त Interval of space

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और Interval of time में भी भेद करना होगा। हम अपनी शब्दावली इस प्रकार बना सकते हैं :—

Interval (of time)	अन्तर्धि
Interval (of space)	अन्तराल
Sub-interval (of time)	उपान्तर्धि
Sub-interval (of space)	उपान्तराल
Class interval	वर्गान्तराल
Closed interval	बन्द अन्तराल
Interval of convergence	संसृति अन्तराल
Open interval	खुला अन्तराल
Overlapping interval	प्रारोहक अन्तराल

(३६) सीमित— ना० प्र० सभा की वैज्ञानिक शब्दावली के पृष्ठ ७० पर निम्नलिखित शब्द दिए हैं :—

Definite Integral	सीमित अनुकल
Indefinite Integral	असीमित अनुकल
Corrected Integral	सीमित अनुकल
Uncorrected Integral	असीमित अनुकल

यदि इस शब्दावली को चलने दिया जाय तो किसी स्थान पर यह पता चलाना कठिन होगा कि 'सीमित अनुकल' दोनों में से किस अर्थ में आया है। और इन दोनों अर्थों में वास्तविक अन्तर है। दूसरी बात यह है कि उसी शब्दावली में अन्य स्थलों पर ये पर्याय भी दिए हैं :—

Definite	निश्चित
Indefinite	अनिश्चित

'Definite Integral' में 'Definite' का वही अर्थ है जिसका द्योतक 'निश्चित' है। इसी प्रकार 'Indefinite Integral में 'Indefinite' का अर्थ 'अनिश्चित' के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। इसके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विपरीत 'असीमित' का अर्थ है Unlimited अर्थात् Infinite. अतएव इस शब्दावली में परिवर्तन करना ही होगा। हम इस शब्दावली का संशोधन इस प्रकार कर सकते हैं :—

Definite Integral	निश्चित अनुकल
Indefinite Integral	अनिश्चित अनुकल
Corrected Integral	शोधित अनुकल*
Uncorrected Integral	अशोधित अनुकल

(३७) अचल—यह शब्द Constant और Invariant दोनों के अर्थ में प्रयुक्त हो रहा है। ऐसी अवस्था में इस प्रकार के वाक्य का अनुवाद करना कठिन हो जायगा :—

The invariant involves three constants.

इसके अतिरिक्त 'समीकरण का अचल' का क्या अर्थ निकलेगा

Constant of the Equation

अथवा Invariant of the equation ?

हम इस ढंग के शब्दों के पर्याय इस प्रकार निश्चित कर सकते हैं :—

Constant (N. and Adj.)	अचल
Constant Quantity	अचल राशि
Invariant	निश्चल
Covariant	सहचल (र)
Contravariant	प्रतिचल

(३८) उत्क्रम, व्युत्क्रम—ये दोनों शब्द Inverse और Reciprocal दोनों के अर्थों में आ रहे हैं। Reciprocal का अधिक प्रचलित अर्थ तो वह है जो इस वाक्य से स्पष्ट है :—

The reciprocal of 3 is $\frac{1}{3}$.

* उसी शब्दावली के पृष्ठ ६२ पर यह पर्याय दिया भी है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यह अर्थ 'Reciprocal Root' और 'Reciprocal ratio' में निहित है। परन्तु कभी कभी Reciprocal का अर्थ होता है 'एक विशेष क्रिया द्वारा निकाला हुआ फल' जैसे 'Reciprocation' और 'Reciprocity Theorem' में। यदि इन दोनों अर्थों के लिए एक ही शब्द 'व्युत्क्रम' से काम लें तो भ्रम की सम्भावना अधिक नहीं है। परन्तु Inverse का भी कभी कभी वही अर्थ होता है जो Reciprocal का पहिला अर्थ है, जैसे 'Inversely proportional' में। ऐसे स्थलों पर Inverse के लिए भी 'व्युत्क्रम' का ही प्रयोग करना होगा। Inverse का दूसरा अर्थ भी एक विशेष क्रिया का परिणाम है; परन्तु यह 'विशेष क्रिया' Reciprocation की विशेष क्रिया से सर्वथा भिन्न है। असएव हमें अपने पर्याय इस प्रकार निश्चित करने होंगे कि इन क्रियाओं में परस्पर भ्रम की सम्भावना न रह जाय। मेरा विचार है कि इस ढंग की शब्दावली से हमारा काम चल सकता है :—

Inverse	उत्क्रम
Inverse function	उत्क्रम फलिन
Inverse curve	उत्क्रम वक्र
Inversely proportional	व्युत्क्रमानुपाती
Inversely varies	व्युत्क्रमतः विचरता है
Inverse notation	उत्क्रम संकेतलिपि
Inverse point	उत्क्रम बिन्दु
Inverse probability	उत्क्रम सम्भाव्यता
Inverse process	उत्क्रम विधा
Inverse proportion	व्युत्क्रमानुपात
Inverse ratio	व्युत्क्रम निष्पत्ति
Inverse variation	व्युत्क्रम विचरण
Inversion	उत्क्रमण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Inversion of order	क्रम का उत्क्रमण
Reciprocal	व्युत्क्रम
Reciprocal curve	व्युत्क्रम वक्र
Reciprocal determinant	व्युत्क्रम सारणिक
Reciprocal Equation	व्युत्क्रम समीकरण
Reciprocal Function	व्युत्क्रम फलिन
Reciprocally Proportional	व्युत्क्रमानुपाती
Reciprocal operation	व्युत्क्रम क्रिया
Polar Reciprocal	कोणीय व्युत्क्रम
Reciprocal ratio	व्युत्क्रम निष्पत्ति
Reciprocal Root	व्युत्क्रम मूल
Reciprocant	व्यतिहारक
Reciprocation	व्युत्क्रमण
Reciprocity	व्युत्क्रमता

(३९) गतिविज्ञान—ना० प्र० सभा की शब्दावली में यह शब्द Dynamics और Kinematics दोनों के लिए प्रयुक्त हुआ है। अवश्य ही यह युक्तिसंगत नहीं है क्योंकि Kinematics तो Dynamics की एक शाखा है। मेरे तत्सम्बन्धी प्रस्ताव ये हैं :—

Dynamics	गतिविज्ञान
Kinematics	गतिगणित
Kinetics	गतिशास्त्र
Kinetic energy	गति शक्ति

(४०) मध्यमान—सभा की शब्दावली में यह शब्द Mean का पर्याय है। यदि इस शब्द को स्वीकार कर लिया जाय तो Mean और Mean Value में कोई अन्तर नहीं रह जायगा। हम Mean Value Theorem को 'मध्यमान प्रमेय' कहेंगे। और यदि कहीं Theorem

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

of the Mean का पर्याय बनाने की आवश्यकता पड़ गई तो उसे भी 'मध्यमान प्रमेय' ही कहना पड़ेगा। अतएव, मेरे विचार में इस संभ्रम को मिटाने के लिए Mean के लिए डा० रघुवीर के पर्याय 'मध्यक' को स्वीकार कर लेना चाहिए।

(४१) रूपान्तर—यह शब्द Modification और Transformation दोनों अर्थों में प्रयुक्त हो रहा है। ऐसी दशा में इस वाक्य का अनुवाद करना कठिन होगा :—

This transformation is only a modification of the previous one.

अतएव इस शब्दावली में कुछ परिवर्तन करना अनिवार्य है। एक प्रस्ताव यह है :—

Modification	रूपभेद, संशोधन
Modified	संशोधित
Transform	परिवर्त
Transformation	रूपान्तर, परिवर्तन
Affine transformation	परिमिती रूपान्तर
Conformal transformation	समगुणी रूपान्तर
Congruent transformation	एकात्मक रूपान्तर
Conjunctive transformation	संयुति रूपान्तर
Contact transformation	संस्पर्श रूपान्तर
Isothermal transformation	समतापी रूपान्तर
Linear transformation	एकघात रूपान्तर
Normal transformation	प्रकृत रूपान्तर
Transformation of axes	अक्ष परिवर्तन
Orthogonal transformation	समकोणीय रूपान्तर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Projective transformation विक्षेपी रूपान्तर

(४२) Quantity के लिये तीन पर्याय प्रयुक्त हो रहे हैं :

मात्रा, राशि, परिमाण ।

मैं बहुत दिन से इस बात पर विचार कर रहा हूँ कि क्या यह संभव है कि इस शब्द के लिये एक ही पर्याय निश्चित हो जाय । परन्तु यह व्यावहारिक दिखाई नहीं देता । मान लीजिये हमें इस वाक्य का अनुवाद करना है :

There are two unknown quantities in the equation.

तो हमें कहना होगा :

समीकरण में दो अज्ञात राशियाँ हैं ।

यहाँ हम 'राशियों' के स्थान पर 'मात्रायें' नहीं कह सकते । परन्तु यदि इस वाक्य का अनुवाद करना हो :

We are manufacturing the medicine in large quantities,

तो कहना होगा :

हम औषधि का निर्माण बड़ी मात्रा में कर रहे हैं ।

इस वाक्य में हम 'मात्रा' के स्थान पर 'राशि' नहीं कह सकते । अतएव स्पष्ट है कि quantity के लिये यथास्थान 'मात्रा' और 'राशि' दोनों का प्रयोग करना ही पड़ेगा ।

एक बात और ध्यान देने योग्य है: Mass का पर्याय भी 'मात्रा' ही है । साधारणतया तो इससे कोई कठिनाई नहीं पड़ेगी । परन्तु मान लीजिये कि हमें निम्नलिखित व्याख्या का अनुवाद करना है :

Mass is the quantity of matter contained in a body.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्पष्ट है कि इस स्थान पर हम quantity के लिये 'राशि' नहीं कह सकते। 'मात्रा' कहना अधिक उपयुक्त होगा। परन्तु यदि हम 'मात्रा' कहते हैं तो एक ही वाक्य में इस शब्द का प्रयोग दो भिन्न भिन्न अर्थों—Mass और quantity—में हुआ जाता है। इस कठिनाई को दूर करने के लिये हमें उपरिलिखित वाक्य का अनुवाद इस प्रकार करना होगा :

किसी काय में जितना द्रव्य होता है, उसके परिमाण को मात्रा कहते हैं।

अतः स्पष्ट है कि quantity के लिये कहीं कहीं पर 'परिमाण' का प्रयोग भी करना ही होगा।

Dynamical Mass का एक अन्य पर्याय है 'जाड्य'। इसके बदलने की कोई आवश्यकता प्रतीत नहीं होती।

कभी कभी ऐसा वाक्यांश भी आन पड़ता है जिसमें Mass के लिये 'मात्रा' अथवा 'जाड्य'—दोनों में से किसी से भी काम नहीं चलता, जैसे :

A Mass of ten lbs.

इस वाक्यांश में Mass का अर्थ वास्तव में Body ही है। अतएव इसका अनुवाद होगा :

दस पौण्ड का एक काय।

(४३) घनफल—यह शब्द Volume और Cube (third power) दोनों के लिए प्रयुक्त हो रहा है। यदि यह प्रयोग चलने दिए जायँ तो वाक्य

The cube of the Volume of the solid is 125.

का अनुवाद होगा :—

ठोस के घनफल का घनफल १२५ है।

इस गड़बड़ को बचाने के लिए हम इसी बात को इस प्रकार भी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

व्यक्त कर सकते हैं :—

ठोस के घनफल का घन १२५ है

अथवा : ठोस के घनफल का तृतीय घात १२५ है।

परन्तु हमारे पास एक अन्य शब्द 'आयतन' विद्यमान है। अतएव हम Volume के लिए इसको निर्धारित कर सकते हैं। इस प्रकार घन-फल' Cube (third power) के लिए निश्चित हो जाता है।

Volume से मिलता जुलता एक शब्द है Bulk जिसके कई अर्थ हैं :—

(१) Bulk = Volume
Elasticity of bulk आयतन लोच

(२) Bulk = Magnitude, quantity
Bulk for bulk समान परिमाणों में, समान मात्राओं में

(३) Bulk = A greater part
The Bulk of population जनसंख्या का अधिकांश

(४) Bulk = Large size
Just look at its bulk तनिक उसका आकार तो देखो।
A bulky body भीमकाय शरीर

(४४) सीमा—इस शब्द के दो प्रयोग हैं : Limit और Range। इन दोनों अर्थों में विवेचन करना होगा अन्यथा—

Limit of the Range

का अनुवाद किस प्रकार होगा ?

'Range' के भी कई अर्थ हैं। अतएव इस शब्द के लिए एक ही पर्याय से काम नहीं चलेगा। मेरा तात्पर्य इस शब्दावली से स्पष्ट हो जायगा :—

Range of points	बिन्दु माला
Range of Circles	वृत्त माला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Range of Conics	शांकव माला
Harmonic Range	हरात्मक बिन्दुमाला
Homographic Range	एकैकीसंगत बिन्दुमाला
Range of Involution	समुत्क्रमण बिन्दुमाला
Range of projectile	प्रक्षेप्य की मार
Maximum Range	महत्तम मार
Range of stability	स्थायित्व का गोचर
Range of values	मानों का गोचर

इस प्रकार 'सीमा' Limit के लिये ही रह जाता है।

(४५) रेखावली—यह शब्द Pencil of Lines के लिये प्रयुक्त हो रहा है। 'अवली' का अर्थ है 'समूह'। यही अर्थ अंग्रेज़ी के 'System' से व्यक्त होता है। अतएव 'रेखावली' का अर्थ हुआ 'System of Lines'. और 'Pencil of Lines' एक प्रकार का रेखा समूह ही होता है। अतएव यह पर्याय अनुपयुक्त नहीं है।

System के भी कई अर्थ हैं। यह अर्थ निम्नलिखित शब्दावली से स्पष्ट हो जायँगे :—

System	व्यवस्था, पद्धति, संहति,
Systematic	व्यवस्थित, पद्धतिशील
Cartesian system	कार्तीय पद्धति
Decimal system	दशांशिक पद्धति
Metric system	मीटरी पद्धति
Adjoint system	सलग्न पद्धति
Conjugate system	अनुबद्ध संहति
Coplanar system	समतली संहति
Equivalent system	तुल्य संहति
Identical system	एकात्मक संहति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Normal system	प्रकृत संहति
System of bodies	काय संहति
System of cireles	वृत्त संहति
System of forces	बल संहति
System of involution	समुत्क्रमण संहति
System of Lines	रेखा संहति
System of Particles	कण संहति
System of pulleys	घिरनी संहति
Nuel system	मोघ संहति
Pencil of Lines	रेखावली
Pencil of circles	वृत्तावली
Pencil of conics	शांकवावली
Pencil of curves	वक्रावली
Pencil of planes	समतावली

(४६) मूलबिन्दु—यह शब्द Origin और Pole (of Polar coordinates) दोनों के लिए प्रयुक्त हो रहा है। इसमें भ्रम की संभावना तो बहुत नहीं है, परन्तु हम लोग Initial Line को 'आदि रेखा' कहते हैं। अतएव, यदि Pole को 'आदि बिन्दु' कहा जाय तो अनुपयुक्त न होगा। इस प्रकार Origin और Pole के लिए दो पृथक् शब्द निर्धारित हो जायँगे। Pole के भी कई अर्थ हैं जो निम्नलिखित शब्दों से प्रकट हो जायँगे :—

Pole (Measure)	पोल
Pole (Astronomy)	ध्रुव
Pole and Polar	ध्रुव और ध्रुवी
Pole (of a Function)	ध्रुव बिन्दु
Pole (of Polar coordinates)	आदि बिन्दु

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस सम्बन्ध में कुछ और भी शब्द ध्यान देने योग्य हैं :—

Polar Axis	ध्रुवी अक्ष
Polar coordinates	कोणीय नियामक
Polar Distance	कोणीय दूरी
Polar Equation	कोणीय समीकरण
Polarity	ध्रुवीयता
Polar pencil	ध्रुवी रेखावली
Polar plane	ध्रुवी समतल
Polar Row	ध्रुवी माला
Tangential Polar	स्पर्श ध्रुवी
Polar Tetrahedron	ध्रुवी चतुष्फलक
Polar Triangle	ध्रुव त्रिभुज

(४७) विस्तार—यह शब्द इन अर्थों में प्रयुक्त हो रहा है :—

Size, Dimension, Expansion, Extension, Production

हमें बहुत बार ऐसे वाक्यों का प्रयोग करना होगा जिनमें उपरिलिखित एक से अधिक शब्दों का प्रयोग करना पड़े जैसे :—

A size of proper dimensions.

We can extend the result to points outside the line by producing it

अतएव, यदि उपरिलिखित शब्दों के लिए पृथक पृथक शब्द निर्धारित हो जायँ तो अच्छा होगा। पाठक इन शब्दों पर विचार करें :—

Dimension (of an equation	घात
Dimension (of space)	विस्तार

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Three-dimensional space	त्रिविस्तारी अवकाश
Expand	प्रसरण
Expanded	प्रसृत
Expansible	प्रसार्य
Expansion	प्रसार
Extend	वितन (र)
Extended	वितत
Extension	वितान
Extent	वितति
Produce	बढ़ाना, वर्धन
Produced	वर्धित
Size	आकार

(४८) आकाश—यह शब्द Space और Sky दोनों के लिए प्रयुक्त हो रहा है। इस प्रकार हम निम्नलिखित वाक्य का अनुवाद कर ही न पायेंगे :—

Does space extend beyond the sky ?

इसके अतिरिक्त इस वाक्य 'आकाश गोल है' का क्या अर्थ निकलेगा :—

The sky is round ?

अथवा Space is round ?

स्पष्ट है कि इन दोनों शब्दों के लिए पृथक पर्याय निर्धारित करने पड़ेंगे। एक प्रस्ताव इस प्रकार है :—

Sky	आकाश
Space	अवकाश, अन्तरिक्ष
Absolute space	परम अवकाश
Space charge	अवकाश निक्षेप

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Space centrode	अवकाश केन्द्रपथ
Space current	अवकाश धारा
Space curve	अवकाश वक्र
Cyclic space	चक्रीय अवकाश
Dimension of space	अवकाश का विस्तार
Hyper-space	परावकाश
Space like	अवकाश सदृश
Space locus	अवकाश निधि
Space-time curve	अवकाश-काल वक्र
Space traversed	उत्तरित अवकाश

(४९) कुटिल—यह शब्द तीन अर्थों में प्रयुक्त हो रहा है :

Non-coplanar, Skew, Tortuous.

प्रगट रूप से प्रथम दोनों अर्थों में कोई भेद नहीं दिखाई देता। परन्तु इनमें वास्तविक अन्तर है। जब हम कहते हैं

A B and C D are two Skew lines

तो इस वाक्य में तो Skew के स्थान पर Non-coplanar भी कह सकते हैं। इससे वाक्य के अर्थ में कोई अन्तर नहीं पड़ेगा। परन्तु अब तनिक इस वाक्य पर विचार कीजिए :—

Let O A, O B, O C, O D be four concurrent, non coplanar straight lines.

इसका अर्थ यह है कि चारों रेखायें एक ही समतल पर स्थित नहीं हैं। परन्तु इनमें से कोई सी भी दो रेखायें समतली होँगी क्यों कि वे संगामी (Concurrent) हैं। अतएव, प्रत्यक्ष है कि इस वाक्य में हम Non coplanar के स्थान पर Skew नहीं कह सकते। अतः इन दोनों शब्दों के लिए भिन्न भिन्न पर्याय निर्धारित करने ही होँगे।

शब्द Tortuous तो एक दूसरी ही विचार-धारा का द्योतक है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अतएव इसके लिए भी एक शब्द निश्चित हो जाय तो अच्छा है। मेरे तत्सम्बन्धी प्रस्ताव ये हैं :—

Non-coplanar	असमतली (र)
Skew	विषमतली
Tortuous	कुटिल
Tortuosity	कुटिलता

(५०) गोल–साधारण बोलचाल में इस शब्द के दो अर्थ हैं। जब हम कहते हैं 'कमरा गोल है' तो उसका अर्थ होता है 'कमरा वर्तुल है।' परन्तु जब हम कहते हैं कि 'दुनिया गोल है' तो उसका अर्थ 'वर्तुल' नहीं, 'गोलाकार' होता है। यह शब्दावली भ्रामक है। अंग्रेज़ी शब्द Round में भी यही दुविधा है। Round path का अर्थ है 'वर्तुल मार्ग' परन्तु Round Body का अर्थ है 'गोलाकार काय'।

एक बात और भी है। कुछ लोग 'गोल' का Sphere के अर्थ में संज्ञा रूप में भी प्रयोग करते हैं। संस्कृत में यह प्रयोग ठीक हो सकता है परन्तु हिन्दी में तो इस शब्द का प्रयोग विशेषण रूप में ही बहु प्रचलित है। इस शब्द का संज्ञा रूप 'गोला' हैं। उसी को चलने दिया जाय।

मैं तत्सम्बन्धी कुछ शब्द यहाँ देता हूँ :—

Sphere	गोला
Spherical	गोलीय (of, or pertaining to, a sphere) (र)
Spherical	गोलाकार (having the shape of a sphere)
Spherical Angle	गोलीय कोण
Spherical Body	गोलाकार काय
Spherical coordinates	गोलीय नियामक
Spherical Distance	गोलीय दूरी
Spherical Excess	गोलीय आधिक्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Spherical Pendulum	गोलीय दोलक
Spherical Roulette	गोलीय लुण्ठज
Spherical Sector	गोलीय शकल (र)
Spherical Segment	गोलीय खण्ड
Spherical Shell	गोलाकार कवच
Spherical Trigonometry	गोलीय त्रिकोणमिति
Spherical Zone	गोलीय कटिबन्ध
Round Dance	मण्डल नाच
Goes Round	की परिक्रमा करता है
Round Robin	मण्डल पत्र

अन्त में मैं कुछ शब्द अपने दृष्टि बिन्दु के सम्बन्ध में कहना चाहता हूँ। मेरा विचार है कि किसी भी पारिभाषिक विषय की शब्दावली एक दो दिन या एक दो वर्ष में नहीं बना करती, वरन् उसका क्रमिक विकास हुआ करता है। अंग्रेज़ी की वैज्ञानिक शब्दावली जिस रूप में आज हमें दिखाई देती है, दो चार वर्ष नहीं वरन् दशाब्दियों के विकास का फल है। मैं दो एक उदाहरण देकर अपना तात्पर्य स्पष्ट करता हूँ।

अंग्रेज़ी का एक शब्द Trapezium लीजिए। एक समय इसका अर्थ था 'एक ऐसा चतुर्भुज जिसकी कोई भी दो भुजायें समानान्तर न हों।' आज भी अमरीका के कुछ भागों में इसका यही अर्थ लिया जाता है। परन्तु सारे बृटिश साम्राज्य में और भारतवर्ष में इसका प्रचलित अर्थ है 'एक ऐसा चतुर्भुज जिसकी दो भुजायें समानान्तर हों'। राजनीति के क्षेत्र में शब्द Colony पर विचार कीजिए। आज से ५० वर्ष पहले इसका अर्थ था 'वह प्रदेश जहाँ अंग्रेज़ जाकर बस जायँ, अर्थात् जिसे हम हिन्दी में 'नई बस्ती' कहते हैं। परन्तु आज यह शब्द एक विशिष्ट प्रकार की शासन प्रणाली का द्योतक हो गया है। जिन प्रदेशों को आज हम Dominion अथवा Colony के नामों से सम्बोधित करते

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हैं उन सबके लिए किसी समय अकेला शब्द Colony प्रयुक्त होता था। परन्तु आज इन दोनों शब्दों के अर्थों में वास्तविक अन्तर पड़ गया है।

इसी प्रकार समस्त भाषाओं में और समस्त विषयों में शब्दों के अर्थों में हेर फेर होता रहता है। दीर्घ काल में ही इन अर्थों में सूक्ष्म भेद निश्चित हो पाते हैं। आज हमारी वैज्ञानिक शब्दावली अपने शैशव काल में है। कोई नहीं कह सकता कि प्रौढ़ावस्था प्राप्त करने में उसे कितना समय लगेगा। मैं यह कहने के लिए तैयार नहीं हूँ कि 'गणितीय शब्दावली के विषय में मुझे जितना विचार करना था, कर चुका; अब मेरे विचारों में कोई अन्तर नहीं पड़ सकता।'' मैं यह बात सिद्धान्तों के विषय में नहीं कह रहा, वरन् विशिष्ट पर्यायों के विषय में कह रहा हूँ। मुझे शब्दावली पर कार्य करते हुए चार पाँच वर्ष होगये हैं। कुछ पर्यायों के विषय में मेरे विचार प्रतिवर्ष बदल जाते हैं। जहाँ कहीं मुझे कोई पर्याय पिछले पर्याय से अधिक सुन्दर, सरल और उपयुक्त दिखाई देता है–यदि पिछला पर्याय बहु प्रचलित न हुआ तो–मैं उसे तुरन्त अपना लेता हूँ। यदि पिछला पर्याय बहु प्रचलित हुआ तो उस पर अधिक सोच विचार कर निर्णय करना पड़ता है।

मैं दो एक उदाहरण यहाँ देता हूँ। जब मैंने प्रयाग की 'भारतीय हिन्दी परिषद' के लिए गणितीय शब्दावली तैयार की थी तो निम्नलिखित पर्याय निश्चित किए थे:–

Invariant	निश्चिल
Covariant	समच्चल
Contravariant	प्रतिच्चल

डा० रघुवीर ने अपनी शब्दावली में इनमें से पहिले और तीसरे शब्दों के लिए तो यही पर्याय दिए हैं परन्तु दूसरे शब्द के लिए 'सहचल' निर्धारित किया है। मुझे यह शब्द 'समच्चल' से अधिक उपयुक्त दिखाई पड़ा। मैंने इसे तुरन्त स्वीकार कर लिया। अतएव इस लेख माला में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मैंने यही शब्द 'सहचल' Covariant के लिए दिया है।

Pyramid के लिए प्राचीन शब्द था 'सूची स्तम्भ'। मुझे यह शब्द लम्बा और अनुपयुक्त दिखाई देता था। अतएव मेरा विचार था कि Pyramid के लिए अरबी शब्द 'हरम' अपना लिया जाय जो सरल और सुन्दर है। परन्तु पीछे से प्राचीन ग्रन्थों में ही एक अन्य शब्द 'स्तूप' दिखाई पड़ा जो मेरी समझ में उन दोनों शब्दों से अधिक उपयुक्त है। अतएव अब मेरा विचार है कि Pyramid के लिए यही शब्द निश्चित किया जाय। इस प्रकार के विचार परिवर्तन सदैव नहीं रह सकते। यह तो संक्रमण काल की ही विशेषता है। इस परिवर्तन युग में एक ही शब्द के लिए भिन्न-भिन्न लेखक भिन्न भिन्न पर्यायों का प्रयोग करेँगे। वैज्ञानिक जनता उनमें से चुन चुन कर उन्हीं शब्दों का प्रचलन करेगी जो अधिक उपयुक्त होंगे। अन्त में ऐसे ही शब्द रह जायेंगे। शेष पर्याय मृतप्राय हो जायेंगे। जब ऐसा समय आ जायगा, तत्पश्चात् पर्यायों में और कोई हेर-फेर करने का प्रश्न ही नहीं रहेगा।

अतः इस लेखमाला में दिए गए सारे शब्द प्रस्ताव मात्र हैं। मेरा यह दावा नहीं है कि यही पर्याय सर्वोत्तम हैं अर्थात् इनसे अच्छे पर्याय बन ही नहीं सकते। मैं तो इन्हें केवल प्रस्ताव रूप में गणितीय जनता के सम्मुख रखता हूँ। पाठक गण अपनी पुस्तकों और लेखों में अन्य पर्याय अवश्य ही देंगे। मेरे और अन्य लेखकों के ऐसे समस्त पर्यायों में से जो अधिक उपयुक्त होँगे वही अधिक चालू होँगे और 'खरा सिक्का' कहलायेँगे। शेष सारे पर्याय 'खोटे सिक्के' की भाँति छोड़ दिये जायेँगे। यदि ऊपर दिए हुए पर्यायों में से दो चार भी ऐसे निकले जिन्हें गणितीय जगत ने अपना लिया तो मैं अपने परिश्रम को सफल समझूँगा।

—:o:—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(८) गणितीय संकेत

पारिभाषिक शब्दों के साथ साथ हमें पारिभाषिक संकेतों पर भी विचार करना होगा। कुछ लोगों का मत है कि हमें समस्त वैज्ञानिक संकेत ज्यों के त्यों अंग्रेजी से ले लेने चाहिंये। इस प्रकार भिन्न भिन्न देशों के वैज्ञानिकों में विचार विनिमय सरलता से हो सकेगा। यदि प्रत्येक देश के संकेत अलग अलग रहेंगे तो आस्ट्रेलिया के वैज्ञानिक को रूसी गवेषणा-पत्रों के पढ़ने में कठिनाई होगी। इसका परिणाम एक दिन यह निकलेगा कि भिन्न भिन्न देश वैज्ञानिक समतल पर एक दूसरे से दूर हटते चले जायेंगे, और इस प्रकार कभी भी कोई अन्ताराष्ट्रीय वैज्ञानिक संकेतलिपि बन ही न पायेगी।

इस तर्क के समर्थक ऐसे प्रस्ताव को व्यावहारिक रूप देने में जो कठिनाइयां पड़ेंगी, उन पर ध्यान नहीं देते। यदि हमने अंग्रेज़ी के समस्त संकेतों को अपना लिया तो हमारे मुद्रणालयों को नागरी लिपि के अतिरिक्त ग्रीक लिपि के भी सारे वर्ण रखने पड़ेंगे। यूँ ही हिन्दी की छपाई में पर्याप्त कठिनाइयाँ हैं, एक कठिनाई और बढ़ जायगी। हिन्दी का मुद्रण इस समय भी महँगा है; इस प्रकार और महँगा हो जायगा। इस समय हिन्दी की छपाई के लिये चार केस चाहिये; तब कदाचित छः केसों की आवश्यकता पड़ेगी। दूसरे शब्दों में हिन्दी की छपाई सरलतर होने के बदले कठिनतर हो जायगी।

एक बात और भी है। इस प्रकार के तर्क सुनने से ऐसा प्रतीत होता है कि देश में केवल वे ही युवक अध्ययन करते हैं जिन्हें अन्त में गवेषणा करनी होती है। हमें केवल गवेषकों का ही हित ध्यान में नहीं रखना है जिनकी संख्या किसी भी देश में १% भी न होगी। हमें अधिक समय और शक्ति तो साधारण विद्यार्थियों की शिक्षा पर लगानी है जिनकी संख्या ९९% से भी अधिक होगी। जो विद्यार्थी स्कूलों में शिक्षा पाते हैं, उनमें से बहुत से हाईस्कूल के पश्चात् अध्ययन छोड़

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

देते हैं। जो विद्यार्थी कालिजों में शिक्षा ग्रहण करते हैं, उन में से भी बहुत से बी० ए० के पश्चात् शिक्षा छोड़ देते हैं। जो विद्यार्थी एम० ए० पास करते हैं, उनमें से भी थोड़े ही ऐसे निकलते हैं जो गवेषणा कार्य में अपना जीवन लगाते हैं। इस अत्यल्प संख्या के कारण सारे देश पर एक विदेशी, दुर्बोध संकेत लिपि लाद देना कहां की बुद्धिमानी होगी ?

आज एक विद्यार्थी पढ़ता है कि H_2O का अर्थ है पानी क्योंकि H=Hydrogen और O=Oxygen; और पानी में दो भाग हाइड्रोजन के रहते हैं, १ भाग ऑक्सीजन के। परन्तु, आज से ५० वर्ष पश्चात् का, स्कूल का एक हिन्दुस्तानी छात्र कदाचित अंग्रेज़ी वर्णमाला से सर्वथा अनभिज्ञ होगा। वह 'H' और 'O' का क्या अर्थ लगायेगा ? आज वह जानता है कि 'H' अंग्रेज़ी वर्णमाला का एक वर्ण है जिसकी ध्वनि 'ह्' की सी होती है। उस दिन का विद्यार्थी केवल इतना समझेगा कि 'H' एक विशेष प्रकार का चिह्न है जिसमें दो लकीरें खड़ी रहती हैं और उनके बीच में एक पड़ी। न वह H और हाइड्रोजन का सम्बन्ध समझेगा, न H_2O और पानी का। वह केवल बिना समझे रट लिया करेगा कि H_2O एक चिह्न विशेष है पानी के लिये। दूसरे शब्दों में, यह चिह्न उसके मस्तिष्क पर एक अनावश्यक मृत भार हो जायगा।

इस के विरुद्ध, यदि हम हाइड्रोजन को 'उदजन' और ऑक्सीजन को 'ओषजन' कहें तो पानी के लिये वैज्ञानिक संकेत होगा

$$\text{उ}_2\text{ ओ}$$ ।

इस संकेत को पढ़ते ही विद्यार्थी समझ लेगा कि उ का अर्थ है 'उदजन' और 'ओ' का अर्थ है 'ओषजन'। ऐसी स्थिति में यह संकेत विद्यार्थी के मस्तिष्क में एक जीवित पदार्थ की भाँति अंकित रहेगा।

एक बात अवश्य है। कुछ वैज्ञानिक संकेत ऐसे हैं जिनका सम्बन्ध किसी भाषा से या तो कभी था ही नहीं, या पहिले था तो अब रहा नहीं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ऐसे संकेत ज्यों के त्यों अपनाये जा सकते हैं। चार सरल अंक गणितीय क्रियाओं के संकेत

$$+ \quad - \quad \times \quad \div$$

जैसे अंग्रेज़ी में हैं वैसे ही हिन्दी में। यद्यपि ये चिन्ह भी प्राचीन भारत में सर्वथा ऐसे ही नहीं थे। जो आज ऋण चिन्ह (--) कहलाता है, किसी समय यही धन चिन्ह था। ऋणात्मक संख्याओं को निरूपित करने के लिये संख्या के ऊपर एक बिन्दी लगाई जाती थी जैसी आज कल 'आवर्त दशमलव' का निरूपण करने के लिये लगाई जाती है।* परन्तु इस बात को अस्वीकार नहीं किया जा सकता कि ऊपर दिये हुये चारों चिन्ह आज देश भर में सर्वमान्य हो गये हैं। इसी प्रकार समीकरण चिन्ह '=' जैसा अंग्रेज़ी में है, वैसा ही हिन्दी में। भिन्न के निरूपण के लिये 'बटे का चिन्ह' भी अंग्रेज़ी और हिन्दी में एक सा ही है। मूल चिन्ह $\sqrt{\ }$ में भी कोई अन्तर नहीं है। और भी बहुत से चिन्ह ऐसे है जो अंग्रेज़ी और हिन्दी में एक से रहते हैं :

$$\because \quad \therefore \quad \equiv \quad \parallel \quad > \quad < \quad \sim \quad \angle \quad \perp \quad \triangle \quad \square \quad \odot$$

$$(\ ) \quad \{ \ \} \quad [\ ] \quad \rightarrow$$

अतएव, मेरा प्रस्ताव है कि अंग्रेज़ी के जिन गणितीय चिन्हों का किसी भाषा से सम्बन्ध नहीं है, ज्यों के त्यों अपना लिये जायँ, जैसे

$\int$ अनुकलन चिन्ह† $|\quad|$ सारणिक (डिटर्मिनैण्ट) चिन्ह

---

*उदाहरणार्थ देखो—विभूति भूषण दत्त: दी बङ्गाली मैथिमैटिक्स-बुलेटिन कलकत्ता मैथिमैटिकल सोसायटी २१ (१९२९) १–६०।

†इसमें सन्देह नहीं कि यह चिह्न अंग्रेजी के 'S' का ही रूपान्तर मात्र है, परन्तु सम्प्रति यह जिस प्रकार लिखा जाता है, उसका S से कोई प्रत्यक्ष सम्बन्ध नहीं रह गया है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

L क्रमगुणन चिन्ह || || मैट्रिक्स का चिन्ह

∞ अनन्ती चिन्ह

∝ अनुपातीयता चिन्ह

| | मापांक (मौड्लस) चिन्ह (अ)

शेष सारे चिन्हों का यथा साध्य अनुवाद करना चाहिये। मैं अपने तत्सम्बन्धी प्रस्ताव यहाँ देता हूँ।

अंग्रेज़ी में एक रूढ़ि सी बन गई है कि बिन्दुओं के निरूपण के लिये बड़े अक्षर प्रयुक्त होते हैं और गुणकों और लम्बाइयों के लिये छोटे अक्षर। नागरी लिपि में बड़े और छोटे अक्षर तो होते नहीं, परन्तु एक एक अक्षर पर सोलह सोलह मात्रायें लगाई जा सकती हैं। अंग्रेज़ी की वर्णमाला में केवल २६ वर्ण हैं, ग्रीक वर्णमाला में २४। अतः दोनों लिपियों की वर्ण मालाओं में मिलाकर ५० अक्षर होते हैं। इसकी तुलना में नागरी लिपि में ५२ अक्षर होते हैं। और प्रत्येक अक्षर पर सोलह मात्रायें लगाई जा सकती हैं। अतएव, हमारे पास तो अक्षरों की बहुलता है। समस्त मात्राओं की तो कदाचित आवश्यकता ही न पड़ेगी। मेरा विचार है कि सम्प्रति हम प्रथम ६ मात्रायें चुन लें। इनमें से तीनों दीर्घ मात्राओं को बिन्दुओं के निरूपण के लिये नियुक्त करदें, तीनों ह्रस्व मात्राओं को गुणकों और लम्बाइयों के लिये :—

A, B, C,.......का, खा, गा,...की, खी, गी,...कू, खू, गू,..

a, b, c,.......क, ख, ग,...कि, खि, गि,...कु, खु, गु,...

P, Q, R,.......पा, फा, बा,...पी, फी, बी,...पू, फू, बू,...

p, q, r,.......प, फ, ब,...पि, फि, बि,...पु, फु, बु,...

हिन्दू गणित में परम्परा से अज्ञात राशियों x, y, z—के लिये य, र, ल, का प्रयोग होता चला आया है। इस रूढ़ि को बदलने की कोई आवश्यकता दिखाई नहीं देती। अतएव तत्सम्बन्धी राशियों के लिये हमारे संकेत इस प्रकार के होंगे :—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

x, y, z	य, र, ल
x_1, x_2, x_3,	य$_{१}$, य$_{२}$, य$_{३}$
x', y', z'	य′, र′, ल′
$\bar{x}, \bar{y}, \bar{z}$	य̄, र̄, ल̄
$\dot{x}, y, \dot{z}$	यं, रं, लं

अब मैं यहाँ कुछ अन्य चिन्हों की सूची देता हूँ :—

$\alpha, \beta, \gamma, \ldots\ldots$	ज्ञात कोण	अ, आ, इ, ई,.....
$\theta, \phi, \psi, \ldots\ldots$	अज्ञात ,,	क्ष, त्र, ज्ञ

O (Origin)	मू (मूल बिन्दु)
e (eccentricity)	उ (उत्केन्द्रता)
e (Coefficient of restitution)	प्र (प्रत्यानयन गुणक)
e (exponential)	घ (घातांकीय)
E (,,)	घा
$i\ (\sqrt{-1})$	ए $(= \sqrt{-१})$
$\pi \left(= \frac{\text{Circumference}}{\text{Diameter}}\right)$	प्या $\left(= \frac{\text{परिधि}}{\text{व्यास}}\right)$*
r (radius vector)	त्र (सदिश त्रिज्या)
ρ (radius of curvature)	त्रि (वक्रता त्रिज्या)
n (any number)	मं (कोई संख्या)
r (running term)	ध (धावी पद)*
Σ (sigma=sum)	योग
$\sum_{r=0}^{r=n}$	योग (ध=सं ऊपर, ध=० नीचे)

*डा० रघुवीर का संकेत ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Lt (Limit)		सी (सीमा)
Lt		सी
$n \rightarrow \infty$		सं→∞
Determinant	$\triangle$	सा (सारणिक)
	$\triangle_0$	सा$_0$
	$\triangle_1$	सा$_१$
	$\triangle'$	सा$'$
Discriminant	$\triangle$	वि (विवेचक)
S (sum)		यो (योग)
P (product)		फ (गुणनफल)
Q (Quotient)		भा (भागफल)
R (Remainder)		शे (शेष)
n		सं
P		क्र
r		ध
n		सं
C		च
r		ध
Sin (sine)		ज्या
Cos (cosine)		कोज्या (कोटिज्या)
Tan (tangent)		स्पज्या (स्पर्शज्या)
Cot (cotangent)		कोस्प (कोटिस्पर्शज्या)
Sec (secant)		व्युको (व्युत्कोज्या)
Cosec (cosecant)		व्यु (व्युज्या)
Vers (versed sine)		उज्ज्या (उत्क्रमज्या)
Covers (coversed sine)		उको (उत्क्रम क्रोटिज्या)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

$\text{Sin}^{-1} x$	ज्या$^{-१}$ य
Sinh (Hyperbolic sine)	अज्या (अतिपरवलीय ज्या)
Cosh (Hyperbolic cosine)	अकोज्या(अतिपरवलीय कोटिज्या)
t (Time)	स (समय)
s (Distance)	द
v (Velocity)	वे
u (initial velocity)	व (आदि वेग)
f (acceleration)	ग (गतिवृद्धि)
$v = u + ft$	वे = व + ग स
$s = ut + \frac{1}{2}ft^2$	द = व स + $\frac{१}{२}$ ग स^{२}
$v^2 = u^2 + 2fs$	वे^{२} = व^{२} + २ ग द
m (Gradient)	त (प्रवणता)
$y = mx + c$	र = त य + द
$\frac{x}{a} + \frac{y}{b} = 1$	$\frac{\text{य}}{\text{क}} + \frac{\text{र}}{\text{ख}}$ = १
$\frac{\text{Sin } A}{a} = \frac{\text{Sin } B}{b} = \frac{\text{Sin } C}{c}$	$\frac{\text{ज्या का}}{\text{क}} = \frac{\text{ज्या खा}}{\text{ख}} = \frac{\text{ज्या गा}}{\text{ग}}$
$ax + by + c = 0$	क य + ख र + ग = ०
$xX + yY = 1$	य या + र रा = १
h, k	ट, ठ
p (perpendicular)	ल (लम्ब)
$x \cos\alpha + y \sin\alpha = p$	य को ज्या अ + र ज्या अ = ल
$lx + my + n = 0$	ट य + ठ र + ड = ०

$ax^2 + 2hxy + by^2 + 2gx + 2fy + c = 0$

क य^{२} + २ज यर + ख र^{२} + २छ य + २ च र + ग = ०

f (x) (function)	फ (य) (फलिन)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

F (x)	फा (य)
u (x)	फि (य)
v (x)	फु (य)
w (x)	फे (य)
f′ (x)	फ′ (य)
f˙	फं
$f^{-१}$ (x)	$फ^{-१}$ (य)
d x	च्च य
∂ x	चा य
δ x	चि य
D_x	$ची_य$
$\frac{dy}{dx}$	$\frac{च र}{च य}$
$\frac{\partial y}{\partial x}$	$\frac{चा र}{चा य}$
$\frac{\delta y}{\delta x}$	$\frac{चिर}{चिय}$
$D_x y$	$ची_य{}^र$
$Y_n = \frac{d^n y}{dx^n}$	$रा_{सं} = \frac{च^{सं}र}{चय^{सं}}$
$\int_b f(x)dx$	$\int_{ख} फ (य)चय$
$\int_a f(x)dx$	$\int_{क} फ (य)चय$

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

